an>

12.38 hrs.

Title : Combined discussion on the Budget (General) for 2009-2010 and Demands for Excess Grants No. 16 and 22 in respect of Budget (General) for 2006-2007 (Discussion not concluded).

MADAM SPEAKER: Now, we will take up further discussion on Budget--General and further discussion and voting on Demands for Excess Grants-General.

Shri Madan Lal Sharmaâ€"Not present.

...(*Interruptions*)

MADAM SPEAKER: Shri Nishikant Dubey to speak. Please come in front and speak.

...(*Interruptions*)

श्री निशिकांत दुबे (गोड्डा): अध्यक्ष महोदया, मैं इस जनरल बजट का विरोध करने के लिए खड़ा हुआ हूं।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया: मुकेश कुमार जी ने बोल लिया है। अब बजट पर डिस्कशन शुरु हो गया है ।

श्री निशिकांत दुबे : अध्यक्ष महोदया, पहले मैं अपनी पार्टी को धन्यवाद दे रहा हूं कि उन्होंने मुझे जनरल बजट पर बोलने के लिए कहा। मैं पहली बार इस पार्लियामेंट में आया हूं। जब इस बजट को सुनने के लिए मैं यहां आया तो मुझे लगा कि यह कहीं न कहीं सच का आइना होता है, लेकिन इस बजट को सुनने के बाद...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया: आपने बोल लिया है, मुकेश कुमार जी बोल चुके हैं।

श्री निशिकांत दुबे : इस बजट को सुनने के बाद मुझे यह एहसास हुआ कि जो वित्त मंत्री जी द्वारा बनाया हुआ बजट है,...(व्यवधान)

MADAM SPEAKER : The House stands adjourned to meet again at 2 p.m.

12.42 hrs.

The Lok Sabha then adjourned

till Fourteen of the Clock.

14.01 hrs.

Lok Sabha reassembled at one minute past Fourteen of the clock

(Mr. Deputy-Speaker in the Chair)

GENERAL BUDGET, 2009-2010 -- GENERAL DISCUSSION

AND

DEMANDS FOR EXCESS GRANTS (GENERAL), 2006-2007- Contd.

उपाध्यक्ष महोदयः अब वर्ष 2009-10 के बजट (सामान्य) पर आगे चर्चा प्रारम्भ होती है। श्री निशिकान्त दुबे।

श्री निशिकांत दुबे (गोड्डा) : उपाध्यक्ष महोदय, सबसे पहले मैं अपनी पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री लाल कृष्ण आडवाणी जी और माननीया सुषमा स्वराज जी का शुक्रगुजार हूं, जिन्होंने मेरे जैसे पहली बार बने सांसद को बजट के ऊपर बोलने का अवसर प्रदान किया। इसके लिए मैं पार्टी के प्रति भी आभार व्यक्त करना चाहता हूं।

महोदय, मैं बाहर से जब लोक सभा को देखता था, तो मुझे हमेशा अहसास होता था कि कम से कम यह लोक सभा सत्य का आइना है और यहां जो कुछ भी कहा जाता है, वह भगवान की तरह पूजनीय है, गीता और बाइबिल की तरह पूजनीय है और यहां कोई भी असत्य नहीं बोलता है। जब माननीय वित्त मंत्री जी ने बजट भाषण प्रारम्भ किया, तो उन्होंने कहा, मैं कोट कर रहा हूं-

He says that :

"â€¦ a single Budget Speech cannot solve all our problems, nor is the Union Budget the only instrument to do soâ€¦"

जब उन्होंने यह कहा, तो मुझे लगा कि पहली बार कोई वित्त मंत्री, जिनकी राजनीतिक उम्र उतनी है, जितनी कि मेरी वास्तविक उम्र है, वह सत्य बोल रहे हैं। एक विद्यार्थी होने के नाते और अर्थशास्त्र के बारे में थोड़ी जानकारी होने के नाते, जब मैंने पूरे बजट को खंगाला, तो लगा कि इससे बड़ा असत्य का पुलन्दा, इससे बड़ा असत्य का आइना, इससे बड़ा देश को गुमराह करने वाला कोई और बजट नहीं हो सकता है।

मुझ से पहले, श्री मनीष तिवारी, श्री संदीप दीक्षित और श्री के.एस. राव बोल रहे थे। उन्होंने अपने भाषणों में 1 लाख 86 हजार करोड़ रुपए के फिस्कल डैफीसिट के बारे में बार-बार जिक्र किया कि वह स्टीमुलस है, वह बूस्टर है और वह उप्रेरणा का काम कर रहा है। जो इकनौमिक स्लो-डाउन था, जो मैल्ट-डाउन था, उसमें 1 लाख 86 हजार करोड़ रुपए डालकर, सरकार ने कहीं न कहीं इकनौमी को बचाने का काम किया है। यदि आप उस डिफरेंस को देखेंगे, तो वह 3.5 परसेंट है। 2.75 परसेंट से यह 6.2 परसेंट जी.डी.पी. का ग्रोथ वर्ष 2008-09 में हुआ है और यह जो 3.5 का जो डिफरेंस है, उसे वित्त मंत्री जी कहते हैं कि हमने टैक्स रिलीफ, डिमांड को बढ़ाने और एक्सपैंडीचर इन्क्रीज और पब्लिक प्रोजैक्ट्स को बढ़ाने के लिए दिया है। इसमें एक-तिहाई बात सत्य है और दो-तिहाई असत्य है। यदि आप उस पूरी बैलेंस-शीट और प्रोजैक्ट को देखेंगे, तो आप पाएंगे कि 1 लाख 86 हाजर करोड़ रुपए में 1 लाख 30 हजार करोड़ रुपए, जो दो-तिहाई है, वह कंसिस्ट करता है इन्कम टैक्स कलैक्शन को और इस प्रकार देखें, तो 20 हजार करोड़ रुपए इन्कम टैक्स कलैक्शन कम हुआ है। उसमें उन्होंने इस पैसे को दिया है। उसमें उन्होंने उस पैसे को दिया है। क्या उनको पता नहीं था कि इकोमिक स्लो डाउन हो रहा है? दूसरे, सिक्स्थ पे कमीशन पर उन्होंने 40 हजार करोड़ रुपया दिया है। जब पिछली बार चिदम्बरम साहब इस सदन में बजट पेश कर रहे थे तो सिक्स्थ पे कमीशन की बात उन्होंने कही थी। क्या उनको उस वक्त पता नहीं था कि सिक्स्थ पे कमीशन में पैसा जाना है। 40 हजार करोड़ रुपया उन्होंने सिक्स्थ पे कमीशन के लिए दिया है। इस देश में कितना फर्टिलाइजर लगेगा, क्या यह वित्त मंत्री जी को पता नहीं है? बजट बनते हैं कि कितना खेत है, कितनी खेती होती है, कितना फर्टिलाइजर चाहिए, यह उनको पता नहीं है? उसमें 45 हजार करोड़ रुपया केवल फर्टिलाइजर सब्सिडी है। फूड सब्सिडी 11 हजार करोड़ रुपये है और डैट वेवर, जो कांग्रेस सरकार का एक बहुत बड़ा तंत्र रहा है कि हमने किसानों का कर्ज माफ कर दिया और इसके लिए पिछली बार चिदम्बरम साहब ने अपनी बजट स्पीच में कहा था कि हम किसानों का कर्ज माफ करेंगे और उस वक्त भी यह क्वश्चन उठा था कि आप पैसा कहां से लाएंगे। उस पैसे की व्यवस्था आप कहां से कर रहे हैं। उसमें से यह 15 हजार करोड़ रुपया उन्होंने किसानों के डैट वेवर के लिए दिया है और जो एक्स्ट्रा इंटरैस्ट है, वह दो हजार करोड़ रुपया है। इस पूरे बजट को यदि आप देखेंगे तो टोटल आंकड़ा 1.30 लाख करोड़ रुपये का है। 1.30 लाख करोड़ रुपया आप केवल अनर्गल बातों में डाल रहे हैं। उन चीजों में डाल रहे हैं, जिनके बारे में आपको पता था। उन चीजों के लिए आपने अपने बजट में प्रोवीजन नहीं रखा और आप उस 1.86 लाख करोड़ रुपये की बात कह रहे हैं कि हमने स्टिमुलस दिया है, बजट स्टिमुलस दिया है, बूस्टर दिया है, उप्रेरणा का काम किया है। इससे बड़ा असत्य इस देश में और क्या बोला जा सकता है।

जहां तक दूसरा सवाल है, उन्होंने अपनी पीठ थपथपाई, सत्ता पक्ष की तरफ से मेजें थपथपाई गईं और कहा गया कि 193 करोड़ रुपये से यह बजट अब 10 लाख करोड़ रुपये को क्रास कर रहा है। दस लाख करोड़ रुपये से जो क्रास कर रहा है, उसमें वर्ष 2008-2009 में जो उनका बजट प्रपोजल था, उसमें 1.20 लाख करोड़ रुपये का उन्होंने इजाफा किया है। यदि उसके भी आंकड़े को उनके बजट में देखेंगे तो उस 1.20 लाख करोड़ रुपये में उन्होंने क्या किया है। 44 हजोर करोड़ रुपया उन्होंने फिर से सिक्स्थ पे कमीशन के लिए दिया है, 33 हजार करोड़ रुपया एक्स्ट्रा इंटरैस्ट के लिए दिया है और 10 हजार करोड़ रुपये नॉन प्लान ग्रांट के लिए दिया है। यदि इसको आप देखेंगे और फर्टिलाइजर सब्सिडी 29 हजार करोड़ रुपये को आप देखेंगे, इस पूरे के पूरे बजट को देखेंगे तो केवल नरेगा की जो योजना है, जिसमें उन्होंने 42 हजार करोड़ रुपया देने की बात की है। उपाध्यक्ष महोदय, आप भी झारखंड के है, मैं चुनाव लड़ने गया था तो लोग कहते थे कि जो करेगा, वह मरेगा। केवल इस 42 हजार करोड़ के अलावा कोई भी स्टिमुलस नहीं है, कोई भी प्रेरणा नहीं है और इसके आगे की वित्त मंत्री साहब की बानगी आप देखिये, उन्होने जो सैलीब्रेट किया है, उन्होंने कहा है कि नॉन टैक्स रेवेन्यू 46 हजार करोड़ रुपये बढ़ने वाला है। उसका फैक्ट यह है कि यह जो थ्री-जी लाइसेंस की नीलामी करने वाले हैं, उसमें से 35 हजार करोड़ रुपया आने वाला है, यह वित्त मंत्री जी ने अपने बजट में नहीं कहा है। इससे बड़ा धोखा और क्या हो सकता है। इसके आगे हमेशा कांग्रेस सरकार यह ब्लेम लगाती रही कि हम जो भी रिफार्म्स नहीं कर रहे हैं, वह हमारे लैफ्ट के सदस्यों के कारण नहीं कर रहे हैं।

जब मैं विद्यार्थी था तो यह कहा जाता था कि आप इकोनोमिक सर्वे पढ़ेंगे तो वह बताएगा कि देश की दिशा क्या है और दशा क्या है। यदि इकोनोमिक सर्वे को आप पढ़ेंगे तो वे कह रहे हैं कि हम इकोनोमी में संशोधन करेंगे, हम जितने भी रिफार्म्स हैं...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : कृपया अपनी बात समाप्त करें।

श्री निशिकांत दुबे : उनको लागू करेंगे। यदि आप देखेंगे तो इकोनोमिक सर्वे जो कह रहा है, वह क्या है और इन्होंने क्या किया, इसमें न उन्होंने बैंकिंग रेगुलेशन की बात की है, न उन्होंने इन्वेस्टमेंट ऑफ एफ.डी.आई. इन इंश्योरेंस की बात की है या उन्होंने रिटेल में जो एफ.डी.आई. लाने की बात कही थी, उसकी बात नहीं कर रहे हैं, न डिफेंस इंडस्ट्री की बात कर रहे हैं। यदि आप देखेंगे तो आज कौन से लैफ्ट वाले आपको रोकने की कोशिश कर रहे हैं और इकोनोमिक सर्वे कुछ कह रहा है, आप कुछ कह रहे हैं, इसका मतलब यह है कि आपका मन साफ नहीं है। आप इस देश को गुमराह करना चाहते हैं।

इसके अलावा उन्होंने इकोनोमिक सर्वे में शेयर मार्केट की बात कही है। उस दिन जब वित्त मंत्री जी बजट पेश कर रहे थे तो शेयर मार्केट का क्या हाल हुआ, यह मैं आपको बताता हूं। उस दिन एक हजार प्वाइंट शेयर मार्केट डाउन हुआ था। आप देखिए, जब उन्होंने वीकर सैक्शन के लिए बात कही, तो शेयर मार्केट 137 प्वाइंट डाउन हो गया, जब उन्होंने सोशल सैक्टर एक्सपोजीशन की बात कही, तो 245 प्वाइंट डाउन हुआ, जब उन्होंने टैक्स रिफार्म की बात की, तो 340 प्वाइंट डाउन हो गया और जब उन्होंने मैट एनाउंस किया तो 400 प्वाइंट डाउन हो गया।

महोदय, मैं कुछ बातें कहना चाहता हूं, जो बड़ी सेंशेनल हैं। इन्होंने 81(बी) की बात कही है। 81(बी) में जब एनईएलबी, इन्वेस्टमेंट आ रहा था, मेरे पास इस संबंध में पत्र हैं, मिनिस्ट्री आफ पेट्रोलियम बार-बार कह रही थी कि इसमें फारेन इन्वेस्टर्स नहीं आ रहे हैं। पूर्व वित्त मंत्री, चिदंबरम जी ने कहा था कि जो एनईएलबी आ रहा है, उसमें 3.5 बिलियन से लेकर 8 बिलियन तक का इन्वेस्टमेंट आएगा। बाहर के जो लोग आएंगे, वे 8 बिलयन तक का इन्वेस्टमेंट हमारे देश में करेंगे। उस समय उन्होंने 81 (बी) में कोई संशोधन नहीं किया। जब आपने आज एवार्ड कर दिया, एवार्ड करने के बाद जब कंपनियां काम करने के लिए जा रही हैं, तो आपने 81(बी) में गैस को डाला है, मिनरल आयल को डाला है। आपका इंटेंशन क्या है? उसमें ट्रांसपेरेंसी नहीं दिखती है। यह आपको बताना चाहिए।

पिछली बार बजट में चिदंबरम साहब ने 81(बी) में रिफाइनरी को एक्सक्लूड कर दिया था और कहा था कि जो भी 49 पर्सेंट से ऊपर की रिफाइनरीज हैं, जो बन रही है, उनमें हम टैक्स रिबेट बाहर कर रहे हैं, जिसमें केवल एक कंपनी बाहर हो रही थी। मैं उस कंपनी का नाम नहीं लेना चाहता। इस बजट में सुधार करके आपने फिर से उस रिफाइनरी को डाला है। मैं इन दोनों के संबंध में पूछना चाहता हूं कि एक तरफ आप गैस को देते हैं, लेकिन कोल-बेड मीथेन, जो कि देश के लिए इतनी इंपोर्टेंट है, उसको आप एक्सक्लूड करते हैं। 81(बी) में जब आपके वित्त मंत्री जी पिछली बार, एक कंपनी को एक्सक्लूड करने के लिए एक डेड लाइन सेट करते हैं, तो आज ऐसी क्या बात हो गयी कि आप पार्लियामेंट में दोबारा उसकी घोषणा करते हैं? छः महीने में आपके कानून बदल जाते हैं। इसमें बहुत बड़ा घोटाला-घपला है। इस संबंध में मैं वित्त मंत्री जी से मांग करूंगा कि वह इस पर व्हाइट पेपर जारी करें कि उसमें गैस किस परिस्थिति में इन्क्लूड हुआ? उसमें सी.बी.एम. को किस परिस्थिति में इन्क्लूड नहीं किया? रिफाइनरी के संबंध में पिछली बार आपके वित्त मंत्री ने किस कंपनी को बाहर करने के लिए टैक्स हॉलीडे खत्म किया था और इस बार किसको फायदा पहुंचाने के लिए आपने टैक्स रिलीफ दिया है?

महोदय, बार्डर मैनेजमेंट पर वित्त मंत्री जी ने इसमें कहा है। आप भी झारखंड के हैं। हम सभी लोग बंगलादेशी इन्फिल्ट्रेशन से बहुत परेशान रहते हैं। इसमें बार्डर मैनेजमेंट और बार्डर फेन्सिंग की बात कही गयी है। हम लोग जब भी बंगलादेशी घुसपैठ की बात करते हैं, तो आप उसको सांप्रदायिकता के नजरिए से देखने की कोशिश करते हैं। मैं आपके माध्यम से सरकार को बताना चाहता हूं कि सांप्रदायिकता के नजरिए से इसको देखने की कोशिश न करिए। यह रोजगार से जुड़ा हुआ मामला है। आज क्या हो रहा है? बंगलादेश से जो लोग आ रहे हैं, वे दिल्ली, मुंबई, कलकत्ता आदि स्थानों पर काम कर रहे हैं। वे किसकी रोजी-रोटी छीन रहे हैं? इससे ड्राइवर की नौकरी जा रही है, घर में काम करने वाले लोगों की नौकरी जा रही है और चौकीदार की नौकरी जा रही है। इस पर आपने जो पैसा बढ़ाया है, वह बहुत ही कम है। जो रोजगार छीने जा रहे हैं, उसमें स्थानीयता के मुद्दे पर बिहारियों के खिलाफ गाली हो रही है। मुंबई में इस मामले को लेकर बहुत बड़ा हंगामा हो गया। बिहारी का मतलब क्या होता है? बिहार का मतलब सिर्फ बिहार से नहीं है, जो भी हिंदी भाषी क्षेत्र हैं, चाहे वह मध्य प्रदेश हो, छत्तीसगढ़ हो, झारखंड हो, बिहार हो, वे सभी उसमें इन्क्लूडेड हैं। आप उसको गाली दे रहे हैं, जो इस देश का मालिक है। आप जो भी डेवलपमेंट करना चाहते हैं, वह क्षेत्र के प्रति समर्पण नहीं है।

आप ईस्टर्न इंडिया को कमजोर कर देना चाहते हैं। इस बजट में ईस्टर्न इंडिया के लिए कोई भी प्रोवीजन नहीं है। हमारा कोल इंडिया का हेडक्वार्टर कलकत्ता में है, जबकि कोल पैदा होता है, झारखंड में, छत्तीसगढ़ में, मध्यप्रदेश में, कॉपर का पूरा का पूरा प्रोडक्शन झारखंड में होता है, जबकि उसका हेडक्वार्टर कलकत्ता में है, एन.एम.डी.सी. छत्तीसगढ़ से आयरन ओर लेती है और उसका हेडक्वार्टर हैदराबाद में है। कारपोरेट सोशल रेस्पांसिबिलिटी के नाम पर आप हमसे पैसा लेते हैं। हम मालिक हैं। टाटा, बिड़ला, अंबानी, जो भी यहां पैसा ले रहे हैं, वे कहां से पैसा ला रहे हैं? वे इसी क्षेत्र से ला रहे हैं? कोयला हमारे पास है, आयरन ओर हमारे पास है, कॉपर हमारे पास है, न्यूक्लियर हमारे पास है लेकिन जब हमारे लोग नौकरी करने के लिए जाते हैं, एक भिखमंगे, भिखारी की तरह आपसे एक दरबानी की नौकरी मांगते हैं, तो आप उसे ऐसा कहते हैं।

महोदय, अभी हमारे एक मित्र बोल रहे थे कि 28 प्रतिशत रेवेन्यू मुंबई देता है। मुम्बई कहां से रिवैन्यू देता है? उसके लिए कौन पे कर रहा है? इस देश के इफ्रास्ट्रक्चर, आयरन ओर, कोल का पैसा है। इसलिए यदि आप डैवलपमैंट करते हैं तो ईस्टर्न इंडिया के लिए आपका विज़न खराब है।

उपाध्यक्ष महोदय, मैं कहना चाहता हूं कि इस बजट में ट्रांसपेरैंसी का अभाव है। यदि आप 186 करोड़ रुपये के फिस्कल स्टिमुलस की बात करेंगे, उसका अभाव है।...(व्यवधान) ईस्टर्न इंडिया के डैवलपमैंट का अभाव है। मैं इस बजट का विरोध करता हूं।

*m02

DR. PRASANNA KUMAR PATASANI* (BHUBANESWAR): Sir, I thank you for giving me opportunity to express my views on the General Budget. The Congress-led UPA Government after coming back to power has presented it first Budget. I find that there is lack of focus in the Budget. The Budget speech promises 9% growth, however, there is nothing in the Budget which gives an assurance that such type of growth can be achieved. Sir, health is one of the major problems in India. There is big gap both in rural and urban areas. In my area Bhubaneshwar is the only state capital which has no medical college. One AIIMS has been sanctioned but money has not been allocated/released. Work has, therefore, not yet started. I urge upon the Government to immediately provide Rs. 200 crores for the AIIMS. I also request that a new Medical College should be sanctioned. UGC has recommended that more Universities should be opened in Orissa. There is no Central University in Orissa. I therefore, request that one Central University should be sanctioned in Bhubaneshwar. One more Agriculture University should be sanctioned in Western Orissa.

Sir, Bhubaneshwar Airport should be immediately upgraded to an International Airport. Every year lacs of tourist visit Konark, Puri and Lingraj Temple from India as well as abroad. As there is no International Airport, international tourists have to come from Kolkata or Delhi. I also request that an Airport be opened near Konark also which can cater to Konark as well as Puri. There is huge number of technically qualified persons in Orissa. Due to non-development of Airports industries are not coming hence these technically qualified persons have to go out for search of jobs. I also request that there should be new flights from Raurkela and Jaipur in Orissa. Chilka lake is the biggest lake in Orissa as well as in India. It caters to a huge bio-diversity. There are 428 types of birds which come to Chilka. Moreover, there are the Mangroves and other types of flora and fauna. I request that Chilka should be developed as a bio-diversity tourist centre. Barulei Hill and temple is a heritage site. Temple and Hill needs to be renovated and protected. Khordha is the ex-capital of Orissa. Khordha Fort is a heritage site. The fort needs to be renovated and declared a national monument. Tourism can be developed here. Orissa has always been neglected by the Ministry of Agriculture and Irrigation. There is no project for providing Irrigation to the vast unirrigated drought prone land of Orissa. KBK area is perpetual drought prone area.

There are super cyclone, super drought and super flood that is why there is super poverty in Orissa. The Central Government is not cooperating. They are not releasing funds for drought or cyclone or floods. We have drought and cyclone every year however, we hardly receive any central grants. This year Budget has earmarked Rs. 3973 crore for urban infrastructure this include provision for Rajiv Awas Yojana. I request the Finance Minister to select Bhubaneshwar and Puri under the Jawaharlal National Urban Reward Mission. Puri is world famous for the cart festival and the urban infrastructure at Puri beach in Puri and Bhubaneshwar has to be improved.

Sir, Interstate border terrorism is effecting Orissa. Naxalites and Maoists are intruding into Orissa. There can be no permanent military solution. The only solution is development. Better roads, better hospital, better schools have to be developed in these areas. Lastly, I would like to add that Pikas (Milila) are the freedom fighter of Orissa. These people had fought for the freedom of the country. These people must be recognized as freedom fighter and freedom fighter pension should be given to them.

DR. CHINTA MOHAN (TIRUPATI): Sir, this Budget is a very loaded Budget. Lot of exercise has gone into the making of the Budget. The Finance Minister has taken lot of pains to bring in this Budget this year. He has presented several Budgets in 1982, 1983 and 1984. When compared to those Budgets, the Budget presented by the Finance Minister this time is very good; lot of exercise has gone into it.

It touched all sections of the people − the poor, the marginalized sections, the middle class, industry, women, farmer − every section of the society was covered in this Budget.

While presenting the Budget in 1958, Pandit Jawaharlal Nehru after the death of Shri T.T. Krishnamachari, he said that the Budget should improve the standards of all the sections of the people. In 1987, after the exit of Shri Viswanath Pratap Singh, Rajiv Gandhiji presented the Budget. While presenting the Budget, he quoted his grandfather, Pandit Jawaharlal Nehru and said that the Budget should improve the living standards of every one. While speaking on the Budget last year, Shri Rahul Gandhi said that there are two sections of people in this country − one with loud voice and another with no voice.

I would like to speak about the people who do not have voice. We brought in employment guarantee programme. For this programme, he has provided Rs.39,000 crore in this Budget. It actually has revolutionized the whole country. The Communist countries like China and Russia were not able to bring such programmes in their countries. But the UPA Chairperson Shrimati Sonia Gandhi, the Prime Minister and others were able to bring this programme. I congratulate them for bringing this programme.

How is it improving the living standards of people in this country? I would like to give a small example of a place called Kalathur, near

Tirupati, my Constituency. Three years before, the people there, were living below poverty line. They did not have place to sleep; they were sleeping on the floor. They did not have even one meal per day; today they are having three times food; every day they are taking eggs; their standards have gone up. They got Rs.45 lakh in the form of wages, in the last three years. Using the wages, they are able to build their own houses. Earlier they were sleeping on the floor; now they are sleeping on a bed. Everybody is having a colour TV set today. Everybody is having fans in their houses today. They are very happy.

I would like to quote another example. There is a place called Pelletivari Kandriga, where 50 per cent of Scheduled Tribes are living. In these three years, they were able to earn Rs.54 lakh. Their standards have gone up. The Tribals were able to develop the mango garden. They were able to build the houses. They are sleeping on a bed. Every day they are taking eggs. They have fans and colour TV sets in their houses; they are planning to purchase mobile phones. This is the type of benefit that they got from that programme in this country. It changed the living standards of all the sections of the people who did not have food to eat three years before.

I would like to say about another part of my constituency which has come after de-limitation; it is part of Nellore district. There, people in Gram Panchayat are not able to earn Rs.1 lakh a year. In a gram panchayat, on one side of my constituency, they are earning more than Rs.45 lakh and Rs.54 lakh, but on this side of my constituency, they are not able to earn Rs.1 lakh. This is the plight of the people. I want the Government to take all steps to see that the bottlenecks of NREGA are removed. The district officers should take more interest. The Government should put in all efforts to see that the officers take interest. The landlords of the area are not allowing to take up the NREGA programme. I want the Government agencies to take up this programme and see that it is implemented properly.

The second laudable programme is the Mid Day Meal Programme. Under this programme 15 crore people of the country are getting benefit. Children who were not able to go to the primary schools are able to go to schools today. They are getting good meal in the school. They are getting tastier meal than what they get in their houses. Every child instead of sitting at home is sitting in the schools where he is taking good food and learning what he can. This is one of the best programmes to which Rs.8000 crore has been given in this Budget. I congratulate the Government on this.

Another programme Shrimati Sonia Gandhi is trying to bring in is the Food Security Act. Probably it may be introduced in Parliament soon. Under this programme 25 Kgs of rice and 25 Kgs of wheat at Rs.3 per kilo may be given to all the people below poverty line. This is a very good programme which is going to help all the people below poverty line. These are the good programmes which are improving the living standards of the people of this country.

As Shri Rahul Gandhi said that there are people who do not have voice, I would say that there are people who do not have voice and which is not presented in this Budget is the Panchayati Raj System. Before Independence Mahatma Gandhi talked about Gram Swaraj and 50 years back Pandit Ji talked about Panchayati Raj and decentralisation. Rajiv Ji said 'power to the people' and he gave reservation to the Scheduled Castes, Scheduled Tribes and women in the Gram Panchayats. What is the plight of the Gram Panchayats today? Gram Panchayats do not have money to change their street lights. The *Sarpanches* do not have money to change the street taps, sweep the streets or to give chocolates on an Independence Day which is customary in Gram Panchayats. This is the plight of the Gram Sarpanches and Panchayati Raj System. I want the Government to give at least 5 per cent of the entire Budget to the Gram Panchayats. Rajiv Gandhi Ji wanted power to the people and he gave cheques directly to the Gram Panchayats. Today Gram Panchayats are suffering in some States. I want the Government to earmark at least 5 per cent of the entire Budget for the Gram Panchayats and Zila Parishads.

Anganwadi workers are taking care of lactating women, pregnant women and children below six years. They are giving them food, making them play and study but the Anganwadi workers are getting only Rs.2200 whereas NREGA workers are getting Rs.100 per day. I want the Government to increase this amount of Rs.2200 to at least Rs.3000 per month. The children constitute about 30-35 per cent of the population but they are not given sufficient care in this Budget. The Government has given Rs.18,000 crore to the Health Ministry. In villages number of children die of vomiting, diarrhoea or fever. Children are to be given good care but in the Capital city like Delhi we do not have a good children hospital. Except at two places, nowhere in the country we have a good children hospital. Children are to be given good care. At least 10 per cent of the money allocated to the Health Ministry should go to the children hospitals. We should build good children hospitals in this country.

Finally, there are about 4-5 lakh journalists in this country. We have the Working Journalists Act which has come in 1955 and revised in 1958. There are about 1 lakh people who are in the electronic media representatives who are not covered under the Working Journalists Act. All Electronic Journalists should be treated as the working journalists. The journalists working in the rural areas working in suburban areas are getting Rs.500 per day. I would say that this Working Journalists Act should be revised to see that all the rural journalists also are given proper care through the management.

Finally, I would like to speak about the economy of this country in comparison to a place like New York, America, where all the shopping malls are getting closed. In London also, all the big shopping malls are getting closed and jobs are being cut. In a place like Shanghai, China, also shopping malls are being closed. Whereas in Delhi or Gurgaon or any other place in India, these shopping

malls are not being closed and not even our Super Bazars or shopping centres are being closed. That goes to show that our economy is strong and vibrant. Our Finance Minister, the Prime Minister and Shrimati Sonia Gandhi all have been able to give a good economy to this country when compared to other countries.

I would like to say a word about the taxes which many people of this country may not like. But we need to collect more taxes from people for helping marginalised sections of the society. To help the marginalised sections of the society, we have to bring in taxes like Death Tax. We always compare ourselves with America and western countries. In America, when Michael Jackson died, he had to give 30 per cent of his property to the nation. We should also impose such tax like Death Tax or Estate Tax in this country so that we can collect more taxes and see that we can help the marginalised sections.

I congratulate the Government. I also congratulate the Finance Minister, the Prime Minister and also Shrimati Sonia Gandhi for giving us a good Budget.

With these words, I conclude.

श्री वीरेन्द्र कुमार (टीकमगढ़) केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट 29 फरवरी, 2008 की स्थिति के अनुसार 106304 गांव बिजली विहीन है । उड़ीसा में 20994, झारखंड में 20235 उत्तर प्रदेश में 12298, बिहार में 18395, असम में 5383 और महाराष्ट्र में 5081 गांवों में बिजली पहुंचाने की राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के अंतर्गत 1.15 हजार गांवों में बिजलीकरण का कार्य 50 प्रतिशत पीछे चल रहा है । गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले 2.34 लाख परिवारों तक इस परियोजना को पहुंचना था 2005 में योजना प्रारंभ हुई अभी मात्र 61375 गांव ही लाभान्वित हो सके जबकि इस योजना को 31 मार्च, 2010 में समाप्त होना है । इस योजना के अंतर्गत सरकार को 50940 से अधिक गांवों में विद्युतीकरण का कार्य पूरा करना है ।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत 166938 गांव जोड़ जाने के पात्र हैं जिनमें से 45506 गांवों को सड़क संपर्क से जोड़ा गया । प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के निर्माण कार्यों में काफी अनियमितताएं देखने में आ रही हैं गुणवत्ता को अनदेखा किया जा रहा है प्रथम चरण की सड़क खंड खंड होकर उखड़ने लगी है बड़े बड़े गडढे हो गए हैं कई स्थानों पर वन विभाग की अनुमति न मिलने तथा पुलों का निर्माण न होने के कारण ये आधी अधूरी सड़के बेकार हो रही है सड़कों के निर्माण से पहले भूमि की उपलब्धता तथा अन्य प्राधिकरणो से अनुमति आवश्यक होनी चाहिए ।

पीने के पानी की बात करें तो 20150 गांव ऐसे हैं जहां अभी भी पेयजल सुविधा उपलब्ध नहीं है महिलाओं को काफी दूर-दूर जाकर पानी लाना पड़ता है अथवा लोग साइकिलों या बलैगाड़ियों से पानी लाते हैं ।

स्वास्थ्य की स्थिति देखें तो ग्रामीण क्षेत्र में कुल बेड का 1/9 भाग तथा चिकित्सा कर्मियों का 1/4 भाग ही पाया जाता है ग्रामीण क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सा कर्मियों की भारी कमी है राष्टीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण 2004 के अनुसार 68 प्रतिशत देशवासी सरकारी स्वास्थ्य, सुविधाएं नहीं लेते क्योंकि उनका मानना हे कि वहां ठीक से इलाज नहीं होता।

देश के सबसे बड़े अस्पताल एम्स को इस वर्ष 177 करोड़ रुपये मिले जबकि 2008-2009 में योजना मद में 218 करोड़ रुपये पारित किए गए थे । सारे देश के गरीबों की आशाओं का केन्द्र यही अस्पताल रहता है देश में एम्स सरीखे 6 अस्पताल विभिन्न राज्यों में बनाए जाने थे उनके संबंध में कोई उल्लेख नहीं किया गया । आवंटन की राशि तो बढ़ा दी लेकिन अस्पतालों को जमीन पर लाने में काफी समय लग जाएगा ।

*Speech was laid on the Table

राष्ट्रीय नदी और झील संरक्षण योजनाओं के कार्य को और भी ज्यादा व्यापकता एवं गतिशीलता से क्रियान्वित करने की पहल होने चाहिए हमारे देश में मध्य प्रदेश राजस्थान, गुजरात आदि में प्राचीन ऐतिहासिक तालाब एवं झीले हैं इसे योजना में शामिल कर जल संरक्षण को बढ़ाना चाहिए । मेरे संसदीय क्षेत्र टीकमगढ़, मध्य प्रदेश में चंदेलकालीन लगभग 950 तालाब थे जिनमें से आज भी लगभग 450 तालाब अस्तित्व में हैं जिनसे किसानों की हजारों एकड़ भूमि सिंचित होने के साथ ही पेयजल समस्या का समाधान भी होता है । तालाब टीकमगढ़ जिले के जीवन के रूप में कार्य करते हैं राजस्थान की झीलें पर्यटकों के आकर्षण का विशेष केन्द्र होती है इस योजना में बजट राशि को बढ़ाया जाना चाहिए ।

असंगठित क्षेत्र के कल्याण के दायरे में घरों में झाड़ू पोछा बर्तन मांजने का कार्य करने वाली महिलाओं को शामिल करना चाहिए ताकि वह भी शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ ले सके तथा उनके बच्चे भी उच्च शिक्षा पाएं एवं उनकी लड़कियों की शादी में भी आर्थिक मदद मिल सके ।

बाल श्रमिक एक बहुत बड़ी चुनौती है हमारे सामने सरकार ने कानून के जरिए रोक तो लगा दी बाल श्रम पर लेकिन क्या कोई वाकई भयभीत है । ढाबों होटलों चाय के स्थानों पर आज भी बहुत बड़ी संख्या में लगभग 61000 बाल मजदूर कार्य करते हुए मिल जाते हैं । उनकी स्थितियों का व्यावहारिकता से आकलन कर उनके पुनर्वास एवं शिक्षा के बारे में कोई उल्लेख नहीं किया गया है । हमारे देश में 6-14 आयु वर्ग के 22 करोड़ बच्चे हैं भारत में 2 करोड़ 60 लाख बच्चे पूर्णकालिक तथा 1 करोड़ 85 लाख बच्चे अंशकालिक श्रमिक के रूप में कार्य कर रहे हैं । वास्तव में बाल श्रम उन्मूलन के लिए एक बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाये जाने की आवश्यकता है ।

भारत निर्माण की बात बार-बार कही जाती है क्या महानगरों का विकास देश का मॉउल होगा तथा सिर्फ गगनचुंबी इमारतें इस देश के विकास का माडल होगा विदेशों से आयातित महंगी कारें तथा उन कारों की खिड़कियों से झांकते विदेशी नस्ल के कुत्ते इस देश के विकास का मॉडल होंगे । बढ़ते हुए एडस के मरीज देश के विकास का माडल होंगे । हर बात में पश्चिमी सभ्यता का अंधानुकरण देश के विकास का मॉडल होगे लाखों की संख्या में अन्न के अभाव में भूखे पेट सो जाने वाले लोग दूसरी तरफ गांवो में बूंद-बूंद पानी को तरसते लोग देश के विकास का माडल होंगे । रोजगार की तलाश में भटकता निराश उदास युवा देश के विकास का माडल होगा ।

देश के हर राज्य में सेन्ट्रल यूनिवर्सिटी बनाने की बात कही गई है स्वागत योग्य बात है किन्तु जहां के विश्वविद्यालयों का सेन्ट्रल यूनिवर्सिटी में उन्नयन किया जा रहा है उस स्थान के छात्रों को एडमीशन में विशेष आरक्षण का प्रावधान तथा कार्यरत संविदा शिक्षकों जो वर्षों से कार्य कर रहे हैं उनको स्थायी नियुक्ति देने के बारे में भी सोचना चाहिए ।

आज देश संकट के दौर से गुजर रहा है पिछले पांच वर्षों से मध्य प्रदेश एंव उत्तर प्रदेश के बुन्देलखंड इलाके में सूखे का प्रकोप होने से किसानों मजदूरों की रोजी रोटी प्रभावित हुई है इस वर्ष भी अभी तक बारिश नहीं होने से किसानों के चेहरे पर पुनः परेशानी की लकीरें उभरने लगी हैं तथा देश के सामने एक गंभीर संकट पैदा हो रहा है मौसम में कहीं अधिक व्यापक व दूरगामी है इसलिए जरूरी है

आजीविका बनाए जाएं और पर्यावरण के संरक्षण के बीच तालमेल बनाने वाले कार्यक्रम बनाएं जाएं । इस तरह अनिश्चित मौसम के दौर में किसान ऋणग्रस्त नहीं हो ऐसी सस्ती तकनीकों से उत्पादकता बढ़ाने का प्रयास करना चाहिए ।

नदियों के आपस में जोड़ने पर अगर ठीक ढंग से कार्य किया गया होता तो बारिश के पानी का ठीक ढंग से संचय होकर बाढ़ वाले क्षेत्रों से उसके आसानी से कम वर्षा वाले राज्यों में लाया जा सकता था तथा मौसम की ऐसी विपरीत परिस्थतियों से किसानों को आसानी से राहत दिलायी जा सकती थी । मध्य प्रदेश की केन बेतवा नदियों को जोड़ने का कार्य प्रथम चरण में स्वीकृत हुआ था । इस योजना से मेरे संसदीय क्षेत्र टीकमगढ़ छतरपुर के साथ ही पन्ना, झांसी, रायसेन एवं विदिशा जिले के किसानों की हजारों एकड़ भूमि सिंचित होने के साथ ही जमीन का जलस्तर भी बढ़ता तथा पेयजल समस्या का समाधान भी आसानी से हो सकता था किन्तु पांच वर्षों में इस योजना को जिस गतिशीलता के साथ बढ़ाया गया । अतः शीघ्र इस केन बेतवा नदी को जोड़ने का कार्य निश्चित समयावधि में किया जाना चाहिए ।

हमारे देश के मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बंगाल, बिहार, उड़ीसा, तमिलनाडु आदि राज्यों में पान प्रचुरता से पैदा किया जाता है किंतु इसे बागवानी फसल में लिया गया है जबकि वर्षों से पान उत्पादनकर्ता इसे कृषि में शामिल करने की मांग करते चले आ रहे हैं । हमारे देश से बड़ी मात्रा में पान पाकिस्तान एवं अन्य देशों को निर्यात होता था किन्तु पान उत्पादन को कृषि में शामिल नहीं होने से फसल बीमा योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है । अतः इस संबंध में विचार कर पान की खेती को कृषि में शामिल किया जाए तथा फसल बीमा योजना का लाभ उत्पादकों को दिलाये जाएं ।

इस देश के अंतिम पंक्ति के अतिम छोर पर खड़े व्यक्ति को अब तक भूखे रहने पर भोजन नहीं मिलता वस्त्रहीन को कपड़ा नहीं मिलता अस्वस्थ व्यक्ति को दवाइयां नहीं मिलती बेरोजगार को रोजगार नहीं मिलता छतविहीन व्यक्ति को आवास नहीं मिलता। गांव गांव में पीने के पानी की समुचित व्यवस्था नहीं होती तब तक भारत निर्माण अधूरा है । बजट में विविध क्षेत्रों में राशि का प्रावधान करते समय इन सभी बातों पर मानवीय दृष्टिकोण से विचार करने पर ही देश का समग्र विकास संभव है ।

---

*m05

श्री जयंत चौधरी (मथुरा): महोदय, मैं आपको धन्यवाद देता हूं कि आपने मुझे इस विषय पर बोलने का मौका दिया।

जो बजट पेश हुआ है उस पर माननीय सदस्यों ने जो बातें कही हैं, उनको मैंने सुना है। मुख्य रूप से माननीय सदस्य श्री जोशी जी ने काफी विस्तार से आंकड़े देकर जो बात रखी, उसमें उन्होंने किसान की हालत पर रोशनी डाली है। उन्होंने अर्जुन सेनगुप्ता कमीशन के आंकड़े उन्होंने हाउस में रखे। मैं याद दिलाना चाहूंगा कि उस कमीशन में किसान, किसान परिवार की आर्थिक स्थिति पर प्रकाश डाला गया है। उन्होंने बताया कि औसत रूप से मासिक आमदनी, छोटे वर्ग के किसान परिवार की मात्र 1578 रूपए है और जिसे हम बड़ा किसान कहते हैं, उसकी आमदनी 8,321 रूपए है। यह दर्शाता है कि क्या है गरीबी, क्या है लाचारी और क्या है उनकी पीड़ा। इसलिए यह सवाल मेरे मन में उठता है, बहुत से लोगों के मन में उठ रहा है कि जो बजट पेश किया गया है, उसमें उन लोगों के लिए, उन नौजवान किसानों के लिए क्या किया गया है जो देश की सीमाओं पर देश की अखण्डता को कोई आंच न आने पाए, उसके लिए अपनी कुर्बानी देते हैं, जान देते हैं और जीवनभर, खास तौर से अपनी जवानी खेतों-खलिहानों में देते हैं ताकि इस देश और पूरी दुनिया का वे पेट भर सकें। उन नौजवान किसानों के लिए इस बजट में क्या है? मैं सबसे पहले विरोध जाहिर करूंगा और विनती करता हूं सभी सांसदों से, सरकार से और जो मीडिया के बन्धु बैठे हैं, कि इस बजट के बाद जो विश्लेषण हुआ, उसमें एक टर्म का इस्तेमाल किया गया "आम आदमी"। जब इस आम आदमी शब्द का इस्तेमाल हम सुनते हैं तो हम उससे क्या संदेश देना चाहते हैं? जब सरकार से जुड़ा हुआ कोई व्यक्ति आम आदमी शब्द कहता है, तो वह क्या कहता है? इसका अर्थ यह है कि हम यह मान रहे हैं कि देश में एक आम आदमी है और एक खास आदमी है। देश में एक साधारण वर्ग है, आम वर्ग है। देश का, गांव का गरीब, आप उसे किसी भी पैमाने पर देखें, हमसे कम हैं, तो आम न कहकर, उन्हें गरीब, पिछड़ रहे लोग कहकर हम उनकी बात करें तो उचित रहेगा।

जहां तक बजट की बात है, मैं कहूंगा कि ट्रेजरी बेंच के लोगों ने अगर यह कहा कि बजट बेहतरीन है, तो इस तरफ विपक्ष के लोगों ने उसकी आलोचना की है। मैं आलोचना न करके, कुछ सुझाव भी देना चाहूंगा, अगर उन पर वित्त मंत्री जी ध्यान दें, सरकार ध्यान दे तो अच्छा रहेगा। मुख्य रूप से किसान और कृषि के सामने जो समस्या है, कैसे किसान परिवार की आमदनी हम बढ़ा सकते हैं, कैसे उनके जीवन-स्तर में हम उछाल ला सकते हैं । कृषि अनुंसंधान पर सरकार को ज्यादा खर्च करना होगा। नए-नए आविष्कार हों, कम लागत पर,

कम पानी के प्रयोग से, जैविक खेती, परम्परागत खेती और नए-नए बीजों के इस्तेमाल से किसान कैसे अपना उत्पाद बढ़ा सकता है, उस दिशा में इस बजट में कहीं कुछ नहीं दिया गया है। फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्री के लिए कहीं कोई स्कोप नहीं है। ड्यूटी के माध्यम से, टैक्स के माध्यम से और एक ऐसा वातावरण बनाने में हम हमेशा विफल रहे हैं कि उस क्षेत्र में कोई निवेश कर सके। यही मुख्य समस्या है कि जो आदमी शहर में किसी चीज के लिए जो दाम दे रहा है, उसका मात्र 20 प्रतिशत ही किसान को मिलता है। उससे जुड़ रही जितनी कड़ियां हैं, अगर उनमें आपस में भागीदारी किसान की नहीं बन पाएगी, तो उसके जीवन स्तर में, आर्थिक स्तर में उछाल सम्भव नहीं है।

कुछ वर्ष पहले चर्चा शुरू हुई थी कि हम एक मार्केट स्टेब्लाइजेशन फंड बनाएंगे। गरीब किसान को, छोटे-मध्यम वर्ग के किसान को जो मार्केट के रिस्क को उठा रहा है और जलवायु के परिवर्तन के जोखिम को भी उठा रहा है, उसकी फसल बर्बाद हो जाती है जब कभी सूखा पड़ता है या बाढ़ आती है। आज देखें तो मार्केट के दाम कौन तय कर रहा है, या तो सरकार कर रही है और बहुत बड़ी हद तक कुछ मार्केट प्लेयर, बिचौलिए, ब्लैकमार्केटियर और होर्डर दाम तय करते हैं। इसलिए उसे फसल के दामों के उतार-चढ़ाव से बचाने के लिए मार्केट स्टेब्लाइजेशन फंड की आवश्यकता है। सरकार उसे जल्द ही गम्भीरता से ले, तो अच्छा है।

मैं स्वास्थ्य के बारे में भी कुछ कहना चाहूंगा। स्वास्थ्य पर हम घरेलू उत्पाद का एक प्रतिशत से भी कम खर्च करते आए हैं। शिक्षा के क्षेत्र में अभी भी आप देखें कि बजट में प्राथमिक शिक्षा पर जो ध्यान देना चाहिए था, सर्व शिक्षा अभियान की कोई चर्चा नहीं हुई। उसमें भी हम घरेलू उत्पाद का 3.5 प्रतिशत से भी कम खर्च करते हैं। ये हमारी प्राथमिकताएं होनी चाहिए कि हम भविष्य के लिए कैसे देश को तैयार कर रहे हैं।

एक अन्य महत्वपूर्ण पहलू की ओर मैं चर्चा करना चाहूंगा। चुनाव के समय भी हमने उस मुद्दे को उठाया था, वह है - कालाधन। देश की सीमाओं के बाहर, कुछ अनुमान कहते हैं कि 40-50 बिलियन यूएस डालर्स, स्विट्जरलैंड के बैंकों में जमा है और वह भारत का पैसा है। उस पर हमने हमेशा चुप्पी साधी है। जी-20 की मीट में जर्मनी और फ्रांस ने जहां पहल की तो भारत सरकार वहां शांत रही। उसके साथ-साथ दूसरा पहलू भी जुड़ा हुआ है कि हमारी घरेलू अर्थव्यवस्था में जो हमारी ब्लैक इकोनॉमी का साइज है, वह कई गुना ज्यादा है। हम खुशी से छाती पर हाथ रखकर कहते हैं कि 10 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा हमारा खर्चा बढ़ गया। लेकिन ब्लैक इकोनॉमी का साइज, कुछ अनुमान कहते हैं कि 24 लाख करोड़ रुपए से भी ज्यादा है। मेरे खयाल से 1997 में चिदम्बरम साहब वीडीआईएस नाम की एक योजना लाए थे। उस समय बहुत से लोगों ने उसकी आलोचना की थी। लेकिन आप फैक्ट्स को देखें, तो उस जमाने में 33,000 करोड़ रुपया रेज़ हो गया था। आज रेवेन्यू शार्टफॉल है और बहुत बड़े पैमाने पर आप अगर बजट को देखेंगे तो गवर्नमेंट बॉरोइंग के साथ-साथ हम किस पर निर्भर हैं- हम स्पैक्ट्रम बेचेंगे, हम डिसइंवैस्टमेंट करेंगे। यह तो अर्थव्यवस्था पर आधारित है। अगर थोड़ी सी भी कमा रह गई तो नैया डूब जाएगी। इसलिए मैं अपनी ओर से सुझाव दूंगा कि पुनः इस पर विचार करना चाहिए। उस समय जैसी हम एक और स्कीम अब लाएं, क्योंकि उस समय और आज के समय में बहुत अंतर है। बहुत से लोगों ने काफी पैसा बनाया है। अगर हम ऐसी स्कीम नहीं लाएंगे तो राष्ट्र के उपयोग में वह पैसा नहीं आ पाएगा। इसलिए इस पर गम्भीरता से चिंतन की आवश्यकता है। इसीलिए मैंने सदन में यह बात रखी है।

मैं सदन में एक और विषय पर चर्चा करना चाहूंगा। आज हम ऊर्जा को लेकर चिंतित हैं। हम पेट्रोल और डीजल के बढ़ते दामों को लेकर चिंतित हैं। फारुख जी यहां मौजूद नहीं हैं, लेकिन उस दिन एक सवाल का जवाब नहीं हो पाया था। इस बजट में सोलर एनर्जी के लिए, सोलर पैनल को सस्ता बनाने के लिए, जिससे ग्राहक को एक्सेस मिल सके, हमने इस दिशा में कुछ नहीं किया। वित्त मंत्री जी चाहते तो इसके लिए एक्साइज ड्यूटी में और कस्टम ड्यूटी में कमी कर सकते थे। अगर आप देखें तो 1931 से ब्राजील में इथेनॉल की मिक्सिंग हो रही है। हमारे यहां उसके लिए कोई नीति नहीं है। एक टैनिस बॉल की तरह भारत की सरकार, भारत के ग्राहक पेट्रोल लॉबी और शूगर लॉबी के बीच में कूद रहे हैं। इस सम्बन्ध में सरकार को ठोस कदम उठाने चाहिए। अगर आप पेट्रोल में इथेनॉल की कम से कम दस प्रतिशत मिक्सिंग करेंगे तो उसका लाभ किसान को भी होगा और ग्राहक को भी होगा।

श्री विलास मुत्तेमवार (नागपुर): दस प्रतिशत की पालिसी है और 23.60 रुपए में आप उसे खरीद सकते हैं।

श्री जयंत चौधरी : लेकिन वह पालिसी कहां है, इम्प्लीमेंट ही नहीं हुई है। कोई शूगर इंडस्ट्री का मालिक उसे बेचने को तैयार नहीं है।

उपाध्यक्ष महोदय: कृपया आपस में बात न करें। आप सीनियर मेम्बर हैं। जयंत जी अब आप अपनी बात समाप्त करें।

श्री जयंत चौधरी : मैं एक और विषय पर अपनी बात कहना चाहता हूं। जहां क्रैडिट-फ्लो को इप्रूव करने की बात माननीय मंत्री जी ने कही है।

उपाध्यक्ष महोदय : कृपया अपना भाषण अब समाप्त करें।

श्री जयंत चौधरी : आखिरी दो बातें कह कर मैं अपनी बात समाप्त करुंगा। वर्ष 1990 में रुरल एरियाज में क्रैडिट डिपोजिट रेशो 60 प्रतिशत थी और वह घटकर वर्ष 2004-2005 में 49 प्रतिशत रह गयी। हम क्रैडिट-फ्लो को एक्सपेंड करने की बात करते हैं लेकिन वर्ष 2008 की क्रैडिट पॉलिसी में आरबीआई ने जो शैडयूल्ड कमर्शियल बैंक के सामने एक मानक के रूप में रखा था कि आप 18 प्रतिशत एग्रीकल्चर को दें, 10 प्रतिशत वीकर सोसाइटी के लोगों को दें। उस लक्ष्य को कोई बैंक पूरा नहीं कर पाया होगा। उनको दंडित करने के बजाए, उन्होंने एक प्रावधान कर दिया कि अगर आप लक्ष्य पूरा नहीं कर सकते तो हमने एक रुरल इंफ्रास्ट्रक्चर डैवलेपमेंट फंड बना रखा है, आप उसमें जमा कर दीजिए। यह एक तरह से हमने उन्हें एक रूट दे दिया, रास्ता दे दिया है। हमें चाहिये कि बैंक्स की जितनी ब्रांचेज रूरल एरियाज में खुलें उतना अच्छा हैं और जितना सीधा संपर्क देश के मजदूर-किसान से बैंकों का होगा, उतना अच्छा होगा, क्योंकि उन्हें ही ऋण चाहिए।

हमें प्रोत्साहन देना चाहिए कि बैंक सीधा ऋण किसान को दे सके। एक्सपेंडिग क्रैडिट फ्लो पर मेरे ये विचार हैं।

आखिर में मैं कहूंगा कि चाइल्ड बजटिंग का जो कंसैप्ट है, अभी इनीशियल स्टेज पर है और उसके माध्यम से बजट में जानकारी आई, उस पर कई सांसदों ने चर्चा भी की है। 40 प्रतिशत देश की आबादी बच्चों की संख्या में जोड़ी जाती है। उनके लिए बजट में 5 प्रतिशत तक खर्च किया गया है। विषय बहुत गंभीर है। आप 40 प्रतिशत के लिए पांच प्रतिशत खर्च कर रहे हैं और साथ ही हम चाहेंगे कि नौजवानों के लिए भी इसी तरह का एक आंकड़ा आने वाले बजटों में पेश किया जाए तो अच्छा रहेगा। उस पर हम यहां चर्चा कर पाएंगे और उससे सरकार पर एक दबाव बनेगा और जनता की अदालत में सरकार की तरफ से स्प्ष्टीकरण होगा कि कितना खर्च हम नौजवानों के लिए कर रहे हैं।

DR. RATTAN SINGH AJNALA* (KHADOOR SAHIB) : Sir, The Finance Minister of India Mr. Pranab Mukherjee is an experienced person and when he was presenting the budget he was feeling very happy, that 62 years ago a budget of Rs. 193 crores was presented and today it is of the amount of Ten lakh twenty thousand eight hundred thirty eight Rupees. Than the population of the country was 35 crores and now its 110 crores!

The population would keep on increasing and consequently the amount of budget, what would be the development of the country?

Deputy Speaker Sir until we control the population and neglect the base of the society than what would be the development. If you go to the mansion of a rich person you see he is having 2 children and if you go to a poor persons habitation he is having 10 children. The population of poor is ever increasing. Due you think they will become rich ?, That is not at all possible, so I request the whole house that population control is necessary and we should concentrate on dealing with this aspect.

Secondly Deputy Speaker Sir all who are speaking on budget and who has presented it are Members of Parliament. Have we thought over the aspect, that after spending how much money we have become members of Parliament ?, you ask anybody they will say that I have spent 2 crores, 5 crores and 7 crores for being getting elected. Until we do not do electoral reforms the basic need of democracy would not be fulfilled. All the parties have to get together and work towards electoral reform which would lead to the development of democracy. What we are observing that the person who is rich is able to get elected and come into this August House and a poor person cannot afford to come here. If he is not here who would speak for the poor, as the rich can only keep him in illusion, and make schemes like NREGA. Until poor speaks for the poor there would not be

---

*English translation of the speech originally delivered in Punjabi

development of the democracy. There is need for electoral reforms, its my humble submission that we should all work for reducing the expenditure on elections. Even the press cannot cover the elections without spending considerable amount of money; Don't you mind! There is need for electoral reforms other wise it would cause problems in future.

Mr. Advani was speaking that this century i.e. 21 st Century is century of development agreed upon by Dr. Manmohan Singh, this is a very good thing. But the century is not only of development but also of corruption. The amount of corruption which exists in India isn't found anywhere in the world, where there is corruption how could their be development. You go to any office their is corruption and its not decreasing but ever increasing in the 21st century. Until we control corruption there wont be development in the 21st Century.

So Deputy Speaker Sir, I request that until we address the basic needs and problems of democracy there wont be development.

Every year budget is being presented; its been 62 years presenting the budget, the poor wont become rich by this. India was known as a sparrow of gold and was robbed of its wealth by the Mughals for 300 years, 200 years by the Britishers and 62 years by Black marketers. It was also spoken about in the Presidential address that wealth of India is being stashed in Swiss Banks, Whose wealth is that ? it is of the poor people of India.

During elections it was said that vote for us and form our Government, we will bring the black money within 100 days. After Government formation nobody spoke about it, even the Prime minister did not speak about it during G8, though the other world leader spoke about it. Until this money comes back Deputy Speaker Sir you are intelligent enough to guess how would the country develop. Pranab Mukherjee would not be having the money for the budget within a year, How would their be development ? This subject of Black money was not even mentioned in the budget presentation, until you speak about it you wont be able to measure upto be expectations of the people who have elected you. Everybody is watching her M.P. and If the M.P. does not perform the people will resort to revolution. I see only 35 % of the MP's have been returned to the house and 65 % haven't we have defrauded the people, until we stop doing this the democracy wont function. We have to fulfill their needs.

It is being seeing that how the population of villages is decreasing and of cities increasing because we are not providing them facilities. 65% are remaining in villages out the 80% population. Migration is due to denial of facilities!

It is said that Bihari labour migration has dwindled to other states due to NREGA, it's a misnomer as in Punjab Rs. 250 Per day labour

is being given whereas under NREGA its Rs. 100 per day. So the preference is for Rs. 250 per day. They will be earning here more within 2 months what they would do so in 6 months back home. There is no shortage of labour here because we pay more than NREGA. â€¦â€¦â€¦(Interruptions)

Deputy Speaker Sir, we are 5 MP's of Punjab! Please allow us to speak, as our state is being looted.

Let us now speak about farmers of Punjab. Mr. Pranab Mukherjee said that he has reduced rate of interest to 7 % for farmers and if they return the loan in time than interest is 6%, whereas for industrialists its 4% and for a person taking loan of Rs. 2,50000 it is 7%; what a contradiction and injustice towards farmers! If you can give loan at 4% to an industrialist why this policy is not for farmers. The farmers return every penny of loan taken as their lands are mortgaged to the banks, but an industrialist does not return the money taken, contributing to the non performing assets. This is strange that a person who is returning money on time has to pay higher rate of interest whereas the person who doesn't, gets benefit of less rate of interest.

This is big injustice, rate of interest Charged from farmers be reduced to 4 %. The farmer of India fills the stomach of the whole country, Until we protect the farmers we will all die, Deputy Speaker Sir !

Rs. 71000 Crore of debt was waived by last Government, in case of Punjab the loan waived was of Rs. 1022 crores. Deputy Speaker Sir, the state which contributes 60% of wheat and Paddy in Central pool gets only 1% debt waiver and those who contribute nothing get whole of their debt waived off, this is great injustice. Why don't we make such policies that the state which contributes 60% in Central Pool gets 60% waiver and those who contribute 2% get 2% waiver; its great injustice towards the people of Punjab. That out of Rs. 71000 crore only Rs. 1043 crore came in the share of Punjab; than how can development take placeâ€¦..(Interruptions)

Please Deputy Speaker sir, you are poor as I am, state is also poor, you listen to me.

Those who contribute maximum they are not taken care off and those who don't they are rewarded.

सत्तापक्ष के लोग खासकर कांग्रेस दल के लोग यदि नाराज न हो तो मैं इस सदन के समक्ष यह कहने में कोई संकोच नहीं हैं कि लोन माफी और नरेगा से सिर्फ कांग्रेस पार्टी को वोट का फायदा हुआ है और किसान को कोई भी लाभ नहीं मिला है बल्कि नुकसान हुआ है। बीपीएल सूची पूरी तरह से बनी और बीपीएल सूची सब जो पात्र हैं उनका नाम आएं ।

लोन माफी के बाद जब मैं चुनाव क्षेत्र में जीतने के बाद धन्यवाद कार्यक्रम में जब मैं थोड़ा सा भ्रमण किया तो हर किसान ने कहा कि सांसद जी मुझे लोन दिला दीजिए और लोन मांगने के लिए भरमार हैं । किसान लोग समझते हैं कि अगला चुनाव आने के पहले पुनः वित्त मंत्री जी लोन माफ कर देंगे आदि - आदि । इस सब बातों से एक बात स्पष्ट सामने आती है इस प्रक्रिया से न किसान को फायदा है न उत्पादन बढ़ने वाला है ।

मैं दुहराना चाहता हूं कि हर खेत में पानी दे दीजिए हर गांव और खेत में बिजली दे दीजिए तो किसान को लोन की आवश्यकता नहीं न ही माफी की जरूरत है बल्कि लोन लेगा भी तो 100 फीसदी चुका भी देगा ।

हमारे वित्त मंत्री ने लोन को पूरी तरह से चुकता कर देने वाले किसान और जिन किसानों ने लोन नहीं दिया, इन दोनों तरह के किसानों को एक ही तराजू में तौलने का जो काम किया है ये सिर्फ राजनैतिक उद्देश्य है । इसमें किसानों की और खेती की उत्पादन की दुदर्शा ही होगी यह मेरा मानना है ।

इसी पृष्ठभूमि में मैं मा0 वजीरे खजाना प्रणव मुखर्जी ध्यान आकर्षित करूंगा कि किसान की जीवन स्तर बढ़ाना कोई चैरिटी या दान नहीं है बल्कि constitutional obligation है जैसा कि संविधान में directive principle में भी दिया है । अगर भारत की 70 प्रतिशत आबादी जो गांव में रहती है जैसा कि कहा है कि भारत की आत्मा गांव में विद्यमान हैं जब तक उनके जीवन स्तर में प्रभावी कदम नहीं उठाए जाएंगे तब तक भारत की स्वतंत्रता सिर्फ एक मिथ्या और निराशाजन उपलब्धि है । इसका एक मात्र कारण हैं पिछले 50 सालों में कांग्रेस का राज है ।

सन 1950 में मा0 पं0 जवाहर लाल नेहरू फिर उनकी पुत्री स्वर्गीय इंदिरा जी, फिर उनके बाद उनके सुपुत्र मा0 स्वर्गीय राजीव जी, फिर उनकी पुत्रबहू मा0 सोनिया जी, इस अंतराल में यदि 50 वर्षों तक सिर्फ कांग्रेस का शासन काल रहा । उसमें भारत के ग्रामीण अंचल में सिर्फ निम्नलिखित उपलब्धियां हुईः-

1. किसान की दुर्दशा

2. अन्न उत्पादन में निराशा

3. गांव में शुद्ध पीने के पानी का अकाल

4. स्वास्थ्य व्यवस्था जीरो

5. शिक्षा, स्कूल भोजनालय में बदल रहे हैं ।

6. बिजली, पानी और सड़क , स्वास्थ्य और शिक्षा का पूरा अभाव

यह 61 साल की स्वतंत्रता का सफरनामा है, जिसको मुझे सदन में कहने पर शर्म आती है ।

मुझे समझ में नहीं आता कि मा0 प्रणव दा किसान और कृषि के विषय में उनकी सार्ट टर्म और लांग टर्म की क्या नीति हैं उदाहरणस्वरूप उत्तर प्रदेश विशेषकर बुन्देलखंड में 2009 के पहले चार - पांच साल से पूरी तरह सूखे के चपेट में था । तीन- चार साल से किसान बोआई भी नहीं कर पाए थे और निरंतर आत्महत्याएं हो रही थी । जनपद बांदा, जो बुन्देलखंड क्षेत्र में है, बगल में चित्रकूटधाम हैं, जहां मर्यादा पुरूषोतम राम 12 साल तक रहे थे, वही की किसान महिला ने अपने चैनू नाम बच्चे को इसलिए दूसरी मां बेच दिया था कि वह दवा नहीं करा पा रही थी परन्तु भाग्य की विडम्बना यह भी थी कि जिस मां ने उसको क्रय किया था, उसकी माली हालत अच्छी थी, वे भी उस बच्चे को बचा न सकी और चैनू ने हमेशा के लिए आंखे बंद कर ली । जैसे हजारों की तादाद में मां और चैन्नू बुंदेलखंड में है जिसका आकलन यूपीए सरकार के युवा सरकार के युव सम्राट मा0 राहुल गांधी जी को भी अहसास हुआ होगा जब वो बांदा जिला में सूखा के जमाने में गए थे परन्तु आज तक उस क्षेत्र में भारत सरकार का आशीर्वाद नहीं प्राप्त हुआ है और लगता है कि वो विजिट सिर्फ मीडिया विजिट थी ।

जून के महीने में पूरे देश में 101.5 मिली वर्षा होती है लेकिन इस माह में अभी तक 48.8 मिली वर्षा हुई है यानी 48 प्रतिशत वर्षा में कमी है । मौसम की लिहाज से देश में 36 सब डिवीजन में जिसमें 29 सब डिवीजन में औसत से बहुत कम वर्षा हुई है । सारे उत्तर प्रदेश में विशेषकर बुन्देलखंड में जहां मेरा क्षेत्र में उसमें अभी 5 प्रतिशत बोआई भी नहीं हो पाई है और पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी

उत्तर प्रदेश में खरीफ की फसल की बोआई नहीं हो पाई है।

मुझे बहुत दुःख के साथ कहना पड़ता है कि भारत के कृषि मंत्री मा0 शरद पवार जी जिनकी रुच या हाबी क्रिकेट में ज्यादा है शायद उनका 80 प्रतिशत समय बीसीसीआई और क्रिकेट के अंतर्राष्ट्रीय जगत में व्यय होता है । यह कहना गलत न होगा कि 100 प्रतिशत दिल उन्होंने क्रिकेट में समर्पित कर दिया है और मैं मानता हूं कि यह कोई गलत बात नहीं है परन्तु मेरा यह भी मानना है कि हो सकता है कि क्रिकेट की और भी ज्यादा तरक्की हो जाए परन्तु और 20-20 मैच और भी बढ़ जाए परन्तु कृषि जगत में किसानों को कोई लाभ नहीं होने वाला है ।

भारत के किसान जिसको अन्नदाता कहते हैं वह भूखा है श्रमिक जो मकान बनाता है दस - बीस मंजिले बनाते हैं उनके पास रहने को छत नहीं है । यह पिछले 61 साल में पिछले सरकारों का तोफा है ।

मा0 वित्त मंत्री जी आपको इस दुर्दशा को ठीक करने में बहुत परिश्रम करना पड़ेगा, जिसके लिए मैं यह कहूंगा जब तक किसान के हितों की प्राथमिकता नहीं दी जाएगी और यह बजट सिर्फ कम्प्यूटर और सेंसेक्स के हितों की सुरक्षा करेगा तो भारत की स्वतंत्रता अधूरी रहेगी ।

मैं चाहता हूं कि आप सिर्फ वित्त मंत्री न रहे बल्कि एक किसान मित्र और किसान हितैषी बन जाए तब आपको दिल से किसान आपको आशीर्वाद देंगे, जिससे आपकी और किसान समुदाय की भलाई निहित है ।

कृषि मंत्री ये कहने में नहीं थक रहें कि उनके गोदाम अनाज से भरे हुए हैं परन्तु मैं वित्त मंत्री ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि United National Report से 63 प्रतिशत बच्चों को रात में भरपेट भोजन उपलब्ध नहीं होता साथ एफसीआई के गोदामों में निम्नलिखित नजारा, जिससे दिल्ली के देवाषीश भट्टाचार्य के सूचना अधिकार के द्वारा निम्नलिखित उत्तर मिला है, जो अपनी दुर्दशा बयान करती है । भारत की 25 करोड़ आबादी भूखे सोती है ।

1. पिछले दशक में 10 लाख टन अनाज सड़ गए ।
2. 2.42 अरब रुपये एफसीआई खर्च करती है हर साल गोदाम में अनाज को सड़ने से बचाने में
3. अभी पिछले साल 2.59 करोड़ रुपये का अनाज जो सड़ गया था, उसको जलाने में खर्च हुआ ।
4. सन 1997 से 2007 तक 1.83 लाख गेहू , 3.96 लाख टन चावल, 22 हजार टन धान और 110 टन मक्का तथा 10 लाख टन अनाज सड़ गया ।
5. आरटीआई के उत्तर में एफसीआई ने बनाया है उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, जम्मू - कश्मीर, दिल्ली में अनाज सुरक्षित रखने के लिए 87.15 करोड़ खर्च हुए । उसके बाद 7 लाख टन अनाज सड़ गया ।
6. सबसे दुखद बात यह है कि सड़े हुए अनाज को ठिनाने ओर जलाने में 60 लाख खर्च हुए ।

देश के पूर्वी हिस्से पर नजर डाले, असोम, नागालैंड, मणिपुर, उड़ीसा, बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल में 1.5 टन अनाज सड़ गया जबकि एफसीआई ने यहां अनाज को सड़ने से बचाने के लिए 1.22 अरब रुपये खर्च किए थे । आंध्र प्रदेश, तमिलनाड़, कर्नाटक और केरल में 25 करोड़ खर्च करने के बाद भी 43,069.023 टन अनाज सड़ गया । जब यह अनाज सड़ गया तो इसे हटाने के लिए 340,867 रुपये खर्च करने पड़े ।

मैं प्रधानमंत्री जी से इस क्रिकेट प्रेम और किसान की आशाओं पे संतुलन बनाने के लिए आग्रह करूंगा कि क्रिकेट के साथ साथ किसानों की भी 20-20 मैचों की तरह बढ़ोत्तरी हो और इसी के साथ ही मैं कृषि मंत्री मा0 शरद पवार जी के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं ।

आपने पैराग्राफ 5 में 9 प्रतिशत प्रति साल विकास दर की चर्चा की है और उसी में कृषि के बारे में 4 प्रतिशत कृषि की प्रगति के बारे में एक आशा जताई है ।

इस सदन के माध्यम से मेरा विनम्र निवेदन है कि वित्त मंत्री शार्ट टर्म और लांग टर्म ऐसी योजना बनाए जिसको एक शब्द में वाटर मैनेजमेंट भी कहा जा सकता है वो इंतजाम करें जिससे हर खेत को पानी पहुंचे और किसान को सिर्फ बरसात पर ही निर्भर न हो । उदाहरणस्वरूप बुन्लेखंड छोटी-बड़ी सात-आठ नदियां है जिसमें बेतवा, केन, घसान और बुन्दलेखंड के बगल से जमुना नदी भी बहती है । बेतवा, केन नदी में छोटी-बड़ी डेम बनाने की व्यवस्था की जाए तो सिंचाई के लिए पानी का समुचित व्यवस्था हो सकेंगे अन्यथा भारत का भविष्य अंधकार की ओर अग्रसित हो रहा है ।

अंत में निम्नलिखित छोटे-बड़े बिन्दुओं पर भी मा0 वित्त मंत्री का भी खेती के पृष्ठभूमि पर मैं आवश्यक ध्यान दिलाना चाहता हूं तभी

किसान की उन्नति हो सकेगी जैसे

Water related small and big projects.

Water harvesting Schemes throughout the country

Restoration of water bodies.

Irrigationa nd Tube Well irrigation through private sources and funding.

Reasonable and remunerative and practical price fixing of the food grains.

Micro finance,

Farm Insurance.

Small Scale Industries.

Housing for the Poor, Agro-Processing, Rural Irrigation, Oil seeds, Horticulture, and Floriculture. Farm Credit, Agricultural Research & Development in Areas like Dry Land Farming, Bio Technology, Medical Care to People Below the Poverty Line, Group Health Insurance, Panchayat Raj, Co-operative Banks, Flood Control Work, and anti-Erosion Schems.

कृषि की पृष्ठभूमि में गांवों में सड़कों का जाल बिछना चाहिए जिससे किसान की उत्पति विशेषकर फल, शाक-सब्जी के यातायात में व्यवधान न हो अन्यथा जब किसान अपना फल और सब्जी कस्बे की मंडी में लेकर जाता है तो अढ़तियां लोग एक यूनियन बनाकर एकदम से दाम गिरा देता है ।

मैंने अनुभव किया है कि यदि एक ठेला गोभी का फूल अगर मंडी में कोई किसान ले जाता है तो उसे मुश्किल तमाम एक रुपया प्रति फूल का भुगतान होता और वही अढ़तिया जब इसको बड़े शहर में ले जाता है उसका दाम तीन रुपया या पांच रुपये होता है और उससे बड़ा अढ़तिया दिल्ली और बड़े शहरों में ले जाता है तो दाम दस रुपये या उससे ज्यादा हो जाता है । इससे एक बात साफ जाहिर होती है कि किसान जिसने गोभी पैदा किया है उसको सिर्फ एक रुपये मिला, जिसको तीन महीने तक पैदावार करने में लेगा और बिलौलिया दो दिन में 10गुना कमाता है । इसका कुछ ध्यान मंत्री जी आपके बजट में नहीं है।

गांव में सड़क का जाल या हाइवे न्यूक्लियर डील की तरह कठिन नहीं है । मा0 माननीय वित्त मंत्री जी आप स्वयं समझदार और अनुभवी हैं । मेरा मानना है कि यदि भारत में विश्वस्तरीय सड़कों का जाल बिछ जाए कम से कम ऐसी सड़कें, जो बनने के बाद कम से कम पांच साल तक चले तो खेती का विकास और एक उद्योगी क्रांति स्वतः आ जाएगी । ये काम न्यूक्लियर की तरह कठिन नहीं है।

प्रैक्टिकल या यर्थाथ बजट

1. राजनैतिक बजट Political Budget
2. Political Donation Package
3. अव्यवहारिक बजट Impractical Budget
4. Non-Transparent in between the lines
5. City, Metro, Urban oriented Budget
6. Five Star Culture Budget
7. दिशाविहीन बजट
8. Urban Vs. Rural
9. किसान, खेती और ग्रामीण की उपेक्षा

मा0 वित्त मंत्री इस बजट का नामांकरण ही आपने गलत दिया है ये आम आदमी का बजट न हो करके इसमें आम आदमी का दुर्दशा हो सकता है । यूपीए सरकार इस बजट से अपनी पीठ थपथपा रही है परन्तु किसान मर रहा है और अंग्रेजी में ये बजट का नाम अगर कहा जाए तो Operational Sucessful but the talent died.

इससे कृषि उत्पादन नहीं बढ़ेगा वोट बैंक बढ़ाने की एक योजना इसमें छिपी हुई हैं ये Five Star Culture बजट है और कुछ ही महीने के अंदर इस बजट की पोल खुलने वाली है । यदि एक महीने पानी की हालत इसी तरह रहेगी तो निश्चित ही एक दूसरा अकाल पड़ने वाला है, जो भारत के इतिहास में एक निराशाजनक बात होगी । इन्हीं सब बातों से मेरी आशाएं है फिर भी मैं आपके बजट को समर्थन करते हुए । मैं अपनी बात को विराम देना चाहता हूं ।

अतः अंत में बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री कु0 बहन मायावती और विशेषकर हमारी बहुजन समाज पार्टी की सर्वजन हिताय और सर्वजन सुखाय के सिद्धांतों की इस बजट में पूर्णतः अवहेलना और नजरअंदाजी है, इससे हमारा उद्देश्य एक समता मूलक समाज और जातिवाद और वर्गवाद से उठकर के श्रृंजन में बहुत ही मुश्किल है ।

अतः एक शब्द में मैं यह कहूंगा कि इसमें आम आदमी का पक्ष बिल्कुल गायब है और एक किसान और ग्राम विकास विरोधी बजट की संबा देने में मुझे कोई हिचकिचाहट नहीं है । इसके बावजूद भी मैं आपके बजट का समर्थन करता हूं । *

SHRI BISHNU PADA RAY* (ANDAMAN AND NICOBAR ISLANDS): I wish to lay the following matters on the table: -

Sanction of Ration Allowance to the Andaman and Nicobar Police Personnel. Posted in remote, uninhabited islands surrounded dense forests and sea as; Cost of living is higher than compared to Delhi and the Involved in life in-risking guard duty on international borders against intrusion of foreign nationals and poachers. Sanction ration allowance @ Rs. 950 [Delhi Police Personnel are getting] to 3438 police personnel in lower ranks. There is a proposal for creation of posts for coastal Security. Andaman & Nicobar Islands is in the open ocean, 200 km from the mainland. Though the armed forces are protecting the borders, there is need to protect the vast forest and marine wealth of the islands and coasts, which is not physically possible for the armed forces to take on their already overburdened shoulders. Therefore, the A & N Administration had drawn out a proposal for personnel-(a) 2245 posts, with permission for installation of 23 check posts, 3 watch towers and (b) infrastructure-10 marine operational centres, 10 large boats. Kindly sanction the posts, permission for setting up check posts, watch towers and funds for infrastructure [pending with MHA] since December, 2008]

Provision for Drinking Water for Port Blair Town should be made. Drinking water is supplied by the respective State Government for distribution through Municipal Council /Corporation/ Committee. In Andamans, APWD is the sole water supplying agency. The total requirement is 68.21 lakhs gallons daily as against supply of 33.18 lakhs gallons during monsoons [July to Jan] falling short by 25.03 lakhs gallons daily. The supply treacle down to 29 lakhs gallons falling short by 39 lakhs gallons, irritatingly, rationed at a frequency of 2 days and sometimes 5 days. Tourism sector has attracted huge investments, in the last 10 to 15 years, more than 100 hotels, lodges and other infrastructure, both mobile and immovable. Other developments include clinics and mini hospitals, schools, and trade centres. All these suffer from short supply of water. APWD draws 90% of its supply from only one dam [Dhanikhari] and rest from small dam [Choldhari] which are susceptible to damage from earthquakes, fear of which is always present due to the fact that the islands are in high seismic zone as also the constant reminder of the major earthquake and devastating Tsunami of December 2004. This apart, structural faults and unpredictable weather compound the fears. Ongoing projects for tapping rain water-dams, will take at least 3-4 years to become functional.

A 14 MLD Desalination Plant with investment of Rs. 90 crores is pending with Ministry of Urban Development since June 2007. the proposal may be sanctioned quickly so that potable water for Rural population-domestic, hospitals, schools etc. may be supplied. Forest Corporation employees and their families [total 2000] living in forest Areas-Krishna Nala, Balu Level etc in Little Andaman have no drinking water facility. Forest Encroacher's pre and post 78 having 15000 population have no drinking water facility. In some backward revenue village and in Nicobar District, drinking water pipeline is to be laid or damaged pipeline has to be changed. Whatever water is being supplied in rural areas 90% is raw water causing different water borne diseases like jaundice, gastro-enteritis, typhoid etc. Necessary funds for filter bed, clean water tank, sump for raw water etc may be sanctioned so as to ensure daily potable water supply to the Rural Population.

Ayush Hospital is foundation stone was laid by Hon'ble L. K. Advani and inaugurated during 2005 by Shri M. R. Bhakta, Ex-

M.P. As per norms of Ministry of Health and Family Welfares every PHC, CHC, and Dist. Hospitals should have at least 1 stream of Ayush but yet to be achieved though qualified Doctors are available in these Islands. Existing post of Ayurvedic/Homeopathy medical officers (Ayush) filled on contract basis working over 5-24 years yet to be regularized. Requirement of Ayurvedic/Homeopathy medical officers with supporting staffs (approx. 78) for the Ayush unit in the A & N Islands in 31 centres (PHC, CHC, Dist. Hospitals etc). Kindly sanction the funds for opening of Centres with other infrastructure fund, medicines, regular contract Doctors and sanctioned post with fund etc. immediately.

Funding for purchases under Jawaharlal Nehru National Urban Transport Mission [JNNURN]. In Port Blair City 48 buses (State Transport Services)- insufficient to cope up with the number of tourists visiting many historical important places or monuments, memorials connected with Indian Freedom Struggle. Population in Port Blair city is 3 lakhs and increasing at a rapid speed. Central institute of Road Transport recommended 50 more buses in the fleet of STS Dept. is facing shortage of fund. Request for 44 new buses under JNNURM sanctioned-DPR already sent to the Ministry of Urban Development on 12.6.2009.

City of Port Blair (Capital of A & N Islands) may be included as Mission City under JNNURM for procurement of 44 buses with sanction with fund.

A & N Islands Forest & Plantation Dev. Corporation Ltd: - This corporation was one of the Navaratna PSU in India. In 2002, the Supreme Court Judgement suspended extraction activities and many restrictions on sale of Logs resulting hard hit period for its 1600 permanent employees and the depending members compassing 10000 reeling under uncertainty, resulting lack of facility of education of the children, affecting their health, livelihood, food etc. and living like half dead living beings. There was revival proposal submitted by the TATA Consultancy Services in 2002 but no action was taken on this. In the HMAC meeting during December 2006 express the need for the speedy revival process. In the IDA meeting on 19th June, 2003 endorse the same − revival of ANIFPDCL. Ministry of Environment and forest assured the Rajya Sabha assurance committee on 18th January, 2006- the Ministry will take appropriate action to revive the Corporation. 6th Pay Commission and salary/wages extended to the employees of A & N Admn/Central government Employees/Municipal employees etc. except the employees of Corporation. With the excuse of restructuring and revival proposal pending with the Ministry for approval since many years. Second pay revision of the group 'D' employees (Industrial after serving 30-35 years labours are getting wages even on today Rs. 3000-4000/- per month which is lower than the minimum wages of Rs. 156/- per day in A & N Islands.

6th Pay Commissions recommendation and Industrial workers wages according to today's 6th Pay Commissions recommendations should be implemented with providing fund. Revival package and one time financial support as grant should be given.

Laying Optical Fiber Cable landing station at Port Blair-Granting of funds Rs. 527 Crore: Laying of Submarine optical fiber cable was discussed in the 10th IDA meeting (19/01/2003). Expert group suggested to go ahead with the project.

Submarine optical fiber cable is suited to these Islands and has the potentials for being used by many agencies like Andaman & Nicobar Unified Command, Coast Guard, Defence Agencies, IT-based Industries and National E-governance etc. Department of Telecommunication has allocated Rs. 181/- crores in 11 th Plan, which was taken up by Planning commission with additional funds as a special PM's package to A & N Islands. Ministry of Communication and Information Technology through DO letter, dated 13/02/2009 to Hon'ble Lt. Governor , informed estimated cost of this project has gone up from Rs. 344.14 crores to Rs. 527 crores. Hon'ble Lt. Governor and Chief secretary has pursued the matter vigorously.

Ministry of Finance may kindly allocate funds to the tune of Rs. 346/- crores as special package for A and N Islands.

Acute shortage of fund in APWD sectors and non-APWD sectors:

Department projected fund requirement 2009-10 as Rs. 151.25 crores but Annual Plan of 2009-2010 restricted to 76.45 crores. Committed liability in APWD is Rs. 74.80 crores. Two-years old works sanctioned could not be imeplemented. Sanctioned work (New) have to be dropped. Non-payment of bills over 6 to 8 months of APWD/Zilla Parishad/Municipal Council etc. is amounting to over Rs. 120 crores. As a result the basic payment of wages and salaries, Government dues etc. has made the situation more complicated.

Additional Rs. 70 crores required to be provided to APWD. Immediate release of Rs. 120 crores for clearing non-payments of the contractors.

Foreign Flights connectivity to Port Blair (Veer Savarkar International Airport). Domestic Airport at Port Blair was declared as International Airport in May, 2007. Parking Space constructed for boarding and un-boarding of Passengers. Foreign Tourist has increased (Example: 2003-04-4281, in 2006-07-(10,975). International flight connectivity will boost Tourism in A & N Islands. Keshab-

DSS note @ 0900 hrs.?

Tourism-Indian Airlines and other private airlines-air fares against Islanders and Tourism. A & N Islands situated remotest corner of the country and connected by sea or air routes. The current trends of charging exorbitant ranging 15000 to 24000 one way by three airways company (jetlite, Sahara & Indian Airlines) is beyond the reach of common people. The price for two hour flight is more than double/tripple charged by any airlines operating in any other sector in India or in operating international sector. Return fares for Kolkatta/Chennai to Singapore/Bangkok/Malaysia range from 12000/- to 15000/-. Abnormally high fares have not only affected the permanent Islanders but also Tourism Industry which is the only industry with job avenues. In Port Blair and adjoining rural areas many hotels/lodges/paying guest accommodations constructed by the entrepreneurs from bank loan-with a view to cater the needs of LTC tourist of Steel Authority of India and other PSUs. Suddenly this facility has been withdrawn. Resulting hardship not only the owners, but also to tourist guides, tourist vehicle owners etc.

International Airlines Viz. Thai Air, Singapore Airlines, Malaysian Airlines operate flights from their country of origin to Chennai/Kolkata/via Port Blair and provide incentives by allowing them to carry domestic passengers between Chennai/Kolkatta & Port Blair. 2) Easy connectivity for the international tourist. 3) Facilitate the locals to travel to Chennai/Kolkatta and back at an affordable cost. 4) Allow outbound tourist from Port Blair to reach these countries of South Asia directly from Port Blair other than traveling to Chennai/Kolkatta and flying back to these countries. 5) Allow export of fisheries and other products to these countries will boost the fishing industries. 6) LTC tourist with 5 days stay of Railway, other PSUs may be allowed with tourist point of view particularly Naman the National memorial (Cellular Jail).

Increase of Old Age, Widow, Handicapped, Pension which is presently Rs. 500 is paid as pension per month and it should be increased to Rs. 3000 per month, keeping cost Index in view-"Jine ke layak Rupeeya"

Stretcher Patient-Single Ticket Presently for the cost of six Air-ticket is charged. But previously, Cost of Single Air-ticket was charged for it during NDA Government period. Only Cost of Single Air-fare may be reverted, considering the backward class status of this UT.

Forced divorcee pension should be provided. Presently no such pension is paid. Considering the difficulties experienced by forced divorcee, Rs. 3000 per month may kindly be sanctioned.

Bank Erosion-Retaining wall should be constructed. Lots of Farmers suffered due to erosion. No proper survey is carried out by the competent authority so land cost due to bank erosion, be compensated by allotment of alternate land.

National Illness Fund (BPL extend upto Rs. 8000/- per month) should be set up. Rs. Fifty lakhs sanctioned for treatment of Islanders in Mainland Hospital, suffering from major diseases such as Cancer, Heart Ailment, Brain Tumor etc. Same schemes may kindly be revived which should cover the persons with permanent income of Rs. 8000/- for Super specially treatment. Sanction for Rs. 2 crores be accorded by G.O.I. for the purpose.

The proposed NIT at Port Blair should remain functional: **-** Ministry of HRD communicated the Administration on 1st June, 2009 that NIT at Andaman & Nicobar Islands will be shifted to Pudducherry. We have objections to it as Pudducherry is having one Government Engineering college and five Private Engineering colleges. Pudducherry is having one Medical Engineering college named JIPMER and 5-6 private medical engineering colleges also.

NIT of A & N Islands may remain there itself. Establishment of Medical college-Port Blair (A & N Islands). As per DPR estimated cost for establishment of Medical College have been projected Rs. 277.61 crores. Health and Family Welfare Ministry may provide Rs. 277.61 crores as Plan Fund.

SHRI ADHIR CHOWDHURY (BAHRAMPUR): Sir, at the outset I must appreciate and applaud the Budget proposals that have been enshrined in the Budget speech of the hon. Finance Minister, Shri Pranab Mukherjee. The Budget proposal enunciates the goals, objectives, priorities and policies for the coming days. The Budget should not be read in the relevance of the current year only. The relevance lies in the broad policy parameters for the future with an objective to shrug off the Indian economy from the recessionary trend which has been prevailing all over the world. This is the simple equation.

Sir, my first reaction to this Budget proposal is that it is reminiscent of Gandhian days that still India begins and ends in villages. This is the first time what I have witnessed that all sections of our society have participated in the pre and post Budget discourse. This is a very new dimension and I think it is healthy for any body polity as Budget is meant for the economic security of common people. Naturally, the enthusiasm of the common people which was expressed in various fora ranging from farmers to industrialists, I think, is

the inherent virtues of Indian economic resilience.

Sir, just for example, I will recall the Tsunami scenario. The earthquake induced by volcano took place in the distant land from our country. But we have not been able to resist the cascading effect of that devastation which even ravaged the Indian coasts.

Sir, in the same analogy we should observe that the financial Tsunami which took place in the distant Atlantic shore have had a spilling effect on all emerging and developing countries including India. We have not been able to escape ourselves from the financial toxication occurred in America and European countries. But for what I am going to appreciate our Government is, as you are well aware, that a dying patient needs adrenaline. If you do not put adrenaline at the right time to a dying patient, it will simply invite death. Similarly, the stimulus packages which were administered in our financial system, act as an adrenaline which had staved off the scourge of global financial meltdown.

Sir, I must appreciate the RBI authority who took a number of ingenuous and innovative measures to ensure the flow of liquidity in our financial system to the tune of Rs. 3,00,000 crore.

I got prompted to quote Subba Rao, RBI Governor that our approach was crossing the river by feeling the stones. Sir, the cost of interest got reduced. The repo rate and the reverse repo rate got reduced and a plethora of monetary and fiscal policies that were adopted by the UPA Government had rescued our economy from the abysmal depths of despair. ...(*Interruptions*) We cannot ignore this.

The BJP leader Dr. Murli Manohar Joshi and some other leaders also were alluding that in the Budget Speech, our Finance Minister has assured four per cent agricultural growth. I would suggest that they should read the Budget Papers a little bit sincerely where it has been stated that in the recent past, the sector has recorded a growth of about four per cent *per annum* with substantial increase in plan allocations and capital formation in the sector. Yes, the objective of the UPA Government is to increase the growth of agriculture to four per cent because without sound agriculture, we will not be able to feed our ever increasing population....(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN : Please conclude now.

SHRI ADHIR CHOWDHURY : If you allow me, I will make only two or three suggestions....(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: There are many hon. Members to speak. We have to conclude it. Otherwise, it will go up to mid-night. Other Members may not be interested to wait till Twelve of the Clock in the night.

SHRI ADHIR CHOWDHURY : I am giving only two or three suggestions.

MR. CHAIRMAN: You can give it in writing.

SHRI ADHIR CHOWDHURY : I would like to draw the attention of the hon. Finance Minister to one important aspect. Sir, I am fortunate enough that the hon. Finance Minister is already present here in person.

MR. CHAIRMAN: Both of them are here. Do not worry.

SHRI ADHIR CHOWDHURY : There are about 44,000 villages in which the population of Scheduled Castes is above 50 per cent. A new scheme called *Pradhan Mantri Adarsh Gram Yojana* is being launched this year on a pilot basis for the integrated development of 1000 such villages. Here, I would like to propose to the hon. Finance Minister that this scheme should not be confined only to the Scheduled Caste people populated villages. I would request the Finance Minister to extend the same scheme to the Scheduled Tribe people populated areas also....(*Interruptions*)

Sir, the other day, the Home Minister admitted here that the sphere of influence of the naxalites has been increasing in the tribal people populated area. So, more schools, IT education, etc. should be introduced in the tribal areas. ...(*Interruptions*)

Now, I would like to put one question only. What is the net worth of our total public sector companies? What is the average rate of Government equity in the public sector companies and what is the net worth of our Government equity in those public sector undertakings.

With these words, I conclude.

*m20

श्री इन्दर सिंह नामधारी (चतरा): माननीय सभापति महोदय, मैं ज्यादा समय नहीं लूंगा क्योकि आप समय के बारे में सबको समझा रहे हैं।

लेकिन मैं केवल आपका ध्यान फाइनेंस मिनिस्टर की उस उक्ति की ओर दिलाना चाहूंगा जिसमें उन्होंने कौटिल्य को उद्धृत किया है। He has mentioned about Kautilya. The hon. Minister says:

"I intend to take Kautilya's advice."

मैं कौटिल्य की सलाह लेना चाहता हूं। मैं इस बारे में आपको बताना चाहता हूं कि कौटिल्य ने क्या सलाह दी?

"In the interest of the prosperity of the country, a King shall be diligent in foreseeing the possibility of calamities."

कोई भी देश का शासक हो, उसमें यह शक्ति होनी चाहिए कि आने वाली मुसीबतों के बारे में पहले सोच सके कि यह मुसीबत देश पर आने वाली है। इतना ही नहीं कहा इसके साथ यह भी कहा -

"The King shall try to avert them before they arise, overcome those which happen, remove all obstructions to economic activity and prevent loss of revenue to the State."

यह कौटिल्य ने कहा। लेकिन सभापति महोदय क्या इस पर कभी सरकार चली? कौटिल्य कहते हैं कि अगर कोई मुसीबत आने वाली है तो शासक को पहले से उसका पूर्वानुमान होना चाहिए। लेकिन क्या हमारे देश में कभी ऐसा हुआ? अगर पूर्वानुमान होता तो चीन कभी भी तिब्बत पर कब्जा नहीं करता। जब 1962 में चीन ने हिंदुस्तान पर हमला किया तो भारत की फौजों की क्या दुर्गति हुई। Mr. Chairman, Sir, you may remember what happened in 1962. तब हमारे देश की सेनाओं की बहुत दुर्गति हुई। अगर हमारे देश के शासकों ने सोचा होता कि कौन सी मुसीबत आने वाली है तो आज हिंदुस्तान की यह दुर्गति नहीं हुई होती। उसी तरह से मैं कहना चाहता हूं कि यहां के शासकों ने नहीं सोचा कि हमारे देश के समक्ष क्या समस्याएं आने वाली हैं। श्री प्रणव मुखर्जी आ गये हैं, वह बहुत सुलझे हुए, बहुत एक्सपीरियंस्ड व्यक्ति हैं। इसलिए मैं उन्हें याद दिला रहा हूं कि भारत के शासकों ने कभी नहीं सोचा कि इस देश में कौन सी मुसीबत आने वाली है। आज हिंदुस्तान के बहुत से प्रांत उग्रवाद की चपेट में हैं, नक्सलिज्म बढ़ा हुआ है। क्या कभी सरकार ने सोचा कि इस नक्सलिज्म को हम कैसे खत्म करेंगे या इसे पनपने के पहले रोकने की कोई कोशिश की गई? अभी कल ही छत्तीसगढ़ में इतनी बड़ी दुर्घटना हो गई, वहां एस.पी. समेत दर्जनों लोग मारे गये। क्या कभी सरकार ने यह समझने की कोशिश की कि इस समस्या पर हम कैसे विजय पा सकते हैं और इसे कैसे रोक सकते हैं? हमारा Jharkhand State, from which I come, is now in the grip of naxalism, but no mention has been made in this Budget about how to solve the problem of naxalism. इसलिए मैं आदरणीय प्रणव दा से कहना चाहता हूं कि आपका यह बजट पोलिटीशियन का बजट है, स्टेट्समैन का बजट नहीं है। मैं जब कहता हूं कि यह पोलिटीशियन का बजट है, इस पर डा. राधाकृष्णन कहा करते थे, the politician thinks of the next election whereas the statesman thinks of the next generation. यह बजट आने वाली संतानों के लिए नहीं है, यह बजट आने वाले चुनावों के लिए है। इसलिए मैं इसे पोलिटीशियन बजट की संज्ञा देता हूं, इसे स्टेट्समैन के बजट की संज्ञा नहीं देता हूं। अगर यह पोलिटीशियन का बजट नहीं होता तो आप इस बजट में देखें कि जिन-जिन प्रांतों में चुनाव होने वाले हैं, वहां पर आपने कुछ न कुछ गिफ्ट दिया है। लेकिन जहां चुनाव नहीं होने हैं, उन्हें आप भूल गये हैं। आप 'आइला' में बंगाल को एक हजार करोड़ का पैकेज देते हैं, इस पर किसी का कोई विरोध नहीं है। लेकिन क्या बिहार में कोसी के प्रभावित लोगों को ऐसा पैकेज नहीं मिलना चाहिए था या जो उग्रवाद से प्रभावित झारखंड राज्य है, क्या उसके लिए विचार नहीं होना चाहिए था? इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि it is a politician's Budget, it is not a statesman's Budget. इसके अलावा आप महाराष्ट्र को जो भी पैसा देते हैं, आपने मुम्बई की सीवरेज के लिए तीस सौ करोड़ रुपये दिए हैं, क्योंकि वहां चुनाव होने वाले हैं। जहां-जहां पर आपने सोचा कि चुनाव होने वाले हैं, वहां-वहां आपने कुछ न कुछ सौगात दी। लेकिन जो राज्य पिछड़ गये हैं, उनके लिए कुछ नहीं है।

महोदय, आपने कौटिल्य की बात कही, मैं वित्त मंत्री जी को उसी को याद करा रहा हूं कि कौटिल्य के साथ-साथ उन्हें कालिदास के मेघदूतम् को भी पढ़ना चाहिए। जिसमें कालिदास ने कहा कि शासक को टैक्स का तरीका इस तरह से रखना चाहिए, जैसे बादल का होता है। They take the water from the ocean. वे समुद्र से पानी लेते हैं और जाकर देश और प्रदेश के गावों में, खेतों में उसे बरसाते हैं। इसलिए टैक्स का तरीका यह होना चाहिए कि आप बड़े लोगों से पैसा संग्रह करें और गरीबों के बीच बांटे। लेकिन बजट में उसकी भी कमी है। मैं अपने टाइम को फोरगो करना चाहता था, ताकि कोई दूसरा साथी एकोमोडेट हो सके। लेकिन चेयर से ऑर्डर होने के बाद मैं अपनी बात जल्दी समाप्त कर रहा हूं, हालांकि मेरे पास कहने के लिए बहुत कुछ है। क्योंकि मैं आंकड़ों के जाल में सदन को फंसाना नहीं चाहता। बहुत से विद्वानों ने अपने विचार यहां रखे हैं। मैं केवल यह कहना चाहता हूं कि आने वाली संतानों के लिए सोचिये, देश की स्थिति क्या होने वाली है इर्रिस्पैक्टिव पार्टी एंड पोलिटिक्स, तब यह देश बचेगा, नहीं तो इस देश के सामने बहुत सारे संकट के बादल आने वाले हैं।

इसलिए मैं वित्त मंत्री जी से कहूंगा कि मैंने उग्रवाद की समस्या की तरफ आपका ध्यान खींचा और मैं आपको बता दूं कि जो आज के होम मिनिस्टर के प्रिडिसैसर श्री शिवराज पाटील थे, he went to Chatra. He went to Palamau district of Jharkhand. उन्होंने कहा कि हम यहां पर पायलट प्रोजैक्ट आपको दे रहे हैं। डिस्ट्रिक्ट एडमिनिस्ट्रेशन को कहा गया कि आप योजनाएं भेजिये। लेकिन डेढ़ साल हो गया, वहां से स्कीम्स भेजी गईं, but they have been thrown into the dustbin. कोई देखने वाला नहीं है। अगर इस प्रकार के भेदभाव से काम किया जायेगा, तब इस देश का सर्वांगीण विकास नहीं होगा। इसलिये मैं आपके माध्यम से सरकार से कहना चाहता हं कि अगर कौटिल्य को कोट

किया है तो उसके उपदेशों पर चलिये ताकि इस देश की उन्नति हो, देश आगे बढ़े, समृद्ध हो और यह देश दुनिया की एक बड़ी ताकत बने।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

*m21

श्री मनोहर तिरकी (अलीपुरद्वार): सभापति महोदय, माननीय वित्त मंत्री जी ने वर्ष 2009-10 के बजट का जो लेखा-जोखा पेश किया है, उस संबंध में माननीय सदस्यों ने यहां अपने सुन्दर विचार रखे हैं। मैं देख रहा हूं कि देश का बजट जब भी यहां रखा गया हो, कांग्रेस पार्टी या यू.पी.ए. सरकार हो, मूलभूत समस्या को दूर करने की कोशिश नहीं की गई है। जो पंचवर्षीय योजना की परिकल्पना की गई है या 11वीं पंचवर्षीय योजना पेश की गई है, फिर भी देश में भुखमरी, गरीबी, बेरोज़गारी बढती चली जा रही है। ये मूलभूत समस्यायें हैं जिनके बारे में देश को सोचना चाहिये। माननीय वित्त मंत्री जानकार आदमी हैं।

सभापति महोदय, पं. जवाहर लाल नेहरू ने देश में बड़ी बडी इंडस्ट्रीज लगाने की बात की थी ताकि उससे देश की जनता को काम मिल सके। उसके बाद स्व. इन्दिरा जी ने भी कोशिश की और पूरे देश में बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया। कोयला क्षेत्र का राष्ट्रीयकरण कर देश की सम्पति बढ़ाने की कोशिश की। स्व. राजीव जी ने भी कोशिश की लेकिन उसके बाद हमने देखा कि गाँधी परिवार खत्म होने के बाद नया उदारीकरण शुरु हुआ। देश की समपत्ति बढ़े लेकिन वैश्वीकरण और निजीकरण के नाम पर उसे बेचने की बात चल रही है। यह बड़े अफसोस की बात है कि देश का पैसा सामाजिक क्षेत्र में कम हो गया है। लेकिन लड़ाई, रक्षा के क्षेत्र में बढ़ाया है। यह तो अच्छी बात नहीं है लेकिन सब से ज्यादा मुश्किल यह है कि नक्सलवाद और माओवाद के नाम पर उनकी ओर ध्यान नहीं दिया गया है। अगर सरकार विकास के कार्य करेगी तो नौजवानों को काम मिल सकता है। आदिवासी क्षेत्र जो नक्सलवाद से प्रभावित है,. उसका विकास नहीं हुआ है। लोगों को रोज़गार नहीं मिल पा रहा है। जब विकास का काम किया जायगा तो नक्सलवाद नहीं रह सकता है।

सभापति महोदय, माननीय वित्त मंत्री हमारे प्रदेश बंगाल से हैं। हमारे राज्य में चाय उद्योग सबसे बड़ा उद्योग है। हम लोग सब चाय पीते हैं। चाय क्षेत्र में पुरानी व्यवस्था चल रही है जिससे नुकसान हो रहा है। चाय उद्योग बंद हो रहा है। मैं चाहूंगा कि सरकार चाय बागानों की अर्थ-व्यवस्था ठीक करे। सरकार पूंर्वी राज्यों को रियायतें दे रही है। इनमें असम और सिक्किम आते हैं। मैं चाहूंगा कि उत्तर बंगाल जो आदिवासी क्षेत्र है, उपेक्षित है जहां चाय उद्योग के अलावा कुछ नहीं है, वहां प्रकृतिक सम्पदा है, उस क्षेत्र के लिये रियायतें दी जायें ताकि लोगों को काम मिल सके। प्राकृतिक सौन्दर्य के कारण पर्यटन उद्योग को बढ़ावा दिया जा सकता है।

सभापति महोदय, महंगाई बढ़ रही है। ट्राइबल क्षेत्र की दुर्दशा हो रही है। मैं चाहूंगा कि सरकार बंगाल के बारे में कुछ सोचे। वहां जन वितरण प्रणाली को मज़बूत किया जाये, राशनिंग व्यवस्था से सस्ते दर पर गरीब लोगों को खाद्य सामग्री उपलब्ध कराये। इस व्यवस्था से जनता की स्थिति संभल सकती है। मैं आम जनता की समस्याओं को ध्यान में रखते हुये बजट में इन प्रस्तावों को रखने का अनुरोध करता हूं और अपनी बात समाप्त करता हूं।

SHRI ADHI SANKAR (KALLAKURICHI): Mr. Chairman, Sir, the new Budget in the New Lok Sabha, the Fifteenth Lok Sabha is to be passed soon. On behalf of our party, DMK, I welcome the Budget. At this juncture, I would like to thank our leader Dr. Kalaignar Karunanidhi, our Deputy Chief Minister Thalapathi Mu. Ka. Stalin, Tamil Nadu Agriculture Minister Veerapandi Arumugam, Tamil Nadu Higher Education Minister Mr. Ponmudy, and the people of my Kallakurichi constituency for having sent me to this august House.

Speeding of growth, building rural infrastructure, providing job opportunities, and extending social security measures are the four important thrust areas in this Union Budget. I find that your have found the model form of our leader, Dr. Kalaignar and his budgets in a row from 2006. Our Finance Minister was an eye witness to the pro-poor and pro-farmer announcements of Dr. Kalaignar when he assumed office for the fifth time. He announced Rs. 2 a kilogram of rice which Kalaignar himself has brought down to Re. 1 a kilogram now. Immediately after taking oath, he fulfilled his vow to waive the cooperative loans to the tune of Rs. 7000 crore. While drawing a road-map for nation's economy, our Finance Minister Shri Pranab Mukherjee follows the blueprint and the footsteps of our leader Dr. Kalaignar.

The hallmark of this year's Union Budget is increasing allocation for NREGS to Rs. 39,100 crore. It is a welcome measure. The Central Government's spending on both rural and social sector will touch Rs. 71,000 crore while Rs. 1 lakh crore will be for infrastructure. Our Finance Minister had tried to pour milk to the empty stomach of the poor; every BPL family will get Rs. 25 kilogram of rice or wheat per month at the rate of Rs. 3 per kilogram. This may be extended to all the ration card holders who depend on ration shops for rice to eat. Kalaignar's Farm Loan Waiver Scheme was adopted by the UPA Government. Now the low price rice and wheat scheme is also followed by the Centre emulating Tamil Nadu. When we face economic slowdown, this is necessary. Only the responsible social visionaries can understand and implement this. All the Governments in the future will make budgetary provisions for this scheme. After passing the Food Security Act, it will become mandatory. So the absence of Budget allocation for this is not a thing to cry about. Some wolves are crying. The poor are in dark woods of poverty.

Some of these popular schemes cannot be dismissed as populist. After feeling the pulse of the people, some of these schemes are implemented. To feel the pulse, you need a hand and the heat energy of the sun. Sun is essential to support life. Both the clouds and clouts must know this.

Even after floods and droughts in several parts in Tamil Nadu, food production increased last year. It is proposed to be increased

further this year. This is because of modern agricultural methods. The Government of Tamil Nadu has been paying over and above the Minimum Support Price for rice and incentives to both paddy and sugarcane growers. The Central Government gives Rs. 900 per quintal for paddy; at the same time the Tamil Nadu Government gives Rs. 1000. It is Rs. 100 extra. For the fine quality paddy, the Central Government is giving only Rs. 930; at the same time the Tamil Nadu Government gives Rs. 1100 for the same. For sugarcane also, the Central Government gives only Rs. 811; at the same time the Tamil Nadu Government gives Rs. 1050 for the same. In the wake of higher target fixed by the Tamil Nadu Government and its earnest efforts, the Centre must come forward to help the Tamil Nadu Government that has enhanced MSP for both rice and sugarcane.

Mr. Chairman, Sir, inter-linking of rivers is a very important issue. There is no mention about the linking of Ganges with Cauvery in this year's Budget. The Central Government must come forward to help the State Government for promoting such ventures. The Tamil Nadu Government has announced in this year's Budget to link Cauvery with Gundar from Kattalai. The second scheme is linking of Tamirabarani-Karumeniyar-Nambiyar. With an allocation of Rs. 200 crore, this scheme is to be taken up. The Central Government must come forward to extend financial assistance to such visionary schemes. This will solve the problems of both drinking water and irrigation supply.

Our hon. Minister for Chemicals and Fertilizers aims at giving subsidy directly to our farmers. He has taken up measures to make it nutrient-based. This will really help our farmers directly.

After 18 years, the Centre's fiscal deficit will be 6.8 per cent of GDP. Market borrowings would be about Rs. 4,51,093 crore. It is about Rs. 90,000 crore more than the projected fiscal deficit. The balancing act of our Finance Minister must be congratulated. He provides a cushion to the poor, marginalised and also the farmers. He takes care to save them from being hit heavily by the collapse of the world economy.

Subsidies and social security measures help to protect the buying capacity of our common man. Focus on women and providing education to minorities and marginalised groups are dear to our Chief Minister and to our Deputy Chief Minister Thalapathi Mu. Ka. Stalin. Various incentives to help our rural children for completing school education are there in Tamil Nadu. While enacting the Right to Education Act, the Central Government must follow the Tamil Nadu Government model.

Sir, the Government of Tamil Nadu has allocated Rs. 5 crore for improving the standard of camps for Sri Lankan Tamils in Tamil Nadu. I find that the Centre has earmarked Rs. 500 crore only for Tamils in Sri Lanka who are living in camps in their own country. Our Chief Minister has expressed hope that the Sri Lankan authorities would solve the problems faced by the civilians there. It is time that the Tamil civilians there do not remain refugees living in camps maintained by their Army. It is time that peaceful life and social security are extended to Sri Lankan Tamils. They must be helped to settle down in their homeland. The Government of India must take effective steps in this regard.

Human Resource Department and Health are important. The Government of Tamil Nadu has come forward to offer its share for the Centre to upgrade the Madurai Rajaji Hospital as a multi-speciality hospital like the All India Institute of Medical Sciences at New Delhi.

Textile units and sago units which are having effluent treatment plants must get subsidy. In my constituency, Kallakurichi, most of the sago units are there. The Union Government must evolve a plan to help the State Governments like Tamil Nadu to give incentives for effluent treatment plants that go for manufacturing manures, producing electricity, etc. from the waste. For such effluent treatment plants, electricity subsidy also must be considered.

Sir, I would like to make a request to the hon. Finance Minister to set up one Parliament Office in each Parliament constituency, and also to post one Parliament Officer there.

Another important point is that in Tamil Nadu, each MLA is getting Rs. 1.5 crore per year as MLA Fund but each Member of Parliament is getting only Rs. 2 crore per year under MPLADS. Sir, I have got six Assembly constituencies. So, the money provided to the Members of Parliament under MPLADS may kindly be raised to Rs. 6 crore per year.

Every Panchayat in Tamil Nadu is provided with Rs. 20 lakh under the All Villages Anna Marumalarchi Scheme. In the last three years, a sum of Rs. 1,524 crore has been spent and Rs. 509 crore has been allotted for this Scheme during this year. I would like to urge upon the Central Government to evolve a matching scheme in this Centenary year of Anna, the former Chief Minister of Tamil Nadu and the great statesman of India. This is also necessary because rural development was dearer to Gandhi and Nehru.

With these words, I would like to extend my support to this General Budget and conclude.

MR. CHAIRMAN : Hon. Members, there are 35 Members yet to speak on the Budget. We have to finish the debate today within three to four hours, otherwise, it would be midnight. I would, therefore, request that each speaker must take just three to four minutes to express his views, and if there is any written speech, that may be permitted to be laid on the Table of the House. So, please

cooperate with the Chair

*m23

श्री पशुपति नाथ सिंह (धनबाद): सभापति महोदय, हम सामान्य बजट पर चर्चा कर रहे हैं। हर राज्य की अलग पर-कैपिटा इनकम है। कहीं पर एक व्यक्ति की औसत आमदनी 16-17 हजार रूपये है और किसी राज्य में एक लाख रूपये है। निश्चित रूप से वित्त मंत्री जी से अपेक्षा थी कि इस विषमता को दूर करने के लिए केन्द्र सरकार पहल करेगी। लेकिन केन्द्र सरकार और वित्त मंत्री जी मौन हैं। इससे निश्चत रूप से विषमता बढ़ती है और राष्ट्रीयता पर खतरा उत्पन्न होता है और क्षेत्रीयता आगे आती है। भारतीय राजनीति में लगतार देखने को मिल रहा है कि क्षेत्रीयता की भावना बढ़ रही है और राष्ट्रीयता की भावना कम हो रही है। इसलिए माननीय वित्त मंत्री जी से विनम्रतापूर्वक आग्रह करूंगा कि पर-कैपिटा सामान्य रूप से न सही, लेकिन कम से कम उसमें इतना अंतर नहीं होना चाहिए कि लोगों में आक्रोश और गुस्सा रहे। इस वैश्वीकरण के युग में पूरा देश का बाजार एक ही है, यदि आमदनी भी एक नहीं हुई तो जिस बात की चर्चा की गई कि हम यहां बिलो-पोवरटी लाइन को अगले वर्ष आधा करने का काम करेंगे। वह कदापि संभव नहीं हो सकता है।

महोदय, मैं कल-परसों अपने क्षेत्र के दौरे से आया हूं और जिस गांव में भी जा रहा हूं, उस गांव में, खास तौर से महिलाएं सामने आ रही हैं, वे लाल कार्ड खोज रही हैं। जिसके तहत उनको पेंशन और विधवा पेंशन मिले। इसी बात के लिए आधे से अधिक जनता हमारे पास आती है। यह मेरे साथ ही नहीं है, अपितु यहां बैठे सभी माननीय सदस्य जब गांव का दौरा करते होंगे तब यही तस्वीर दिखाई देती होगी।

महोदय, वित्त मंत्री जी ने अपने बजट में युवा शक्ति की बात कही है और उसे प्रोत्साहित करने की भी बात की है। यदि दस-बीस युवा संसद में चुनकर आ गए तो इसे युवा शक्ति का सशक्तीकरण नहीं कहा जा सकता है। छात्रों को ऋण देने की बात बजट में कही गइ और छात्रों को उच्च शिक्षा और व्यवसायिक शिक्षा पर लगने वाले ऋण पर सब्सिडी प्रदान की जाएगी। लेकिन जब कोई छात्र उच्च शिक्षा के तहत ऋण लेने के लिए बैंक के पास जाते हैं, यदि उनका खर्च पांच लाख रूपये है तो उनको डेढ़ लाख रूपया ही स्वीकृत किया जाता है।

वित्त मंत्री जी, पूरे देश के बैंकों से उनके पास कितने आवेदन आए और कितनी स्वीकृति हुई, अगर इस डाटा को देखेंगे तो निश्चित रूप से निराशा ही दिखाई देगी। केन्द्र सरकार ने जो योजना बनाई है, उसका लाभ छात्रों को नहीं मिल पाता है, खास कर जिन गरीब छात्रों की चिन्ता की गई।

सभापति महोदय, मैं किसानों के ऋण के बारे में निवेदन करना चाहूंगा कि ऋण माफी की घोषणा सरकार के द्वारा हो गई, लेकिन उसके जो कुपरिणाम दिखाई दे रहे हैं कि जितने भी किसान बैंक में जाते हैं, जिनका ऋण बाकी था, जिनके ऋण माफ करने के लिए घोषणा की, उन्हें बैंक ऋण देने के लिए तैयार नहीं है। उनकी स्थिति खराब हुई है, इसकी वजह से सरकार को भी उनकी ऋण माफी के लिए निर्णय लेना पड़ा। हम उनके भविष्य की और देखते हैं, लेकिन इस कार्रवाई में ऋण माफी के लिए, ऋण देने के लिए बैंक तैयार नहीं है।

सभापति महोदय, मैं एक बात प्रमुखता से कहूंगा कि पूरे देश में अकाल का वातावरण है और अनावृष्टि हुई है, जिसकी वजह से लोग त्राहि-त्राहि कर रहे हैं।...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN : Please wind up.

श्री पशुपति नाथ सिंह : सभापति महोदय, मैं एक मिनट में अपनी बात समाप्त कर रहा हूं। हम यहां पहली बार जीत कर आए हैं, इससे पहले हम बहुत बार विधायक एवं मंत्री रह चुके हैं। आसन को इस मिथक को भी तोड़ना चाहिए। जब चर्चा होती है तो पूरे पांच वर्ष नए 25-30 लोग सत्ता पार्टी और 25-30 लोग विपक्ष के मुंह ताकते रह जाते हैं, इसलिए हम पर भी थोड़ी कृपा की जाए।...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: Please try to wind up.

श्री पशुपति नाथ सिंह : सभापति महोदय, मैं आपके आदेश का पालन करूंगा। यह जो अनावृष्टि और सुखाड़ की स्थिति है. इस पर माननीय वित्त मंत्री जी को ठोस निर्णय लेना चाहिए। इतना ही आग्रह करते हुए मैं अपनी बात समाप्त करता हूं। आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए आपको बहुत-बहुत धन्यवाद ।

SHRI C. RAJENDRAN (CHENNAI SOUTH): Hon. Chairman, it is a great day for me, a red letter day in my life to stand in this august House, the highest forum of Parliamentary democracy in this country, and to put on record my maiden speech in this Fifteenth Lok Sabha.

At the very outset, I would like to thank my leader, the General Secretary of my Party, AIADMK, hon. Dr. Puratchi Thalaivi Amma for having given me this golden opportunity to serve the people of South Chennai Parliamentary constituency in Tamil Nadu.

I also owe my deep sense of gratitude to my electorate for having chosen me as their representative to voice and redress their grievances in the Fifteenth Lok Sabha.

Hon. Chairman, we all know that the country is going through period of recession, as is the case with the other countries of the world. We expected the Finance Minister to bring the country out of recession but I find that no concrete measures have been proposed in the Budget to tackle the problem.

To begin with, price rise is a very big issue that is starring at the face of common man. With another bout of rise in petroleum prices

last month, it is going to increase the prices of day-to-day consumable items. This is going to hit the common men, for whom there is no proportionate rise in their salaries.

Hon. Chairman, the paltry hike in the income-tax exemption limit as Rs.10,000 for individuals in general and Rs.15,000 for senior citizens has greatly disappointed the lower and middle income groups. The removal of the income-tax surcharge benefits only higher income individuals with an annual income of more than Rs.10 lakh. This paltry increase in exemption limits makes very little sense, especially in the context of spiraling prices of essential commodities and a very bleak employment scenario. This is particularly disappointing for India's huge middle-class, which is the worst hit by the economic meltdown. I urge the Finance Minister to raise the income-tax exemption limit to Rs.5 lakh.

The hon. Finance Minister made an allocation of Rs. 120 crore for the multi-purpose national citizens' identity card. It is going to be a very massive exercise and it would incur heavy expenditure. The amount allocated is so meagre that it could never make a start. When will the scheme be completed? Will the hon. Finance Minister make additional allocation for this purpose?

Hon. Chairman, Sir, the condition of lakhs of civil Tamilian refugees in the Sri Lankan camps is appalling. Food is short, sanitation is non-existent and medicines are not available. The wounded and traumatized civilians are in desperate need of help. The Tamils existing in refugee camps need to go back to their homeland with dignity and honour at the earliest.

The AIADMK in its election manifesto has promised that if voted to power, it would prevail upon the Government of India to sanction Rs. 10,000 crore as rehabilitation package for the Eelam Tamils. The hon. Finance Minister's announcement of Rs. 500 crore for the rehabilitation of Eelam Tamils is meagre and pays only lip service. On behalf of the AIADMK and our Party General Secretary Puratchi Thalaivi Amma, I urge the Government to sanction Rs. 10,000 crore as rehabilitation package.

In the case of Delhi, the hon. Finance Minister has allocated additional funds to meet the expenditure proposed to be incurred on account of the Commonwealth Games. The capital city of Delhi had hosted Asian Games earlier. By holding of such games, additional infrastructure is developed and the city gets developed. I would request that such sports or games should be held in other metropolitan cities like Mumbai, Kolkata, Chennai, Bangalore, Hyderabad etc. This will ensure development of the respective cities. Actually, this happens in other countries of the world. Why can we not hold such games in other cities of India as well?

In the case of Chennai, our hon. Amma has constructed Nehru Stadium exclusively for this purpose and we have other stadiums at Chennai. They are all under-utilised. If we hold such games in other cities of the country, in rotation, each city would get developed automatically.

My Party leader hon. Amma has been insisting time and again to bring back illegal money kept in foreign banks by some Indian nationals. It has been admitted by the Government that illegal money of Indian citizens outside the country in secret bank accounts will be brought back to India with the coordination of the governments of those countries. Will the Government come forward to place a White Paper in this regard? I would like to know from the hon. Finance Minister whether a timeframe has been fixed in this regard or not.

Hon. Chairman, Sir, hon. Finance Minister in his Budget speech has stated in para no. 52 that it is estimated that over five lakh students from weaker sections will be benefited by way of education loans. Is the Government aware of the fact that most of the banks insist for immoveable property documents as security even for smaller loans? Will the Government instruct the banks suitably for timely disbursement of education loans and be user-friendly?

Sir, before I conclude, I would like to quote what Dr. Rajendra Prasad said − "Whatever the Constitution may or may not provide, the welfare of the country depends upon the way the country is administered. That will depend upon the men who administer it."

I expect that the men who govern, administer the country for the poor and the common men.

*m25

श्री मदन लाल शर्मा (जम्मू) : मोहतरिम चेयरमैन सर, मैं आपका मशकूर हूं कि आपने मुझे मोहतरिम खजाना मंत्री की तरफ से पेश किए गए बजट पर बोलने का मौका दिया। मैं अपनी तकरीर को लम्बा भी नहीं करूंगा और रिपीट भी नहीं करूंगा। जो मेरे ऑनरेबिल मैम्बर साहेबान ने अपनी तकरीर के दौरान नुकात उभारे हैं, मैं उनको दोहराऊंगा तो मैं हाउस का वक्त जाया करूंगा। जंगे आजादी के बाद हमारे मुल्क हिन्दुस्तान ने जो तरक्की की है, हम सब अच्छी तरह से जानते हैं कि इस देश में डैमोक्रेसी आ जाने के बाद इस देश ने योजनाबद्ध तरीके से पांच साला मंसूबे के तहत पिछले सात वर्षों में हर शोबे में जो तरक्की की है, यह उसी का नतीजा है।

हमारे मोहतरम खजाना मंत्री, जिनको मैं इन्सानियत की मूर्ति का खिताब देता हूं कि उन्होंने बड़ी दूरअंदेशी के साथ, बड़े सोच-विचार के साथ, जैसे उन्होंने अपनी बजट तकरीर में कहा कि उन्होंने देश भर के बुद्धिजीवी लोगों और तमाम रियासतों के खजाना मंत्री साहेबान से मशविरे लेकर इस बजट को आखिरी तश्कील दी और इस ऑनरेबिल हाउस में पेश किया। मैं उनकी सराहना करना चाहता हं कि उन्होंने

आजादी के बाद यह एक तारीखी बजट पेश किया है। यह इस मायने से कहा जा सकता है कि पहली बार सही मायने में ऐसे एरियाज़ को लाया गया, जैसे कहते हैं कि यह मुल्क हिन्दुस्तान देहातों में बसता है और पहली बार देहात के लोगों को इस बजट में शामिल करके उनकी तरक्की के लिए रूरल डैवलपमेंट सैक्टर के अन्दर बहुत ज्यादा रकामात को बढ़ाना या तालीम के शोबे में अपने बजट में पहले की बनिस्बत ज्यादा रकामात देना, तिब्बी सहूलियत के लिए, जैसे हैल्थ सैक्टर के अन्दर ज्यादा पैसा रखना और मुख्तलिफ किस्म के शोबों को जो तरजीह दी गई है, मैं एक-एक को गिनाऊं तो उसमें समय लगेगा, लेकिन इनके एक-एक लफ्ज़ की मैं तारीफ करता हूं, ताईद करता हूं।

इसके साथ मैं दो बातें कहकर अपनी तकरीर को खत्म करूंगा। यहां तक मैं कह सकता हूं कि इन्होंने साबिका फौजियों के साथ अर्सादराज़ से जो बेइंसाफी हुई और राष्ट्रपति के खुतबे के अन्दर यह दर्ज हुआ कि आने वाले सौ दिन के अन्दर वन रैंक वन पैंशन को लागू करेंगे तो मैं वजीरे खजाना को मुबारकबाद पेश करना चाहता हूं कि जिन्होंने अपने उस वायदे को इस बजट तकरीर में शामिल करके पूरा किया है। लेकिन मैं एक राय देना चाहता हूं कि यह वह तबका है, जो लाखों की तादाद में है, चाहे फौजी सर्विस के अन्दर हैं, वे सरहदों पर इस मुल्क के मुहाफिज़ बनकर बैठे हैं, पहरा दे रहे हैं, हमारी रक्षा कर रहे हैं, जहां साबिका फौजी, जो अपनी जिंदगी का बेहतरीन हिस्सा इस मुल्क की खातिर देकर वापस आये हैं, उनकी तकलीफात को एड्रैस न करना, मैं समझता हूं कि उनके साथ एक बहुत बड़ी ज्यादती थी, लेकिन हमारी इस यू.पी.ए. सरकार ने और खजाना मंत्री जी ने यह जो वायदा पूरा किया है, मैं इनको बधाई देता हूं, क्योंकि फौजी आदमी, जिन्होंने अपनी सर्विस के दौरान तपते हुए रेगिस्तान, बर्फानी चोटियां, सतह समन्दर और सय्यारों तक की निगहबानी की होगी, जब रिटायरमेंट के बाद जब वे अपने घर को वापस आते हैं तो उनके मसायल, उनकी मुश्किलात की तरफ कोई नहीं देखता है। उनका गुजारा और उनके साथ फरका-फरकी भी होती है, चूंकि पहली सरकारों ने शायद इस तरफ ध्यान नहीं दिया, इन्होंने दिया है, इसलिए मैं इनको मुबारकबाद देना चाहता हूं और इसी के साथ मैं कहना चाहता हूं कि इस बजट में वह दरज नहीं, जैसे सिक्स्थ पे कमीशन लागू हुआ। मैं कहना चाहता हूं कि बाकी शोबों के अन्दर बहुत सारे कमीशन बनाये गये हैं।

17.00 hrs.

डिफेक्ट पर्सनल के लिए भी एक कमीशन लागू होना चाहिए। उसकी तैनाती होनी चाहिए, ताकि वक्तन-फक्तन चाहे वे हाजिर फौजी हैं, साहब के फौजी हैं, डिफेंस पर्सनल हैं, वे अपनी मुश्किलात वहां दर्ज करायें और उनकी मुश्किलात का अजाला हो जाए। उस कमीशन को लीगल अख्तियारात भी मिलें, ऐसा मेरा कहना है। यह इसमें शामिल होना चाहिए।

महोदय, हमारे मुल्क हिंदुस्तान के चारों तरफ बार्डर है। मैं जिस रियासत से आता हूं, जम्मू-कश्मीर, उसने बहुत सारी जंगें देखी हैं। मैं कह सकता हूं कि वर्ष 1962 की जंग तो सारे देश के लोगों ने एक तरफ देखी, लेकिन वर्ष 1965, 1971 और 1999 की जंग, ज्यादातर रियासत जम्मू-कश्मीर उससे मुतास्सिर हुयी। इसके साथ मैं यह भी कहना चाहता हूं कि जम्मू-कश्मीर, गुजरात से लेकर, राजस्थान, पंजाब और जम्मू-कश्मीर, चाहे वह इंटरनेशनल बार्डर हो, चाहे वह एक्चुअल लाइन आफ कंट्रोल है, उसके मसाइल देश के बाकी हिस्सों से मुखतलिफ हैं। जो आदमी आधी दर्जन के करीब जंगों का शिकार हुआ हो, वह अपना मकान कैसे बनाता? वह तबाह और बर्बाद हो जाता है। वह अपनी सेल्फ डेवलपमेंट भी नहीं कर पाता, लेकिन सरकार की तरफ से वहां ज्यादा इफ्रास्ट्रक्चर क्रिएट नहीं किए जाते। इस बजट में नहीं, जैसे इन्होंने यह तरजीह दी है और देहातों की तरफ अपनी तवज्जो ले गए हैं, मैं कहना चाहता हूं कि इन सरहदी रियासतों - गुजरात से लेकर कश्मीर तक, उसमें राजस्थान भी हो, पंजाब भी हो, जम्मू-कश्मीर हो, उसके लिए अलग प्लानिंग और अलग बजट बनाकर उसकी निगरानी रखी जाए, ताकि जो लोग पिछले साठ वर्षों से पिछड़े हैं, जहां इफ्रास्ट्रक्चर में कई मील पीछे है, जहां मेडिकल स्कूल नहीं है, कनेक्टिविटी नहीं है, वहां टेलीफोन की फैसिलटी नहीं है, ऐसी बहुत सारी फैसिलटी नहीं हैं, उन सबके बारे में मैं कहना चाहता हूं।

महोदय, कई बार ऐसा होता है कि पाकिस्तान की तरफ अनप्रोवोक्ड फायरिंग वक्तन-फवक्तन होती है। लोगों की फसलों पर गोलाबारी होती है और उनकी फसल तबाह हो जाती है। लोगों की टांगें चली जाती हैं, जानें चली जाती हैं, लेकिन सरकार की तरफ से कोई कंपन्सैशन नहीं मिलता। लोगों के मवेशी तबाह हो जाते हैं। मैं कहना चाहता हूं कि इस बजट में अगर खजाना मंत्री जी ने इतनी दूर अफरादिली दिखायी है, दूरंदेशी दिखायी है, तो मैं कहना चाहता हूं कि एक पैरामीटर रखना चाहिए और उनकी जान-माल और जायदाद इंश्योर होना चाहिए, उनकी फसल का फ्री इंश्योरेंस होना चाहिए, ताकि सरहदों में बसने वाले बगैरवर्दी इस मुल्क के मार्फत, जो फ◌ा के साथ अपने दुश्मन का मुकाबला करें और इस मुल्क की रक्षा कर सकें।

महोदय, आपने मुझे बोलने का समय दिया। आखिर में मैं काईद सोनिया जी, प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह जी, खजाना मंत्री जी और हमारे उभरते सितारे राहुल गांधी जी का भी धन्यवाद करता हूं कि जिन्होंने अपनी तजावीज के जरिए इस बजट की किताब को छापने में अपना योगदान दिया। इतना कहते हुए मैं आपसे रूखसत चाहता हूं।

17.03 hrs.

(Shri Francisco Cosme Sardinha in the Chair)

श्री शरीफुद्दीन शारिक (बारामुला): जनाब सदरनशीं, आपका बहुत-बहुत शुक्रिया कि आप हमें दो-तीन मिनट बोलने का मौका दे रहे हैं। यह सब को मालूम है कि हमारा आइन, हमारे मुल्क का सोशलिस्ट आइन है। समाजवाद के उसूलों पर मबनी आइन है। साठ साल आजादी के गुजर जाने के बाद गरीबी और अमीरी के दरमियान अभी बहुत फर्क है। एक तरफ करोड़ों-अरबों में खेलने वाले हैं और दूसरी तरफ बच्चों को दवा की टिकिया देने के लिए तरसने वाले हैं। हमारा बजट, हमारी प्लानिंग इस तरह की हो कि अब गरीब और अमीर के दरमियान जो बहुत ज्यादा फर्क है, उसको पाट दिया जाए। मैं फाइनैंस मिनिस्टर साहब से गुजारिश करूंगा, जैसे सभी दोस्तों ने कहा कि हमारा भारत, हिंदुस्तान देहात में मुस्तमिल है। इसकी 80 परसेंट आबादी गांवों में है। गांवों के विकास के लिए ज्यादा से ज्याद तवज्जो देने की जरूरत

है। गांधी जी ने कहा था कि जब तक हम गांवों के लोगों की भलाई का काम नहीं करेंगे, तब तक हम देश की भलाई का काम नहीं कर सकते। इंदिरा आवास योजना स्कीम के तहत देहात में गरीब लोगों को मकान बनाने के लिए 25 से 30 हजार रुपये दिए जाते हैं जबकि इस समय साइकिल का टायर न जाने कितने रुपये में आता है। महंगाई कमर तोड़ है, होशरुबा महंगाई है। इसलिए मैं गुजारिश करूंगा कि इंदिरा आवास योजना के तहत लोगों को देहात में घर बनाने के लिए कम से कम एक लाख रुपये दिए जाएं।

इसी तरह औरतों की तालीम की तरफ ध्यान देते हुए, क्योंकि आबादी का निसफिसा है, उसमें इस किस्म के इकदाम उठाने चाहिए कि हम ज्यादा से ज्यादा लड़कियों और बच्चियों के कालेज मुखतलिफ रियासतों में खोलें। जहां ज्यादा बैकवर्डनैस है, वहां उनके लिए ज्यादा कालेज खोलें।

इसी तरह हम अकलियत की बात कर रहे हैं, मैं अकलियत नहीं मानता, हिन्दुस्तान की सबसे बड़ी मुसलमानों की दूसरी अकसरियत है, उनके विकास के लिए, उन्हें गरीबी से, अंधेरे से निकालने के लिए सरकार ने वाकई कुछ काबिले-कदर इकदाम किए हैं, जिन्हें हम सराहते हैं। लेकिन इसमें मजीद बेहतरी लाने की जरूरत है। उनकी तालीम, उनके रोजगार, उनके समाजी बहबूद और दूसरी तरक्कियों के लिए काम करने की अशद जरूरत है, जैसे इस हाउस में बहुत से दोस्तों ने बात की है। सिर्फ मुसलमान ही नहीं, बल्कि मुल्क में जो गरीब लोग, पिछड़े, कुचले लोग रहते हैं, वे चाहे किसी भी धर्म के हैं, किसी भी मजहब से हैं और मुल्क के किसी भी हिस्से में रहते हैं, हमारे बजट की सिमत ऐसी होनी चाहिए कि खुद-ब-खुद उनकी तरफ ज्यादा हाथ जाए, ज्यादा पैसा जाए, ज्यादा विकास जाए।

जम्मू कश्मीर की रियासत ने कमर तोड़ महंगाई के बावजूद, ज़ाया न होने के बावजूद, पहाड़ी रियासत होने के बावजूद, दूरदराज रियासत होने के बाजजूद सिक्स्थ पे कमीशन का पैसा दे दिया। हम पिछले बीस सालों से मिलिटैंसी से जूझ रहे हैं। हमारे हजारों, लाखों लोग मारे गए। हमारे पास यतीमों की एक फौज है, बेवाहों की एक फौज है, हाथ और पांव कटे हुए लोगों की एक फौज है, उनके लिए ज्यादा तवज्जह देने की जरूरत है। हमारे हिन्दु दोस्त, पंडित भाई जो हमारी जिस्मों-जाम का हिस्सा हैं, जो हमारे सकाबथ का हिस्सा हैं, जिनके बगैर हमारी कोई कीमत नहीं रहती, उन्हें अपने ही देश से, अपनी ही रियासत से उठकर दूसरे हिस्से में महाजन बनकर जाना पड़ा, माइग्रेशन करना पड़ा। मैं इस हाउस से, आपकी वसाकत और हुकुमत से गुजारिश करता हूं कि उनके लिए खास पैकेज दिया जाए ताकि उनके बच्चों को रोजगार मिले। वे सड़-सड़कर इस समय कैम्पों में हैं, उनका कोई दोष नहीं है। उनके लिए खास तवज्जह देने की जरूरत है।...(व्यवधान)

हमारे एक दोस्त ने एमपीलैड के बारे में बात की है। जब हमारे मोहतरम अटल जी प्रधान मंत्री थे, उनके साथ एक मीटिंग हुई थी। उस वक्त उन्होंने लगभग यह बात तसलीम की थी कि हम एमपीलैड का पैसा पांच करोड़ रुपये तक बढ़ाएंगे। शायद उसी वक्त दो करोड़ रुपये हुए थे। हमने उनके सामने पांच करोड़ रुपये की मांग रखी थी और उस पर उन्होंने हमदर्दाना गौर करने का यकीन दिलाया था। एमपी यहां बात करेंगे, धुंआधार, लच्छेदार तकरीर करेंगे, जब गांव वाले कहेंगे कि हमें यहां पचास हजार रुपये का कल्वर्ट बनाना है, उनके पास पैसे नहीं होंगे तो वे आगे क्या देखेंगे। मैं गुजारिश करूंगा कि एमपीलैड स्कीम के अंतर्गत कम से कम पांच करोड़ रुपये दिए जाएं। ...(व्यवधान)ठीक है, दस करोड़ रुपये ही सही, मेरे हाथ में होता तो मैं पन्द्रह करोड़ रुपये करता, यह उनके हाथ में है।...(व्यवधान) मै समाप्त कर रहा हूं।...(व्यवधान) जैसे मैंने कहा कि कश्मीरी पंडितों की रीहैबिलिटेशन के लिए एक पैकेज दिया जाए।

हमारे पास इतना पानी है कि जम्मू कश्मीर रियासत में 25 हजार मेगावाट पावर पैदा करने की क्षमता है, ताकत है, लेकिन हमारे पास पैसे नहीं हैं। मैं उसकी तरफ तवज्जह मांगता हूं, बल्कि यह अर्ज करूंगा कि पंडित जवाहर लाल नेहरू के वक्त में ...(व्यवधान) पाकिस्तान के साथ जो वाटर ट्रीटी हुई, उस वक्त कश्मीर के दरिया पाकिस्तान को दिए गए और पंजाब के दरिया यहां रखे गए। हम ज्यों ही कुछ काम करना चाहते हैं, वुलर बैराज का काम करना शुरू किया, पाकिस्तान वाले फटाफट आ गए और उन्होंने हमें काम से रोका। वह काम दस साल से रुका हुआ है।

मैं गुजारिश करूंगा कि उसके मुआवजे आप हमें पैसा दीजिए, क्योंकि आपने हमारा ही पानी उनको दिया है। उसके मुआवजे में जो नुकसान हमें उठाना पड़ता है, हमें उसके बराबर...(व्यवधान) इसी तरह कश्मीर में लाखों बेकार नौजवान हैं और वही बाद में उनके लिए ईदन बनते हैं, जो उग्रवाद चलाना चाहते हैं। ...(व्यवधान) सभापति महोदय, मैं एक मिनट में अपनी बात समाप्त कर रहा हूं।

अंत में, मैं कहना चाहूंगा कि वहां बेरोजगारी का मसला है। इसके साथ लालफीते का आम मुल्क में शिकायत है वही दफ्तरी घिसाघिस, जो अंग्रेजों के वक्त में होती थी। कागज जल्दी नहीं चलते, इसकी तरफ ध्यान देने की जरूरत है। ...(व्यवधान) इसके साथ आपने फूड सिक्योरिटी में जो कदम उठाया है, वह बहुत ही खूबसूरत कदम है। इसकी मैं ताईद करता हूं और साथ ही अर्ज कर रहा हूं कि हर एक मैम्बर को शिकायत है कि उन्हें यहां बोलने का टाइम नहीं मिल रहा है। हमारी सबसे यह गुजारिश है कि आप पार्लियामैंट का वर्किंग टाइम ज्यादा बढ़ायें। इस तरह जब कोई दो मिनट में बोलने के लिए उठता है, तो तुरंत ही घंटी बजती है। ...(व्यवधान) बाकी की बातें जब वह यहां बोल नहीं पाता, तो लोग वहां उसकी घंटी बजायेंगे।

MR. CHAIRMAN : You give others also a chance to speak.

श्री शरीफुद्दीन शारिक : लिहाजा आप पार्लियामैंट का दिन बढ़ायें, वक्त बढ़ायें।

MR. CHAIRMAN: Nothing should go on record now. Thank you. If you want, you can place the rest of your speech on the Table.

*(Interruptions) **

*Not Recorded.

श्री गणेश सिंह* (सतना): माननीय वित्त मंत्री जी ने वर्ष 2009-10 के बजट प्रस्तुती के दौरान बड़े जोर देकर कहा है कि यह बजट आम आदमी का तथा महामहिम राष्ट्रपति जी के दिये गये अभिभाषण को शत प्रतिशत पूरा करेगा। जबकि ऐसा नहीं दिखाई दे रहा है। बजट में जो आंकड़ेबाजी दिखाई गई है वह वास्तविकता से बहुत दूर है क्योंकि देश के जो वास्तविक हालात हैं, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में अत्यंत चिंताजनक है । लोग लगातार कर्ज के बोझ से दब कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर रहे हैं। मैं स्वयं एक ऐसा उदाहरण दे रहा हूं। मेरे उम्र के वे अधिकांश युवा जो गांव में हमारे साथ शिक्षा अध्ययन करते थे आज गरीबी के कारण वहां से नहीं निकल पाये और उन्हें अब जब मैं देखता हूं तो मुझे उनके जीर्ण शीर्ण हालात को देखकर तरस आता है। न स्वास्थ्य की चिंता और गरीबी ऐसी कि दोनों समय का पेट भर भोजन नसीब नहीं होता। गरीबी दिनोंदिन बढ़ रही है परन्तु वित्त मंत्री जी ने 2014 तक देश की गरीबी को आधे से कम करने का दावा किया है। उन्होंने कृषि में वार्षिक 4 प्रतिशत की वृद्धि बनाये रखने की बात कही है जबकि यह सही है कि कृषि उत्पादन व्यय एवं पर्याप्त वर्षा का अभाव, खेती का धंधा घाटे का है। किसान कर्ज के बोझ से लदा है और आत्महत्या कर रहा है। जिस देश का 70 प्रतिशत आदमी खेती पर काम कर रहा है उस सेक्टर की इतनी उपेक्षा क्यों। कुल बजट में जितना व्यय करने का प्रावधान किया गया है उसका मात्र एक प्रतिशत राशि कृषि क्षेत्र में खर्च करने से खेती का धंधा भला फायदे का कैसे हो सकता है। शासकीय सिंचाई बिजली, जिस अनुपात में किसानों को चाहिए नहीं मिल रही। प्राकृतिक आपदायें बारिश की अनिश्चितता के चलते किसान हर वर्ष कर्ज से डूबता जा रहा है।

वित्त मंत्री जी यदि कृषि क्षेत्र को मजबूत करना चाहते हैं तो सबसे पहले बजट में प्रावधान बढ़ायें। देश के किसानों को एक बार पूरा कर्ज माफ करें। हर खेत को पानी तथा पर्याप्त बिजली देकर किसान के लागत खर्च के अनुपात में फसल का दाम दिलाने को पहल करें तभी 4औ वृद्धि दर बनाये रख सकते हैं अन्यथा नहीं।

कृषि क्षेत्र में जो आंकड़े दिये जाते है वह सही नहीं होते। अभी हाल ही में प्रधान मंत्री जी कहा था कि कृषि में वृद्धि दर एक प्रतिशत बनाये रखना भी कठिन हो रहा है लेकिन वित्त मंत्री जी ने 4 प्रतिशत वृद्धि दर बनाये रखने की बात जो कही है वह गलत है। पहले कभी देखा कि अर्थव्यवस्था में कृषि को 21 प्रतिशत योगदान रहता था और देश की अर्थव्यवस्था का आधार खेती माना जाता है, लेकिन बजट में कृषि

---

* Speech was laid on the Table

क्षेत्र में किये जा रहे खर्च पर गहरा प्रश्नचिन्ह है, देश की संसद को इस पर गहरा चिंतन करना चाहिए क्योंकि एक तरफ उत्पादन व्यय बढ़ रहा है। एक क्विंटल गेहूं पैदा करने में 950/- रूपये से अधिक का खर्च आता है और वह बाजार में 1080/- प्रति क्विंटल बिकेगा तो किसान कैसे मजबूत होगा।

बजट में वित्त मंत्री जी ने 2014 तक गरीबी 50 प्रतिशत कम करने का दावा किया है, लेकिन उनकी आर्थिक स्थिति कैसे मजबूत की जायेगी। इसका उल्लेख नहीं किया गया क्या गरीबी रेखा से नाम इसलिए काट दिया जायेगा कि उसके घर में पक्का शौचालय बन गया है या बिजली कनैक्शन हो गया है या उसे आवास उपलब्ध कर दिया गया है या रोजगार गारंटी योजना में नाम जोड़ दिया गया। इसलिए मैं एक उदाहरण मध्य प्रदेश का देना चाहता हूं। प्रदेश में 2002 में गरीबी रेखा की संख्या 42 लाख परिवार थी। जब वहां भाजपा की सरकार बनी तो गांव गांव में लोग मांग कर रहे थे कि मेरी पात्रता होने के बाद भी गरीबी रेखा में नाम नही जोड़ा गया, तब राज्य सरकार ने पुनः गरीबी रेखा का सर्वे कराया जिसकी संख्या बढ़कर आज 62 लाख परिवार हो गई।

मेरा यह मानना है कि गरीबी बढ़ते क्रम में है। गरीबी मिटाने का नारा इंदिरा जी ने दिया था लेकिन गरीबी मिटने के बजाय बढ़ते क्रम में है। देश का जो आंकड़ा 100 में 36 लोग गरीबी में हैं, यह गलत है। सच्चाई तो यह है कि देश में वास्तविक गरीब परिवारों की संख्या 60 प्रतिशत से अधिक है।

2014 में वित्त मंत्री जी ने गरीबी रेखा आधी करने की जो घोषणा की है उसे वापस लेवें और प्रत्येक बी पी एल परिवारों की माली हालत सुधारने के लिए समयबद्ध कार्यक्रम चलायें।

मा0 वित्त मंत्री जी ने देश की सबसे सफल योजना रोजगार गारंटी योजना को सफल माना है और 100 रूपया प्रतिदिन मजदूर को मजदूरी पाने की बात कही है जबकि यह गलत है। सच्चाई तो यह है कि नरेगा में औसत मजदूरी मात्र 35 रूपये ही मिल पा रही है क्योंकि जो टास्क रेट है उसके तहत जो जितना काम करेगा उतना मजदूरी पायेगा। रोजगार गारंटी योजना में व्यापक सुधार यदि नहीं किया जायेगा तो योजना में कोई भी एजेंसी काम नहीं करा पायेगी, उक्त योजना में व्यापक शिथिलता आई है।

इस योजना में मजदूरी का भुगतान बैंकों के माध्यम से होता है जबकि मजदूर को हफ्ते भर चक्कर मारने के बाद भी मजदूरी बैंक से नहीं मिल पा रही है। इसी तरह उक्त योजना में पक्के कार्यों में जो प्रतिबंध लगा है उसे समाप्त करना चाहिए। वित्त मंत्री जी ने बजट में प्राकृतिक आपदा से जूझ रहे राज्यों को मदद का प्रावधान नहीं किया। एक तरफ पश्चिम बंगाल को आहला के लिए एक हजार करोड़ तथा महाराष्ट्र को एक हजार करोड़ दिया गया लेकिन मध्य प्रदेश जैसा राज्य तो पिछले 4 साल से प्राकृतिक आपदा की मार झेल रहा है। केंद्रीय अध्ययन दल की सिफारिश के बाद भी मांग की गई 24 हजार करोड की सहायता पर एक रूपया नहीं दिया गया। यह वित्त मंत्री का घोर पक्षपात का कदम है। इतना ही नहीं बिहार, उड़ीसा, झारखंड, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़ जैसे कई राज्य हैं जो लगातार आपदाओं

के शिकार रहे हैं, उन्हें एक रूपया नहीं दिया गया।

वित्त मंत्री जी ने ऊर्जा विकास एवं समान वितरण की बात कही है, मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि केन्द्र सरकार ने ऊर्जा के वितरण में भयंकर पक्षपातपूर्ण कार्य किया है। मध्य प्रदेश को केन्द्रीय पूल से 552 मेगावाट बिजली मिलती थी उसे काट कर आज 31 मेगावाट बिजली दी जा रही है। लगातार मांग करने के बाद भी न्याय नहीं दिया गया।

बजट में देश में बढ़ती हुई मंहगाई को रोकने के लिए थोड़ी भी कहीं जिक्र नहीं किया। केन्द्र सरकार का मूल्य नियंत्रण पर लगता है विश्वास खत्म हो गया है। एक तरह गरीबी मिटाने की बात कही गई है दूसरे तरफ उस गरीब आदमी की क्रय शक्ति की चिंता नहीं की गई। आज हर चीज के दाम बढ़े हैं उन पर कब नियंत्रण होगा और आखिरकार मंहगाई पर कौन नियंत्रण करेगा। मैं मानता हूं कि देश यह जानना चाहता है, वित्त मंत्री जी कृपया बतायें।

केन्द्र सरकार की योजनाएं शिथिल पड़ती जा रही हैं। राष्ट्रीय राजमार्गो की हालत अत्यंत खराब है। मेरे लोक सभा क्षेत्र के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 75 जो खजुराहो जैसे ऐतिहासिक पर्यटन स्थल से होते हुए पन्थ राष्ट्रीय उद्यान एवं हीरा खदान के लिए जो जगह विख्यात है, होते हुए सतना जहां भगवान राम ने 11 वर्ष तक तपस्या की है, पूरा रोड जो आज दुर्घटना वाली सड़क के नाम से जाना जा रहा है, उसको चार लाइन करने एवं सतना शहर के बाहर बाईपास निर्माण करने हेतु राष्ट्रीय राज मार्ग क्रम 7 जो मेरे क्षेत्र से होते हुए मां शारदा माता एवं बाबा अलाउद्दीन जी साधना स्थलों से होते हुए निकलती है उसके चौड़ीकरण करने एवं बी ओ टी योजना के तहत मैहर में रेलवे ओवर ब्रिज बनाने हेतु मैं पिछले 5 वर्षो से इसी सदन में बनाये जाने की मांग करता रहा हूं लेकिन बजट में प्रावधान होने के बाद भी आज तक स्वीकृति नहीं मिली। इसके साथ साथ सतना से एकरिया होते हुए इलाहाबाद रोड का निर्माण राष्ट्रीय सड़क निधि से कराये जाने की मांग करता हूं।

मध्य प्रदेश का ओरम्डा, खजुराहो पन्थ चित्रकूट सतना मैहार अमर कंटक रीवा बनारस का जो क्षेत्र है वह देशी एवं विदेशी पर्यटकों को आवागमन का क्षेत्र है। इसके साथ ही सतना एक बहुत बड़ा औद्योगिक क्षेत्र है लेकिन आज तक सतना में हवाई अड्डा होने के बाद भी हवाई सेवा नहीं है। मेरी मांग है कि सतना को दिल्ली, भोपाल, बम्बई से सीधे हवाई सेवा से जोड़ा जाये एवं मेरे क्षेत्र को केन्द्रीय पर्यटन सर्किट से जोड़ा जाये।

अंत में मैं बजट को असंतुलित पक्षपात से भरा हुआ, आम आदमी का विरोधी एवं खास आदमियों के पक्ष धर एवं मंहगाई बढ़ाने वाला बजट मानता हूं।

SHRI MOHAMMED E.T. BASHEER (PONNANI): Mr. Chairman, Sir, thank you very much for giving me this opportunity to make my observations on the Budget. I would like to say that this budget is presented with a sense of reality. In the contemporary Indian situation a budget of this type only can be presented. It is really development-oriented and targeting the downtrodden and marginalized sections of the society.

Hon. Finance Minister in his Budget Speech says that we have to meet three challenges. One is to lead the economy back to nine per cent GDP growth; deepening and widening of the agenda of inclusive development is the second challenge; and the third challenge is re-energizing of the administrative set up. These three challenges categorically prove that this Government has farsightedness. I would like to say that this Government can really implement such things.

When we talk about the economy in the light of the global economic meltdown we all can arrive at a conclusion that global economy's ups and downs will have an impact on Indian economy also. In this new world order no country can live in an island of its own. All nations are a part and parcel of the world developments. If you go through the Indian developments, we can be proud of saying that we have maintained a position hitherto. We were successful in dealing with this situation. Of course, there is some downward trend, I agree. At the same time we can say that fortunately India is having an inbuilt shock absorber system to resist this global economic meltdown.

When we talk about globalisation and things like that, this point was debated at length. Many discussions, debates, seminars, and things like that are going on. But one thing is sure. It has become a reality. India can really receive the impact of globalisation in Indian style. I would like to say that India can have 'Indianisation' of globalisation. That is what is narrated in the speech of the hon. Finance Minister.

If you just do a sort of analysis of Indian situation, what is our strength? Our strength is talented and skilled manpower. Ours is the youngest country in the world. We can make wonders. This 21st century is controlled by knowledge only. It is not an agro-based economy or industry-based economy. The economy of the 21st century is controlled by knowledge only. In this knowledge era we can give leadership to the entire world provided we make optimum utilization of the young manpower this country is having.

I would like to note that. Wisdom has been applied in this Budget on manpower generation and planning. I congratulate the Government and the Minister for having such a farsightedness in manpower utilization.

Coming to the minorities, the learned hon. Members who spoke before me expressed their feelings here. I agree with them and

endorse their views. There is a kind of a fear complex that if you do something for the minorities, your finger will be burnt. There is a kind of criticism in that. There is no question of appeasement. It is the constitutional right that the minorities are asking. It is the duty of the Government to give it. Certain bold steps will have to be taken. I agree. We did a lot of things. This Government was bold-enough to take some effective measures in that. But it should be done in a time-bound manner.

As an example, I would like to tell you about 93rd Constitutional amendment. There are many constitutional experts sitting here. What was the purpose of 93rd Constitutional amendment? 93rd Constitution amendment is just a three sentence amendment to clause 15 of the Constitution. It says that the State can introduce reservation system in all the educational institutions, whether it is aided or unaided. What happened to that? Nothing has been done to that. I would like to say that legislations are made, not to keep them in cold storage. They are to be implemented. I request the Government to take this very seriously and implement the things stipulated in the Constitution amendment.

I do not want to take much time of the House. An important point that I would like to raise is about the NRI voting rights. We have been discussing this point since long time. I would like to say that it is the most-justifiable demand. Considering the time constraints, I do not want to enter into the details. Many countries of the world have already introduced this system − whether it is proxy voting or voting through the Embassies.

MR. CHAIRMAN : Please wind up.

SHRI MOHAMMED E.T. BASHEER : I am going to conclude on health.

There is some specific recommendation in this. We have forgotten the significance of Indian system of medicine, that is, ayurvedic. There was a proposal to start an ayurvedic university in Kerala, in my constituency in Kottakkal. This idea was mooted during the period of former President of India Shri V.V. Giri when he had the treatment at Kottakkal. I urge upon the Government to do the maximum possible for the development Indian system of medicine and start an ayurvedic university in my place, that is proposed, at Kottakkal.

MR. CHAIRMAN : Please wind up. I am calling the next name.

SHRI MOHAMMED E.T. BASHEER : There is a small point for the poor patients also.

Financial assistance is sanctioned from the PM's Relief Fund. A lot of applications are pending; I realize that we have financial constraints in disbursing the funds. But the poor cancer patients are having endless waiting for that. I request the hon. Minister and the Government to give more allocation for this purpose.

I want to request one more thing for the kidney patients. The treatment cost is very expensive. Some special consideration for an exclusive Central fund may be allotted for the kidney patients.

In the end, I have only one thing for deaf and dumb, physically handicapped and mentally retarded students.

MR. CHAIRMAN : Please wind up.

SHRI MOHAMMED E.T. BASHEER : We have an Act in that regard. I request that that Act may be strictly adhered to.

With these few words, I once again express my thanks for giving me this opportunity.

श्री रेवती रमन सिंह (इलाहाबाद): माननीय सभापति जी, मैं आपका आभारी हूं कि आपने मुझे बजट पर हो रही चर्चा में भाग लेने का मौका दिया।

MR. CHAIRMAN : I would request the hon. Members to speak within their time.

SHRI REWATI RAMAN SINGH : Sir, how much time is allotted to me?

MR. CHAIRMAN: You are given five minutes because there are about 60 Members to speak.

SHRI REWATI RAMAN SINGH : In that case it is better that I should not speak.

MR. CHAIRMAN: You can make salient points and the rest of the speech you can lay on the Table of the House.

SHRI REWATI RAMAN SINGH : I am the Deputy Leader of the Samajwadi Party.

MR. CHAIRMAN: You can lay your speech on the Table.

श्री रेवती रमन सिंह : सभापति जी, आप मेरी बात सुनें। मैं समाजवादी पार्टी का डिप्टी लीडर हूं। आप सबको सात-आठ मिनट दे रहे हैं और मुझे केवल पांच मिनट में अपनी बात समाप्त करने के लिए कह रहे हैं। इससे तो यही अच्छा है कि मैं बिना कुछ कहे ही अपनी सीट पर बैठ जाता हूं।

MR. CHAIRMAN: No, you may continue.

SHRI REWATI RAMAN SINGH : If you do not allow me to speak, I forego my time.

MR. CHAIRMAN: You may continue.

श्री रेवती रमन सिंह : आप पुराने सदस्य भले ही न हों, लेकिन यह तो जानना चाहिए कि सदस्यों की क्या पोजिशन है, वे कौन सी पार्टी को बिलॉंग करते हैं।

MR. CHAIRMAN: You may start your speech.

श्री रेवती रमन सिंह : सभापति महोदय, मैं वित्त मंत्री जी द्वारा सदन में पेश किए गए वर्ष 2009-2010 के बजट पर बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। हमारे देश में आजादी के 62 वर्ष बाद आज भी करीब 72 फीसदी लोग खेती पर निर्भर करते हैं। लेकिन मुझे अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि इस बजट में किसानों के नाम पर उन्हें केवल झुनझुना या लॉलीपप दे दिया गया है। उनके लिए यह कहा गया है कि जो किसान समय पर इतना ऋण वापस कर देंगे तो उन्हें अगली बार छोटे किसानों को छः फीसदी और बाकी को सात फीसदी की दर से सूद देना होगा। मेरी मांग है कि किसानों को कम से कम चार फीसदी से ज्यादा ब्याज नहीं देना चाहिए, ऐसी व्यवस्था देश में होनी चाहिए। आज भी हमारा देश और हमारी अर्थव्यवस्था खेती पर निर्भर है, भले ही सरकार नौ प्रतिशत जीडीपी की अपेक्षा करे। अगर कृषि क्षेत्र से चार फीसदी से कम हिस्सा जीडीपी में आएगा तो नौ प्रतिशत की दर का आपने जो अनुमान लगाया है, यह कभी पूरा नहीं हो सकता।

मान्यवर, किसानों पर छः और सात फीसदी ऋण की ब्याज दर करने से ही आप उनका भला नहीं कर सकते। हमारे देश में आजादी के 62 वर्ष बाद आज भी सिर्प 38 प्रतिशत ही इरीगेटेड लैंड है। आज भी किसान मानसून पर निर्भर करते हैं। इस साल देखा जाए तो मानसून फेल हो गया है। मुझे ताज्जुब तो इस बात का होता है कि हमारे मौसम विभाग के अधिकारी भी इस बात लेकर चुप हैं और यह नहीं बता पा रहे हैं कि पानी कब बरसेगा। मैं मांग करता हूं कि अगर देश को आगे ले जाना है तो किसानों को अलग से विशेष पैकेज देना होगा। सिर्फ एक बार कर्ज अदायगी माफ कर देने से किसानों का भला नहीं होगा। किसान आज बहुत परेशान है। उत्तर प्रदेश में धान और गेहूं की जो खरीद हुई है, किसी भी किसान को भारत सरकार द्वारा निर्धारित सही मूल्य नहीं मिला है। मैं उत्तर प्रदेश की बात डंके की चोट पर कह सकता हूं। लेकिन मुझे अफसोस है कि कांग्रेस पार्टी के हमारे साथी इस बात को नहीं कह रहे हैं। प्रदेश में ऐसी सरकार है, जिसका कृषि और किसान से कोई लेनादेना नहीं है। यहां पर हमारे साथी दारा सिंह जी बैठे हुए हैं...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: Please sit down. Do not disturb him. Nothing should go on record.

*(Interruptions)**

श्री रेवती रमन सिंह : सही बात कहने की हिम्मत होनी चाहिए।...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: Please address to the Chair.

SHRI REWATI RAMAN SINGH : Sir, he is disturbing me.

MR. CHAIRMAN: Nothing is going on record. You may continue. You have one minute more to speak. You have six more speakers.

---

*Not Recorded.

श्री रेवती रमन सिंह : मैं एक बात कहना चाहता हूं कि वित्त मंत्री जी ने जो बजट पेश किया है, उसमें किसानों के लिए कुछ नहीं है।

दूसरा मेरा कहना है कि इस बजट में 6 प्रतिशत राजकोषीय घाटा है, इसे आप कैसे और कहां से पूरा करेंगे? यह एक चिंता का विषय है। राजकोषीय घाटा बढ़ते-बढ़ते 6 प्रतिशत पहुंच गया है बल्कि इससे ऊपर ही चला गया है, इसे दर्शाया नहीं गया है। इसे आप पूरा कहां से करेंगे? एक बात आपने कह दी कि हम पूंजी-विनिवेश करेंगे, लेकिन मान्यवर, मैं कांग्रेस पार्टी को याद दिलाना चाहता हूं कि माननीय जवाहर लाल नेहरू जी ने देश में जो पब्लिक सेक्टर की यूनिटें लगाई थीं, अमरीका और यूरोप की अर्थव्यवस्था फैल हो गयी, लेकिन आज चीन और भारत की अर्थव्यवस्था मंदी के बावजूद भी कायम हैं चाहे उसका प्रतिशत भले ही घटा हो।

MR. CHAIRMAN : Please conclude. You are the sixth speaker from your Party.

SHRI REWATI RAMAN SINGH : Sir, only four speakers have spoken from our Party.

MR. CHAIRMAN: So, you are the fifth speaker. Please conclude.

श्री रेवती रमन सिंह : आप बहुत जल्दी में हैं, आपकी भी मजबूरी है। लेकिन एक बात मैं कहना चाहता हूं। नरेगा की चर्चा सरकार बहुत जोर-शोर से करती है लेकिन नरेगा में केवल 50 प्रतिशत लोगों को काम मिला और अगर पांच आदमी के परिवार को सम्मिलित कर लिया जाए तो एक साल में केवल 10 हजार रुपये ही एक परिवार को मिले। आप बताइये, अगर एक आदमी के परिवार को आपने साल में 10 हजार रुपये दे भी दिये तो क्यों आप अपनी पीठ थपथपा रहे हैं? क्या आपने नरेगा स्कीम की मॉनिटरिंग की है कि यह स्कीम कैसी चल रही है? आपने 39 हजार करोड़ रुपया नरेगा में दिये हैं, माननीय पलानीमनिकम जी बैठे हुए हैं, एक उद्योग घराने को इन्कम-टैक्स 80(बी) में संशोधन करके, 50 हजार करोड़ रुपये का फायदा इस सरकार ने कराया है। नरेगा में 39 हजार करोड़ रुपये और एक घराने को 50 हजार करोड़ का फायदा, यह कहां का इंसाफ है। यह आम आदमी का बजट है या उद्योग घराने का बजट है, यह सरकार बताने की कृपा करे।

DR. RATNA DE (HOOGHLY): Respected Chairman, thank you very much for allowing me to speak in this august House.

I rise to support 2009-10 union Budget presented by the hon. Finance Minister, Mr. Pranab Mukherjee on 6th July, 2009. The Budget 2009-10 has been presented in a very difficult time. The world is going through its worst ever economic crisis since 1930s India. Despite its relative insulation is not out of that. The growth rate in the last fiscal has been reduced to 6.7 per cent after averaging almost to nine per cent in the previous five years. Along with that went down also employment and the purchasing capacity of the people both in the urban and rural India. This creates potential for social instability and agony.

By going with the Union Government's commitment towards growth with inclusive the challenges in front of the hon. Finance Minister were too many. In this background, one could evaluate the success of Budget from different perspectives. Firstly, to what extent can the Budget revive growth? It becomes crucial also for inclusiveness and reform. Secondly, to what extent can this Budget can meet the challenge of economic and social inclusion, *i.e.*, to what extent the division between the Bharat and India could be mitigated? Thirdly, what is the picture for second generation reform in the Budget? It becomes the real matter of concern in medium to long run. Lastly, to what extent this budget could create conditions for stability, thereby I mean both political and economic stability ?

As far as the objective of growth is concerned, this Budget is nothing but for growth. The problems of growth has been discussed both from the demand as well as from the supply also. Considering the immediate problem of the demand constraint, a substantial amount of money has been injected into the economy through a large fiscal stimulus. These fiscal stimulus came both in the form of large Government expenditure and marginal tax relief.

In terms of the Government expenditure this budget is the largest ever. The Budget proposes to spend a sum of Rs. 10.2 trillion which is an increase of 36 per cent over the previous year and this is in addition to earlier three big doses of fiscal stimuli over the last seven months. This is bound to boost demand substantially both for consumer goods and investment. Tax relief to salaried middle class is marginal. Our expectation was much more. I would request the hon. Finance Minister to lower the age limit of senior citizens for providing tax relief.

Now, I would like to come to the supply side. Infrastructure is the real bottleneck of the Indian growth story. Lack of infrastructure not only dampens private investment but also discourages Foreign Direct Investment. The hon. Finance Minister has realised this problem and allocated a huge sum of money for infrastructure creation with special emphasis on rural development. The allocation for Bharat Nirman has been raised by 45 per cent; allocation on irrigation benefit programmes has been raised by 27 per cent. The Budget also proposes to spend more than Rs. 12,000 crore to build urban infrastructure.

Sir, it is heartening to note that despite its over-riding emphasis on growth target of 9 per cent, the hon. Finance Minister has not deviated from the commitment of the UPA Government towards inclusive growth. In such difficult times, balancing these varied objectives was not easy because they meant huge fiscal deficit (almost 6.8%) on the part of the Government. But even at the cost of facing the allegations of financial profligacy, he has allocated huge sums of money for rural development, employment generation and various other welfare schemes.

Sir, I represent a constituency, namely, Hoogly in West Bengal. My constituency mostly is rural in character and the inhabitants are mostly villagers and villages. The literacy rate of women in those villages is very low. A sum of Rs. 500 crore has been allocated for the Self-help Groups. But women should be empowered and the illiteracy rate should be lowered down. Moreover, women should be empowered to move India forward. One should keep in mind what once our beloved & respected ex-Prime Minister, the late Rajiv Gandhi said, only 16 paise of a rupee reaches to beneficiary. It is astonishing but true. So, there is a need for reformation of the Administration. Record increase in allocation of NREGS by 144%.

Sir, two campuses of the Aligarh Muslim University are being proposed to be opened − one at Murshidabad in West Bengal and the other at Kerala. There is already a lot of murmur going on about the names of these two proposes campuses. I would request the hon.

Finance Minister to name the campus in Murshidabad as Bengal Aligarh Muslim University and Kerala Aligarh Muslim University respectively.

Sir, I would also like to request the hon. Finance to save the poor cotton weavers of Dhaniyakhali and Begumpur so that this age old traditional industry, popularly known as the *"Banglar Tanter Saree"* could survive and regain its lost glory.

Sir, my next point is about the BPL list. All the allocations of rural people in the BPL category were distributed to the actual beneficiaries through the BPL list. A proper BPL list should be prepared. There should be a mechanism devised and should be done under central monitoring and the list should be published irrespective of caste, creed and political affliations.

Sir, to conclude, this commendable highly appreciable all inclusive Budget for growth and development which is highly appreciable and which is meant for growth and development must have a human face. The wheels of development should not tread upon the people for whom it is made for. The hon. Finance Minister has expressed his desire to make India strong. All of us know what Swami Vivekananda said. He said, " We, all have the inner strength to achieve what we desire."

श्री आर.के.सिंह.पटेल (बांदा): मान्यवर, मेरा एक व्यवस्था संबंधी प्रश्न है। मैं आपके माध्यम से निवेदन करना चाहता हूं कि...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN : Under which rule are you raising the point of order?

...(*Interruptions*)

श्री आर.के.सिंह.पटेल : माननीय सभापति जी, जिस समय लोक सभा और विधान सभा के सत्र चल रहे होते हैं, उस समय क्षेत्रों में हम लोगों के प्रदेश में विकास संबंधी बैठक जिले में हो रही है।...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: Hon. Members, do not waste the time of the House.

...(*Interruptions*)

श्री शैलेन्द्र कुमार (कौशाम्बी): सभापति जी, सुन लीजिए। यह हाउस से संबंधित है।...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: Hon. Member, you have not mentioned under which rule you want to raise the point of order?

...(*Interruptions*)

श्री आर.के.सिंह.पटेल : सभापति जी, जनपद बांदा और चित्रकूट जहां से मैं चुनकर आया हूं, इस समय वहां जिले में समीक्षा बैठक चल रही है।...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: There is no time.

...(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Hon. Member, I am not allowing you.

...(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Nothing should go on record.

*(Interruptions)**

MR. CHAIRMAN: Hon. Members, please do not disturb Dr. Sanjay Jaiswal.

...(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: He has not quoted the rule.

...(*Interruptions*)

श्री तूफानी सरोज (मछलीशहर): सभापति जी, सदन की कार्यवाही चल रही हो तो जिले में कोई समीक्षा बैठक नहीं होनी चाहिए।...(व्यवधान) यह रूल है।

सभापति महोदय : नहीं, ऐसा रूल नहीं है।

...(व्यवधान)

श्री रेवती रमन सिंह : सभापति जी, एक बात सुन लीजिए। जब पार्लियामेंट चलता हो तो यह जी.ओ. बना हुआ है कि जिले में कोई ऑफिशियल मीटिंग नहीं करेगा। लेकिन वहां विकास संबंधी मीटिंग कर रहे हैं और यहां से आदेश है कि जिले में विकास संबंधी कोई मीटिंग नहीं होगी। इसलिए आप देख लीजिए कि उस जी.ओ. का वे लोग उल्लंघन कर रहे हैं। आप यहां से निर्देश भिजवा दीजिए।

MR. CHAIRMAN: Shri Rewati Raman Singh, you made your point.

...(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Hon. Members, please do not disturb Dr. Sanjay Jaiswal.

---

*Not Recorded.

∗m31

डॉ. संजय जायसवाल (पश्चिम चम्पारण): सभापति जी, मैं अपने नेता माननीय श्री लाल कृष्ण आडवाणी जी का और श्रीमती सुषमा स्वराज जी का आभारी हूं।...(व्यवधान) मेरा मेडन स्पीच है, कृपया मुझे बोलने दीजिए।...(व्यवधान)

मैं अपने नेता श्री लाल कृष्ण आडवाणी जी का और डिप्टी लीडर सुषमा स्वराज जी का आभारी हूं जिन्होंने मुझे भारतीय जनता पार्टी की तरफ से इस सदन में बोलने का मौका दिया।

The State government has further made mandatory Environment Impact Assessment (EIA), Environment Management Plan (EMP), and Catchment Area Treatment (CAT) Plan for all Hydro Electric Projects (HEP). Eco governance has been strengthened by launching a CM Online Website. For community participation in Forests, Environment, and Wildlife and Natural Resources, protection and management has been institutionalized through the creation of a network of Joint Forest Management Committees in 1998, which

would involve NGOs/Panchayats and women participation.

A Network of Protected Area Network of National Parks, Sanctuaries have been created.

At the State level to avoid landslides, land slip and erosion of soil, treatment has been made a part of all State Project Planning.

Sikkim Green Mission was launched in 2006 post which all roads have green plantation components. 2% of the budget of SPWD and RMDD and 1% of all other Departments have been earmarked for the Green Mission.

Power Projects Proponents have made sufficient provisions for Rehabilitation and Resettlement Plans by imposing an Environment cess of one paise per unit of electricity sold, and Catchments Area Treatment Plans.*

श्रीपाद येसो नाईक* (उत्तर गोवा): महोदय, अर्थकारण लोकतंत्र का सबसे मजबूत खंबा है, जिसके कारण पूरे देश का विकास हम अच्छी तरह से कर सकते हैं । महात्मा गांधी जी ने कहा है, I quote-

"Democracy is the act of science of mobilizing the entire physical, economic and spiritual resources of various section of the people in the service of the common good of all" unquote.

लेकिन आज इस लोकतंत्र में जो कुछ हो रहा है, वह देखकर हमें कहना पड़ रहा है कि लोकतंत्र के फायदे जनसामान्य के लिए नहीं, बल्कि सत्तापक्ष के हित के लिए हैं ।

यूपीए के कार्यकाल में किसानों द्वारा की जाने वाली आत्महत्याओं की परिसीमा हो गई । साठ हजार करोड़ का पैकेज माननीय प्रधान मंत्री, डा. मनमोहन सिंह जी ने दिया, उसके बाद दो साल तक कुछ नहीं दिया । लेकिन जब आम चुनाव आ गये, तभी थोड़े पैसे का बंटवारा किया । जो बैंकों को ऋण भुगतान करने के लिए साहूकारों से लिया हुआ ऋण था, जिसके कारण किसानों ने ज्यादा आत्महत्याएं की, उसके बारे में कुछ भी नहीं किया ।

महोदय, सरकारी नौकरों को छठा पे कमीशन देना है, इसका हम विरोध नहीं करते हैं । लेकिन आम चुनाव आते ही खुद के फायदे की खातिर इसका वितरण करना क्या दर्शाता है ? उड़ीसा राज्य में आपत्ति आ गई, बिहार में बाढ़ के कारण जनजीवन त्रस्त हुआ । गुजरात सरकार ने मदद मांगी, लेकिन किसी भी राज्य को मदद नहीं दी गई । जो थोड़ा बहुत दिया, वह भी वापस मांग लिया ।

महोदय, सुनामी के बाद माननीय सभापति के आह्वान पर हमारे सांसद भाई, बहनों ने अपने एम.पी. फंड से दस-दस लाख रुपये की मदद नये मकान बनवाने के लिए दी । लेकिन आज तक चेन्नई और अंडमान-निकोबार में पीड़ितों को घर नहीं दिये गये हैं । लाखों देशवासियों ने इस राष्ट्रीय आपदा में मदद की । लेकिन लालफीताशाही के कारण ये प्रोजैक्ट्स अटक गये हैं ।

महोदय, सभी माननीय सांसदों ने एम.पी. लैड फंड की राशि को दो करोड़ रुपये से बढ़ाकर पांच करोड़ रुपये करने की मांग आपके माध्यम से सरकार से की । क्योंकि एम.पी. लैड स्कीम एक अच्छी स्कीम

---

*Speech was laid on the Table.

है और इसका इम्पलीमैन्टेशन 85 प्रतिशत से ज्यादा हुआ है । केन्द्र सरकार की सभी स्कीमें चालीस प्रतिशत से ऊपर पैसा खर्च नहीं करती हैं । इस महंगाई में इस दो करोड़ की कीमत सिर्फ एक करोड़ रुपये रह गई है । इसलिए मैं सभी सांसदों की ओर से मांग करता हूँ कि एम.पी.लैड की राशि को बढ़ाकर पांच करोड़ रुपये किया जाए ।

महोदय, यह बजट आम आदमी के लिए बताया जा रहा है । लेकिन आम आदमी के लिए इस बजट में कुछ भी नहीं दिया गया है और इससे महंगाई बढ़ी है । सरकार बार-बार कहती है कि महंगाई कम कर दी है । लेकिन आप एक भी ऐसी वस्तु का नाम बताइये जिसके दाम कम हुए हों । महंगाई ने आम आदमी को जाम कर दिया है और उसके लिए दो वक्त की रोटी जुटा पाना भी मुश्किल हो रहा है । सभी चीजों की कीमतें बढ़ने से रोकने में सरकार नाकामयाब रही है । चावल का दाम 40 रुपये प्रति किलो और अरहर की दाल जो 25 रुपये किलो मिलती थी, अब इसके भाव 75 रुपये प्रति किलो हो गये हैं । एक किलो चावल और एक किलो अरहर की दाल यदि खरीदी जाए तो नरेगा से मिलने वाली राशि एक झटके में खत्म हो जायेगी । इसके बाद आम आदमी अपना जीवन कैसे जीयेगा?

महोदय, माननीय मंत्री जी ने आयकर की सीमा एक लाख पचास हजार से बढ़ाकर एक लाख साठ हजार रुपये कर दी है । यानी केवल दस हजार रुपये बढ़ाये हैं । महंगाई को देखते हुए यह एग्जैम्पशन तीन लाख रुपये तक कर देनी चाहिए ।

महोदय, हमारा देश वर्ष 1947 में स्वतंत्र हुआ । ठीक 14 साल बाद वर्ष 1961 में हमारा गोवा राज्य पुर्तगाल के चंगुल से स्वतंत्र हो गया । लेकिन विकास के काम में गोवा राज्य पिछड़ा ही रहा । आज यहां पढ़े-लिखे नौजवानों को काम नहीं मिल रहा है । पिछले पांच सालों में यहां की इंडस्ट्रीज दूसरे राज्यों में चली गई हैं । उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश में टैक्स एग्जैम्पशन है और जो गोवा में था, वह वापिस ले लिया

। इसलिए मैं मांग करता हूँ कि गोवा को पहले जैसा टैक्स एग्जैम्पशन दिया जाए । ताकि सभी उद्योग यहां वापस आये और यहां के नौजवानों को काम मिले ।

महोदय, आज तक गोवा के दो राष्ट्रीय राजमार्ग को छः लेन या चार लेन का नहीं कराया गया है। इसी तरह दो जिलों को जोड़ने वाला "जुवारी सेतु " अब यातायात के लिए बंद करवा दिया है । मैं मांग करता हूँ कि राष्ट्रीय राजमार्ग 4 और 17 की वाइडनिंग हो और नया जुवारी सेतु बनवाया जाए ।

महोदय, गोवा दुनिया में एक अच्छा टूरिस्ट स्पॉट है । टूरिज्म के विकास के लिए एक अच्छा पैकेज गोवा को देने की मै मांग करते हुए अपना वक्तव्य यहीं समाप्त करता हूँ ।

श्री तूफ़ानी सरोज (मछलीशहर): माननीय सभापति जी, यह कहा गया था कि छः बजे ज़ीरो आवर कराएँगे। दो-तीन ज़ीरो आवर के मामले हैं, उनको करा लें। ...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: Now, the House is extended. Please sit down. You will get your chance.

श्री शैलेन्द्र कुमार : यह बहुत गंभीर मामला है। उसके बाद आप बाकी बिज़नैस लीजिए। ...(व्यवधान)

श्री तूफ़ानी सरोज : यह आपके द्वार तय किया है कि छः बजे ज़ीरो आवर कराया जाएगा। ...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: Hon. Members, please sit down. If the House agrees, we can shift to 'Zero Hour'. I do not know what you prefer whether debate or 'Zero Hour'.

SEVERAL HON. MEMBERS: We want debate.

MR. CHAIRMAN: You see everybody wants debate. So, please sit down. We will see later.

Now, Shri Nripendra Nath Roy to speak.

श्री वीरेन्द्र कुमार (टीकमगढ़): सभापति महोदय, ज़ीरो आवर लिया जाए। ...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: We have to take the sense of the House. Please sit down. Do not disturb.

â€¦(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: At the end of the day, after the discussion, we can take up 'Zero Hour'. Please sit down.

श्री तूफ़ानी सरोज : सरकार हाउस में तो बहुत कुछ बहुमत के बल पर पास करा लेगी। ...(व्यवधान) यह कहा गया था कि छः बजे ज़ीरो आवर लिया जाएगा। ...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: Hon. Members, please sit down. The hon. Minister wants to make a statement.

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND MINISTER OF WATER RESOURCES (SHRI PAWAN KUMAR BANSAL): Sir, I would suggest that there are not more than three Members who have to make their submissions in the 'Zero Hour'. You may give about 15 minutes' time for that and then begin with the debate again.

MR. CHAIRMAN: All right. I have already called the hon. Member. There will be 'Zero Hour' after his speech.

Hon. Member, you start your speech.

*m35

श्री नृपेन्द्र नाथ राय (कूच बिहार): सभापति महोदय, मैं आपको धन्यवाद देता हूँ कि आपने मुझे बोलने का मौका दिया। महोदय, मैं वैस्ट बंगाल के निर्वाचन क्षेत्र कूच बिहार से जीतकर आया हूँ। इस महीने की 6 तारीख को वित्त मंत्री जी ने इस सदन में बजट पेश किया। इस बजट पर बहुत से माननीय सदस्यों ने चर्चा की है। मैं ज्यादा वक्त नहीं लूँगा।

महोदय, सत्ता पक्ष के लोगों ने कहा कि यह आम आदमी का बजट है। मैं अपनी पार्टी की तरफ से कहना चाहता हूँ कि यह आम आदमी का बजट नहीं है। इस बजट का मैं हमेशा विरोध करता हूँ क्योंकि यह आम आदमी का बजट नहीं है, बड़े आदमी का बजट है। इस बजट में कहा गया है कि हमारे देश में 70 से 75 प्रतिशत किसान हैं जो खेती-बाड़ी का काम करते हैं। किसानों की आर्थिक उन्नति के लिए, जो प्रांतीय किसान हैं, छोटे किसान हैं, उनके बारे में सरकार की तरफ से कहा गया है कि 7 प्रतिशत की दर से किसानों को लोन देंगे, लेकिन लोन की बात केवल बजट की किताब में ही रह जाती है। कभी यह सोचा नहीं गया कि जब हम किसानों की बात करते हैं तो वह इंप्लीमैंट भी होती हैं या नहीं। हमारे देश में बैंकों का राष्ट्रीयकरण हुआ। इस देश में बड़े लोगों को और इंडस्ट्रियलिस्ट लोगों को जल्दी लोन मिलता है। किसान लोग जब खेती के लिए या अपनी आर्थिक उन्नति के लिए बैंकों से लोन मांगते हैं तो बैंक बहत प्रॉबलम करता है और जल्दी

उनको लोन नहीं देना चाहता है। जितना जल्दी बड़े लोगों को ऋण मिलता है, किसानों को नहीं मिलता है।

महोदय, हमारे देश में 70 प्रतिशत किसान हैं। हमारे पश्चिम बंगाल में जूट बहुत होता है। जब जूट बाज़ार में आता है, तो वह जूट बाज़ार में कम दाम में बिकता है। हमारे देश की सरकार की तरफ से कहा जाता है कि हम किसानों का बजट लाते हैं लेकिन सरकार की तरफ से किसानों का जूट खरीदने के लिए कोई व्यवस्था नहीं है। मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करता हूँ कि किसानों का नुकसान रोकने के लिए JCI को किसानों से सीधा MSP पर जूट खरनीदना चाहिए । यह गलत बात है। बंगाल में सबसे ज्यादा जूट और पात होता है। कूचबिहार, जलपाईगुड़ी, मालदा, उत्तरी दिनाजपुर और पश्चिमी दिनाजपुर में बहुत ज्यादा पात होता है। हिन्दुस्तान में जितना जूट और पात होता है, सबसे ज्यादा जूट और पात वेस्ट बंगाल में होता है। लेकिन केन्द्र सरकार की तरफ पात प्रोसेसिंग और जूट का उत्पादन बढ़ाने के लिए कोई व्यवस्था नहीं की गई है। वित्त मंत्री ने कहा कि यह बजट आम आदमी और किसान के लिए है, लेकिन किसान जो धान और पात उत्पादन करके बाजार में ले जाता है, उसको उसका पूरा पैसा नहीं मिलता है। सरकार की तरफ से धान और पात को खरीदने की व्यवस्था नहीं है। केन्द्र सरकार किसान के लिए अच्छी-अच्छी बातें बजट में लिखती है, लेकिन किसान की खेती और उसकी प्रोसेसिंग के लिए सरकार की तरफ से कोई व्यवस्था नहीं है।

महोदय, इस बजट को युवाओं के लिए भी कहा गया है। बजट में कहा गया है कि छात्रों को सरकार की तरफ से शिक्षा के लिए ऋण मिलेगा। माइनोरिटी कमेटी की आर्थिक उन्नति के लिए ज्यादा लोन देने की बात भी कही गई है। लेकिन सरकार की तरफ से इसकी मोनीटरिंग की कोई व्यवस्था नहीं है कि केन्द्र सरकार जो पैसा देती है, वह उनको मिलता भी है या नहीं। जब कोई छात्र, किसान अथवा कोई माइनोरिटी कम्यूनिटी का सदस्य ऋण लेने के लिए बैंक जाता है, तो बैंक उसके लिए बहुत सी मुश्किलें खड़ी करता है। बैंक इतने डॉक्यूमेंट्स मांगता है कि लोन लेने वाले को लोन के लिए बैंक के चक्कर काटते-काटते चप्पल घिस जाती है। लेकिन उसे लोन नहीं मिलता है। इसीलिए वह बाहर से ऋण लेने पर मजबूर हो जाता है। मेरा प्रस्ताव है कि जितना पैसा केन्द्र सरकार की तरफ से जाता है, उसकी मोनिटरिंग होनी चाहिए। इस पर वित्त मंत्री जी को विचार करना चाहिए।

महोदय, बंगाल के दो हिस्से हैं, नार्थ बंगाल और पश्चिम बंगाल। नार्थ बंगाल में कूचबिहार, दार्जिलिंग, जलपाईगुढ़ी, वेस्ट दिनाजपुर और मालदा आते हैं। वहां चाय बड़ी संख्या में होती है। हम लोग और आप भी सैन्ट्रल हाल में बैठकर जो चाय पीते हैं, वह वहीं से आती है। वहां चाय के बगान दो-तीन सौ साल से, ब्रिटिशकाल से चल रहे हैं। केन्द्र सरकार की तरफ से चाय बगानों के लिए कोई व्यवस्था नहीं की गई है। चाय बगानों से दो-तीन लाख श्रमिक जुड़े हुए हैं। मेरी मांग है कि उत्तरी बंगाल के चाय बगानों की उन्नति के लिए सरकार की तरफ से राहत दी जानी चाहिए।

18.29 hrs.

GENERAL BUDGET 2009-2010 -- GENERAL DISCUSSION

AND

DEMANDS FOR EXCESS GRANTS 2006-2007– (GENERAL) -- Contd.

MR. CHAIRMAN: Now, we will continue with the discussion on Budget --General and further discussion and voting on Demands for Excess Grants-General.

We have fifty more speakers to participate in the discussion. So, please confine yourselves to making suggestions within three minutes' time. We are not extending the sitting today beyond 8 o'clock. So, allow all your colleagues to participate.

Shri Bishnu Pada Ray.

श्री विष्णु पद राय (अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह): महोदय ...

सभापति महोदय : विष्णु पद राय जी, एक मिनट रूकिए। You have already laid your speech on the Table and the points are already with the Government. After laying a speech, rule does not permit a Member to speak again. Please take your seat.

Not one word could be permitted – rule does not permit that. Please take your seat.

*(Interruptions)**

---

*Not Recorded.

श्री मोहम्मद असरारुल हक़ (किशनगंज): सभापति महोदय, मैं आपका शुक्रिया अदा करता हूं कि आपने मुझे बजट पर बहस में हिस्सा लेने का मौका दिया। महोदय, मैं सबसे पहले यू.पी.ए. सरकार को पूरी कामयाबी के साथ दूसरा टर्म शुरू करने पर मुबारकबाद पेश करता हूँ खास तौर पर मैडम सोनिया गांधी, डा. मनमोहन सिंह और जनाब राहुल गांधी को बधाई देता हूँ कि उन्होंने अजीम जमहूरी मुल्क के अवाम का दिल जीता और एक साफ-सुथरी हुकुमत मुल्क को दी ।

महोदय, मैं जनरल बजट, 2009-10 का समर्थन करता हूं और फाइनेंस मिनिस्टर ज़नाब प्रणब मुखर्जी को मुबारकवाद देता हूं कि उन्होंने बहुत अच्छा बजट पेश किया है जिसमें आम आदमी, गरीब और दबे कुचले लोगों का एवं अकलियतों का खास ख्याल रखा गया है। इस बजट से और इसी तरह रेल बजट से यह बात खुलकर सामने आ गयी है कि यूपीए सरकार आम हिन्दुस्तानियों की समस्याओं को तरजीही बुनियाद पर हल करना चाहती है। महोदय, हम सभी का फर्ज है कि हम हिन्दुस्तान के कोने-कोने में फैले हुए गरीब, दबे कुचले तबकों और अकलियतों को ऊपर उठाने के लिए जिम्मेदाराना किरदार अदा करें और जिन्दगी के हर शौबे में ऐसे तबकों को खुसूसी मुराअत देने के साथ, उनके लिए मसाबियाना हुकूक के हुसूल को यकीनी बनाने पर भी गंभीरता के साथ गौर करें। हमें राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की इस बात को हमेशा ध्यान में रखना चाहिए कि किसी मुल्क की असल तरक्की यह है कि वहां के समाज में गरीब और कमजोर लोग अमीर और ताकतवर लोगों के बीच इज्जत के साथ सिर उठाकर चल सकें। महोदय, हमें यह देखना चाहिए कि मुल्क के गरीब तबकात में सबसे ज्यादा गरीबी की मार कौन झेल रहा है और मुल्क के गरीब इलाकों में से सबसे ज्यादा गरीब इलाके कौन हैं। आम बजट से यह जाहिर होता है कि यूपीए सरकार मुल्क की तरक्की को उंचाई तक पहुंचाने के लिए मुल्क के आखिरी गरीब तक पहुंचना चाहती है और मुल्क पसमांदातरीन इलाकों को तरक्की की दौड़ में शामिल करना चाहती है। मैं भी मुल्क के पसमांदातरीन इलाकों में से एक इलाके किशनगंज बिहार से चुनकर आया हूं, जो पिछड़े हुए बिहार का सबसे ज्यादा पिछड़ा हुआ इलाका है, जहां खास तौर पर तालीम, रोजगार, आमद-व-रफ्त और तिब्बी सहूलियतों की बेहद कमी है। यह इलाका बहुत ज्यादा पसमांदा है, लेकिन उस इलाके की एक कौमी पहचान भी है कि उसने उस वक्त टू-नेशन थ्योरी की जबर्दस्त मुखालफत की थी और अपने वतन की मिट्टी की खुशबू को अपने से जुदा करना गंवारा नहीं नहीं किया था जब पूरे मुल्क में इस थ्योरी ने भाई को भाई से जुदा कर दिया था। आजादी की गुजीशता छः दहाइयों में पूरे मुल्क में क्या कुछ नहीं हुआ, मगर यह इलाका नफरतो, अदावत की आंधी से महफूज रहा। किशनगंज ने राष्ट्रीय एकता, भाईचारा और प्यारो-मोहब्बत के चिराग को हमेशा जलाए रखा। मगर हैरत है कि मुल्क के जिस इलाके की देशभक्ति, वतनदोस्ती और अमनपसंदी को तवारीख ने रिकार्ड किया है, वह इलाका तरक्कीयाती दौर में बहुत पीछे रह गया है। हमारी सरकार को उस इलाके की तरक्की पर खास ध्यान देना चाहिए और वहां के लिए स्पेशल पैकेज दिया जाना चाहिए। मैं चाहता हूं कि वहां तालीम और सेहत को फरोग देने के लिए वेकेशनल एजुकेशन के इदारे कायम किए जाएं और एक रेफरल हॉस्पिटल बनाया जाए। उस इलाके को नदियों के कटाव की तबाहकारियों से बचाने के लिए महानंदा बेसिन प्रोजेक्ट को समय रहते मुकम्मल किया जाए। आमद व रफ्त की सहूलियतों को बढ़ाने के लिए वहां सड़कों की तामीर के साथ, वहां की नदियों पर प्रपोज़ड पुलों के प्रोजक्टों पर फौरन ध्यान दिया जाए। गलगलिया-अररिया न्यू रेल लाइन के प्रोजेक्ट को जल्द मुकम्मल किया जाए और प्रपोज जलालगढ़-किशनगंज न्यू रेल लाइन के काम का सर्वे शुरू किया जाए।

सभापति महोदय : हक साहब, आप उर्दू में बोल रहे हैं, उसकी ट्रांसलेशन की व्यवस्था नहीं है। आप अपनी स्पीच बाकी भाग को टेबल पर ले कर दें।

श्री मोहम्मद असरारुल हक : ऐसा मत करिए, मैं पहली बार इस सदन में आया हूं और पहली बार ही बोल रहा हूं। मुझे अपने क्षेत्र का दर्द तो रखने दें। इसलिए मुझे दो-तीन मिनट तो बोलने दीजिए।

सभापति महोदय: आपने नोटिस नहीं दिया है, उर्दू से हिन्दी में ट्रांसलेशन की व्यवस्था नहीं है। आपको पहले नोटिस देना चाहिए था कि मैं उर्दू में बोलना चाहता हूं। अगर आप हिन्दी में कहना चाहते हैं तो आप अपनी स्पीच कंटीन्यू कर सकते हैं।

श्री मोहम्मद असरारुल हक : इसमें हिन्दी में भी अलफाज हैं। महोदय, फाइनेंस मिनिस्टर ने जनरल बजट में अकलियतों के लिए खास किए गए फंड में 74 फीसदी का इजाफा किया है।

सभापति महोदय: आप एक मिनट में अपना भाषण समाप्त करें।

श्री मोहम्मद असरारुल हक : सभापति महोदय, मैं तो हिन्दुस्तानी बोल रहा हूं। मैं इसके हवाले से उन्हें तवज्जोह दिलाना चाहता हूं कि अकलियतों का, दिलखसूस मुसलमानों का बड़ा मसला एजुकेशन का है। उनमें जबर्दस्त तालिमी बेदारी आई है और तालिमी तरक्की की तरफ उनके कदम तेजी से बढ़ रहे हैं। लेकिन इंफ्रास्ट्रक्चर और रिसोर्सेज की कमी उनके बढ़ते हुए कदमों के लिए रुकावट बनी हुई है। खासकर देही इलाकों में उन्हें जबर्दस्त मुश्किलातों का सामना करना पड़ रहा है। उन्हें अच्छे स्कूल मयस्सर नहीं हैं। गरीबी की वजह से अपने बच्चों के लिए वे मुकम्मल इंतजामात नहीं कर पाते। वे अपनी लड़कियों को पढ़ाना चाहते हैं, लेकिन उन्हें गर्ल्स एजुकेशन की सहूलियतें मयस्सर नहीं हैं। मैं चाहता हूं कि मुल्क में अकलियतों की तालीमी तरक्की के लिए इन स्कीमों पर गौर किया जाए। कमशरहख्वांदगी के अकलियतों के आबादी वाले इलाकों में लड़कियों के लिए स्पेशल एजुकेशन डवलपमेंट प्रोग्राम बनाया जाए। कौमी सतह पर अकलियतों के लिए रिसर्च और ट्रेनिंग प्रोजेक्टों की माली मदद की जाए। अकलियतों के लिए नेशनल ओवरसीज स्कॉलरशिप प्रोग्राम शुरू किया जाए। अकलियतों की फला और बहबूदी के लिए काम करने वाली तंजीमों को सरकारी इमदाद दी जाए।

महोदय, सरकार ने बहुत सी स्कीमें बनाई हैं, लेकिन मैं यहां यह जरूर कहना चाहूंगा कि सरकार ने जितनी मेहनत के साथ स्कीमें तैयार की हैं, उतनी ही गहराई के साथ इम्प्लीमेंटशन पर भी नजर रखना जरूरी है। इम्प्लीमेंटेशन की बात आई है, तो यहां यह कहना जरूरी है कि सच्चर कमेटी की सिफारिशात और औकाफ पर जाइंट पार्लियामेंटरी कमेटी की रिपोर्ट पर भी पूरी तरह इम्प्लीमेंटेशन किया जाना जरूरी है। हक़मत ने जिस तरह कर्ज के बोझ तले दबे हए किसान भाइयों के कर्ज माफ किए हैं, इसी तरह उनके मसाइल को भी हल करना

चाहिए।

सभापति महोदय: अब आप अपनी स्पीच समाप्त करें।

श्री मोहम्मद असरारुल हक : मैं बस कंक्लूड ही कर रहा हूं। सच्चर कमेटी ने हिन्दुस्तान के जिन बड़े अकलियतों की आबादी वाले इदारों की निशानदेही की है, उनमें फलाही स्कीमों को मुकम्मल नाफिज किया जाए और उन स्कूलों, बोर्ड्स से मुलहका और मदरसों में बिल्डिंग स्कीम के फंड को भी शामिल किया जाए। मदरसों के अंदर जदीद तालीम और तालीम मंसूबा नफाज करने के लिए उलैमा मदारीस और को जिम्मेदार करने के लिए एतमाद में लिया जाए।

मैं आखिरी बात कहकर अपनी बात खत्म करूंगा। पूरे सदन से मुझे एक दरख्वास्त कर लेने दीजिए। मैं पूरे सदन से दरख्वास्त कर रहा हूं कि अकलियतों और कमजोरों के जो मसाइल हैं, ये भी कौमी मसाइल का हिस्सा हैं। जिस तरह इन मसाइलों को किए बगैर हल करना मुमकिन नहीं है, इसी तरह उन्हें कौमी मसाइल का दर्जा दिए बगैर पूरे मुल्क की मजमुई तरक्की भी मुमकिन नहीं है। मुझे उम्मीद है कि सदन कमजोर और अकलियतों के मसाइल के हल की कोशिशों को कौमी कोशिशों का हिस्सा बनाकर फराखदिली की रवायत कायम करेगा। हमारी जिम्मेदारी है कि हम पूरी दुनिया के लिए एक नमूना-ए-अमल बनकर दिखाएं। यह उसी वक्त होगा जब गरीबों, कमजोरों और अकलियतों की भलाई के लिए हम मिलजुलकर काम करें।

मैं उम्मीद करुंगा कि गरीबों के लिए इस संसद का दिल पसीजेगा। हम जब किसी बेवा का नंगा सिर देखें, किसी गरीब का ठंडा चूल्हा देखें, किसी अनाथ को तड़पता हुआ देखें, किसी बीमार की कराह सुनें तो हमारा दिल भी तड़प उठे। अगर हमारा दिल नहीं तड़पता है तो समझ लीजिए कि वह दिल नहीं बल्कि पत्थर की सिल है। मुझे उम्मीद है कि हम अवामी खिदमत के लिए कुर्बानी और ईसार के ज़ज़बे से काम लेंगे। मेरी इस हाउस के काबिले मैम्बरों से एक ही विनती है कि " फूंक कर अपने आशियाने को, रोशनी बख्श दो जमाने को" ।

आखिर में, मैं मैडम सोनिया गांधी, डा. मनमोहन सिंह और जनाब राहुल गांधी को मुबारकबाद देता हूं कि उन्होंने अजीम हिंदुस्तान के अवाम का दिल जीता और एक साफ-सुथरी हुकूमत मुल्क को दी और दो अच्छे बजट भी दिये।

MR. CHAIRMAN : Hon. Members, please cooperate with the Chair. He has taken nine minutes. For senior Members, we are giving some concession. But this is denying chance to others. So, please do not repeat this.

*m37

श्री अवतार सिंह भडाना* (फरीदाबाद): यह संसदीय इतिहास का सबसे बड़ा और ऐसा बजट है जिसमें हर तबके के लिए कोई न कोई सौगात है । बजट का खास जोर इस बात पर रहा है कि इसमें वैयक्तिक आयकर में छूट का दायरा 10 से 15 हजार बढ़ाना, 10 प्रतिशत का आयकर सरचार्ज खत्म करना, फ्रिंज बेनिफिट टैक्स खत्म करना नौकरीपेशा लोगों के लिए बड़ी राहते हैं । गरीब छात्रों के शिक्षा लोन पर ब्याज का भुगतान सरकारी लेवल पर होना, गरीबों के लिए सस्ता अनाज और किसानों को खाद सब्सिडी सीधे देने जैसे फैसले साबित करते हैं कि सरकार ने गरीबों और किसानों का बजट में विशेष ख्याल रखा है । इस बजट में 9 फीसद विकास दर हासिल करने के लिए बुनियादी ढांचा (infrastructure) मजबूत करने, कृषि का विकास करने के लिए और सामाजिक क्षेत्र के लिए व्यापक प्रावधान (provision) किए गए हैं ।

केंद्र सरकार की सभी फलेगशिप योजनाओं जैसे राजीव गांधी आवास योजना और प्रधान मंत्री आदर्श ग्राम योजना के लिए धन की मानों बरसात ही कर दी गई है जो बीपीएल जनता के हितों के प्रति सरकार की गहरी चिंता को दर्शाती है ।

हमें पूरी उम्मीद है कि हमारी करिश्माई यूपीए चेयरपरसन और दूरदर्शी प्रधानमंत्री के नेतृत्व में लाया गया यह बजट देश के जीडीपी वृद्धिदर को बढ़ाने, शहरी गरीबों के लिए आवास व्यवस्था करने, कृषि क्षेत्र को सस्ती दरों पर अधिक ऋण देने में तो मददगार होगा। इस बजट में नई पेंशन प्रणाली ट्रस्ट को इस टी.टी. और डीडीटी से छूट देकर और राजनीतिक दलों को दिए जाने वाले दान पर 100 प्रतिशत कटौती करके और चुनिंदा शिक्षा संस्थानों में छात्रों को पूरी ब्याज सब्सिडी देने जैसे बहुत अच्छे और स्वागत योग्य कदम उठाए गए हैं ।

इन सब खूबियों की वजह से मैं इस सामान्य बजट का पूरा - पूरा समर्थन करता हूं ।

---

*Speech was laid on the Table.

SHRI MOHAN JENA* (JAJPUR) : Thank you Mr. Chairman, Sir, for giving me the opportunity to speak. Generally budget reflects the hopes and aspirations of the common man. But the present budget has not adequately reflected the concerns and aspirations of the working class, the poor, the farmers and the labourers. India is primarily an agricultural country. So the budget should have focused more on the farming community. The previous budget had announced the waiving of agricultural loans. The current budget too has mentioned it. But many farmers of our country have not benefited. Primarily because they had barrowed from micro-financial institutions of the locality or unorganised private money-lenders. Farmers are paying water-tax but not getting water to irrigate their fields. Without proper irrigation facilities how will agriculture improve? Government should take steps to revive and renovate old, existing irrigation channels / canals which are now submerged.

Sir, in Orissa the condition of the farmers are deplorable. They fall prey to natural calamities like drought, flood etc. In desperation they are resorting to distress sale. The Food Corporation of India has fixed quota for each state for procurement of paddy and wheat. but in Orissa the procurement policy is not being adhered to. Farmers are thus making futile journey to FCI centres carrying their produce. This is really pathetic. The central government should address this problem.

India has a federal structure. So the policies of the union government should be all-inclusive and should aim at the all-round development of each state. Otherwise the nation can not progress.

Sir, I come from the Jajpur, Parliamentary constituency in Orissa, which is at the confluence of three rivers - Brahmani, Birupa and Keluo. One of the long-

---

*English translation of the speech originally delivered in Oriya.

pending demands of my people in the project of embankment on these rivers. The doab area of these rivers if properly protected, could solve the irrigation as well as water-logging problem of two blocks. A controlled irrigation can go a long way to significantly improve the standard of living of the peasant community there. The central government, thus should take up the embankment project immediately.

Sir, now I want to speak about the National Rural Employment Guarantee Scheme. While implementing this programme the regional variation of different states should be taken into consideration. The 60/40 ratio should be reconsidered. The daily wage earners are not getting enought under NREGS. Thats why they are taking up private assignments which is more lucrative money-wise.

Sir, I'll speak about the Rajiv Gandhi Rural Electrification Programme. It claims to light up every rural home and farmer's fields. But in Orissa, this programme is moving at a snail's pace. That is why our state government has initiated the "Biju Jyoti Yojana" Orissa is a backward state and I urge upon the central government to expediate Rajiv Gandhi Rural Electrification Programme.

The budget mentions about student loans. Sir, the students of the weaker sections like the SC / ST who have no landed property are finding it pretty difficult to get loan. Banks are harassing them by demanding collateral. We must do something.

The budget mentions about environment and climate change. Sir, the Puri-Konark Sea-beach of Orissa in world-famous. Now the sea has made in roads into the adjoining landmass leading to coastal erosion. In Kendrapara district, there is a place called Satavaya where two villages have been completely submerged under the sea. Orissa has 480 Km. of coastline and this saline bay in ever-expanding. The government should protect the landmass by erecting barriers and embankments. Protecting the coast-line in a national responsibility, because it is beyond the economic and strategic capability of any state government.

Again Sir, some important rivers of Orissa like Mahanadi and Brahmani are gradually falling prey to soil erosion. Silt-deposition in the river-bed is leading to natural calamities like flood. The river-beds must be revived by dredging. Many rivers in our country are on the verge of extinction. Just like the mythical river Saraswati, we have river Prachi in Orissa which is now exinct. This is the river by which stones were carried to Konark for construction of the Sun temple.

Sir, Orissa is a state with abundance of mineral resources but poor economy. The central government has a faulty mineral policy which is depriving Orissa of its due. All the mineral rich states like Orissa, Jharkhand, Bihar etc are demanding a revision in the existing policy but the central government in not paying any attention. Every year Orissa is loosing thousands of crores in the form of royalty of coal and other minerals.

The central government has an apathetic attitude if the state government is controlled by a rival political party. Orissa has been a victim of this step-motherly attitude of the centre. A federal government should have a pan-Indian view for growth. It should include every citizen in its schemes for development. Unfortunately in our country only a selected few are enjoying the fruits of freedom. There are teeming millions who even after 62 years of independence leading lives of poverty and deprivation. In my district there are nomadic tribal communities like Makidia and Mundapota Kela. They have till now no voting right, do not get BPL facilities or any other welfare measures. They are socially - economically and educationally backward. As if they are still living in the 18th century. Sir India of the 21st century in only a distant dream for them. They should be brought to the mainstream and the gap between India and Bharat should be bridged. Sir, I believe we need another 'Renaissance' a new awakening to bring a social revolution.

∗m39

SHRIMATI SHATABDI ROY (BIRBHUM): Sir, I would like to thank you for giving me this opportunity to express my views on the

General Budget as a first time Member of Parliament. मैं इस बजट का समर्थन करती हूं। मेरी दो-तीन मांगें हैं। I know that after presentation of Budget every time we have long discussions on the various provisions of the Budget in this House because every Party holds different opinions and has different expectations. But I believe that there is a sense of commonality amongst all of us here and that is on the aspect of MPLADS. I feel the amount in the MPLAD scheme should be enhanced. जब इलेक्शन के समय मैं अपने निर्वाचन क्षेत्र में गई, तब मुझे पता चला कि लोगों को बहुत चीजों की आवश्यकता है, लेकिन बाद में मुझे पता चला कि उन्हें देने के लिए एमपी के पास 50 प्रतिशत चीजें नहीं हैं। मुझे लगा कि अगर एमपी लैड राशि बढ़ जाए, तो एमपी होने के नाते अपने क्षेत्र के निवासियों की हम सहायता कर सकते हैं और उन्हें सैटिसफाई कर सकते हैं। मैंने अपने क्षेत्र में स्कैन मशीन खरीदने के लिए बात की कि उस मशीन को मैं अस्पताल में दे दूंगी, लेकिन उस मशीन की कीमत एक करोड़ रुपए थी। एक एमपी को जब दो करोड़ रुपए मिलते हैं, तो वह कैसे एक करोड़ रुपए की मशीन खरीद कर दे सकता है? मैं सभी माननीय सांसदों की तरफ से, जो सदन में मौजूद हैं और जो सदन से बाहर भी हैं, उन सबकी तरफ मैं प्रार्थना करूंगी कि एमपी लैड की राशि बढ़ा दीजिए, जिससे कि हम अपने क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा काम कर सकें। ...(व्यवधान) मैं न्यूकमर हूं, अभी लर्निंग प्रोसेस में हूं, आप बीच में बोलेंगे, तो मैं नर्वस हो जाऊंगी।

My next point is about the BPL cards. एमपी बनने के बाद पता चला कि बीपीएल कार्ड की गरीबों को जितनी जरूरत है, उतनी एमपी को भी जरूरत है, क्योंकि जो भी एमपी काम करना चाहेगा, if a Member wants to do something for his constituents like providing medical facilities or for granting of senior citizens' pension or widows' pension, for everything a BPL card is necessary. जिनके पास बीपीएल कार्ड है, उनके पास तीन मंजिला घर है, बाइक है, फ्रिज, टीवी है और बीपीएल कार्ड भी है। इसलिए मैं कहूंगी कि पंचायत द्वारा बीपीएल कार्ड जो दिए जाते हैं, वे पार्टी के हिसाब से नहीं, कौन किसको वोट देता है, उस हिसाब से बीपीएल कार्ड नहीं देने चाहिए। जो लोग बीपीएल कार्ड के सही में हकदार हैं, उन्हें ही बीपीएल कार्ड दीजिए। बीपीएल कार्ड देने का जो सिस्टम है, अगर उसमें बदलाव लाने की जरूरत है, तो बदलाव जरूर करना चाहिए।

Sir, my next point is about providing 100 days of work under NREGP. It is a Central Scheme implemented through the State Governments. But I am sorry to say here that last year, in my constituency, people got only 20 days of work. The Central Government should institute an Inquiry to find out as to why the State Government failed to provide 100 days' of work. राज्य सरकार क्यों 100 दिन का रोजगार नहीं दे रही है या नहीं दे पा रही है? हम लोगों को यह जानने की जरूरत है। We are happy that the Central Government has provided a relief of Rs. 1,000 crore for the AILA affected people in my State. But I would like to request the Central Government to constitute a Monitoring Committee to find out as to how the relief has been distributed in practice. मैं एमपी होने के नाते नहीं, भारतीय होने के नाते कहना चाहती हूं कि हमारी स्कीम्स गरीबों के लिए बहुत-बहुत अच्छी हैं, लेकिन उन स्कीम्स का क्रियान्वयन और जिन लोगों के हाथों से वे स्कीम्स क्रियान्वित होनी हैं, वे हाथ गलत हैं, इसलिए गरीब गरीब रह जाता है तथा अमीर और भी अमीर बन जाता है। हमें सिस्टम में बदलाव लाना पड़ेगा, जिसके लिए मैं प्रार्थना करूंगी कि मोनिटरिंग सिस्टम बनाना चाहिए, जो देखे कि सही आदमी को स्कीम्स का फायदा मिले।

My last point is this. Since I am coming from the film industry, I would request on behalf of the entire film industry to consider withdrawing countervailing duty on film roster. We have been approaching the authorities in this matter for the last ten years in this regard. Please consider it.

As we are newly elected MPs, we want to do more work. We have to prove ourselves. So, please support us.

*m40

श्री जगदानंद सिंह (बक्सर): सभापति जी, मैं बजट के तकनीकी बिन्दुओं की तरफ नहीं जाना चाहता। लालू प्रसाद जी ने यूपीए सरकार के इस बजट का समर्थन किया है, इसलिए मैं इस बजट का समर्थन करता हूं। लेकिन जब इसके परिणामों की तरफ निगाह जाती है तो मुझे लगता है कि यह बजट भारत के गांव और गरीब लोगों के लिए नहीं है। इस बजट से इस देश का रीजनल इम्बैलेंस दूर नहीं होगा। क्षेत्रीय विषमता के मामले में अंतिम पादान पर बैठा हुआ बिहार इस बजट के माध्यम से सौ साल के बाद भी इस राष्ट्र की औसत आमदनी पर नहीं जा पाएगा। गांवों में रहने वाले गरीब क्या वे इस राष्ट्र के धनी लोगों के करीब भी कभी आ सकेंगे? मुझे लगता है कि 500 साल के बाद भी ऐसा कभी नहीं हो सकेगा।

यह जो गरीबों को शिक्षा देने की बात कही जा रही है जिसके लिए सर्व शिक्षा अभियान के जरिए काफी रकम खर्च करने की बात कही जा रही है, क्या शिक्षा के माध्यम से देश के बड़े ओहदों पर पहुंचने की ख्वाहिश क्या गांव का कोई गरीब व्यक्ति कर सकता है? वे गांव जहां भवन नहीं है, जहां पढ़ाई की सामग्री नहीं है और स्कूलों में शिक्षक नहीं है। शहरों के शिक्षित लोगों के बराबर वे कब आएंगे? इसके लिए क्या भारत सरकार समान शिक्षा की कभी बात करेगी? अभी देश में प्रतियोगिता सभी के बीच समान रूप से है तो सरकार को शिक्षित भी लोगों को समान रूप से करना पड़ेगा। केवल ऐसा कह देने से कि आज की दुनिया में नॉलेज ही सबसे बड़ी सम्पदा है लेकिन गांवों के गरीब अपने बच्चों को नालेज प्राप्त करने के लिए कहां पढ़ाने भेजें? जिन स्कूलों में कुछ भी नहीं है, अभी वहां के स्कूलों में वे बच्चे पढ़ेंगे तो ऐसे बच्चे कभी भी इस देश की प्रतियोगिता में शामिल नहीं हो पाएंगे। उच्च शिक्षा पर काफी रकम खर्च होने जा रही है। क्या उन प्राथमिक विद्यालयों के पढ़े हुए बच्चे हमारे जो बड़े-बड़े इंस्टीटयूशंस खुलने जा रहे हैं, क्या इनमें कभी आ पाएंगे? क्या इनमें आकर वे कभी बड़े-बड़े वैज्ञानिक बन पाएंगे? क्या वे मैनेजमेंट के विद्यार्थी कभी बन पाएंगे? क्या वे कभी डॉक्टर, इंजीनियर बन पाएंगे? यह बहुत ही अहम सवाल है। हमारे वित्त मंत्री जी केवल इसी तरह से शिक्षा के लिए एक निश्चित राशि रखने की बात करते रहेंगे लेकिन कहीं पर शिक्षा को उसके परिणाम के साथ नहीं जोडेंगे। हमारे गांव और गरीबों के लिए कुछ नहीं करेंगे। यह देश संकट में पड़ता जा रहा है। कृषि उत्पादन बढ़ाने के

लिए सब्सिडी डाइरेक्ट किसानों के हाथ में आ जाएगी और वित्त मंत्री जी यह भी कह रहे हैं कि एक वर्ष में वे शायद ऐसा कर देंगे तो मैं समझता हूं की शायद भारत के किसानों के लिए वे एक बहुत बड़ा काम कर पाएंगे। लेकिन 3-4 सालों से देश का किसान देख रहा है कि उद्योगपतियों के हाथों में ही हजारों करोड़ की सब्सिडी जा रही है और किसान ब्लैक में खाद खरीदता है। खाद में सब्सिडी कहने के लिए है, वह उद्योगपतियों के उद्योग के लिए है। किसानों की खेती के लिए नहीं है। यह हमारी कृषि का दायरा बीज से बाजार तक है। यह दायरा कोई साधारण नहीं है। अगर किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य नहीं मिलेगा तो उत्पादन करने के लिए कहीं से भी उनके अंदर उत्साह नहीं रहेगा। आज जो मिनिमम सपोर्ट प्राइस है, यह सदन कल्पना नहीं कर सकता कि बिहार जैसे राज्य में 650 रुपया प्रति क्विंटल धान बिक रहा है जबकि अन्य जगहों पर मिनिमम सपोर्ट प्राइस 950 रुपया प्रति क्विंटल है। 300 रुपया प्रति क्विंटल कम किसान को मिल रहा है अर्थात् डिस्ट्रैस सेल कर रहा है, वहां कैपिटल इरोड हो रहा है। हम एक तरह से कुछ सैकड़ें, कुछ हजार और कुछ करोड़ की बात कर रहे हैं और किसानों के हाथ से अकेले बिहार राज्य से ढ़ाई से तीन हजार करोड़ रुपया उनकी पूंजी उनके हाथ से छिन गई । मैं दो मिनट में अपनी बात को समाप्त करूंगा। हमारे गांव के लिए कहा गया, यहां इंदिरा आवास योजना बनेगी लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि इसमें से आवास शब्द को हटा देना चाहिए क्योंकि वहां आवास का नहीं कमरे का निर्माण हो रहा है। यह ऐसा कमरा होगा जिसमें मां, बाप, बेटा, बेटी, बहू यानि पूरा परिवार रहेगा जबकि हम कह सकते हैं कि यह 10x15 का कमरा भी नहीं है और हम इसे आवास योजना कह रहे हैं। मैं माननीय वित्त मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि इसकी संख्या आधी कर दीजिए लेकिन सही आवास निर्माण के लिए गरीबों के लिए कम से कम एक लाख रुपया खर्च कीजिए, जहां उसका मवेशी भी रह सके, जहां वह खाना भी बना सके, जहां उसके स्नान और शौचालय के लिए जगह हो।

महोदय, नरेगा के माध्यम से कहा जा रहा है कि हम गांव में रहने वाले हिन्दुस्तान के सारे लोगों को रोजगार की गारंटी देते हैं और उनके लिए 39,000 करोड़ रुपया रखा गया है। सिर्फ 39,000 करोड़ रुपया रखा गया जबकि मजदूरी 60 रुपए से बढ़कर सौ रुपए हो गई है। अगर हम भारत के केवल बीपीएल लोगों की ही गणना करें तो इससे साढ़े चार करोड़ लोगों में से केवल ढाई करोड़ लोगों को ही रोजगार मिल पाएगा। क्या हम दो करोड़ से अधिक लोगों को सौ दिन का रोजगार नहीं दे सकते? मैं केवल एक बात कहकर अपनी बात समाप्त करना चाहता हूं कि अगर कृषि उत्पादन बढ़ाना है तो बजट में स्पष्ट करना पड़ेगा। अगर किसानों को 6-7 प्रतिशत ब्याज की दर से कर्ज मिलेगा तो आमदनी नहीं बढ़ेगी। उनको कम से कम चार प्रतिशत ब्याज की दर से ऋण मिलना चाहिए। ...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN : Please conclude.

श्री जगदानंद सिंह : महोदय, सबसे बड़ी बात किसान मूल्य आयोग की है, जो कमोडिटीज के दाम तय करता है। भारत सरकार धान, गेहूं, चावल का कम से कम आयोग की अनुशंसा के आलोक में मिनिमम सपोर्ट प्राइस दे, नहीं तो किसान डिस्ट्रेस सैल में जाएगा, रीजनल इम्बैलेंस और बढ़ता जाएगा, धनवानों से गरीबों की दूरी और बढ़ती जाएगी, भारत में गरीबी और बढ़ती जाएगी और एक ऐसा समय आएगा जब गरीबों की बढ़ती संख्या भारत के लिए एक खतरा बन जाएगी।

जहां तक बिहार की बात है, यह रीजनल इम्बैलेंसिस का सबसे बड़ा उदाहरण है। अगर बिहार को आगे ले जाना है तो विशेष राज्य का दर्जा देना पड़ेगा। बिहार के बंटवारे के वक्त 1,80,000 करोड़ रुपया कहा गया था...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: Please conclude. Shri Jagdanand Singh, thank you very much. Please take your seat.

...(*Interruptions*)

श्री जगदानंद सिंह : लेकिन इससे कहीं अधिक क्षतिपूर्ति की राशि देनी पड़ेगी। बिहार को राष्ट्र के औसत पैमाने पर लाने के लिए वार्षिक योजना बनानी पड़ेगी।

आपने मुझे बोलने का समय दिया इसके लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूं।

MR. CHAIRMAN: Hon. Members, if any hon. Member wants to lay his speech on the Table of the House, he can do so because a large number of speakers are there in the list. We are sitting only up to 8 o'clock.

...(*Interruptions*)

SHRIMATI PRIYA DUTT* (MUMBAI NORTH-CENTRAL): Sir, I thank you for giving me this opportunity to express my thoughts on the General Budget presented by Hon'ble Minister of Finance. I would like to congratulate Hon'ble Madam Sonia Gandhi Ji, Hon'ble Prime Minister and Hon'ble Finance Minister for an inclusive Budget which focuses on inclusive development of the country. The uniqueness of the Budget is that it puts a special emphasis on poor and downtrodden. I wish to congratulate the Hon'ble Finance Minister for his effort to facilitate domestic demand-driven growth, trying to create newer job opportunities and reach out to rural and urban poor.

As far as food security is concerned, the National Food Security Act is being carried out in all earnest to provide grains to BPL families at Rs. 3 per kilogram for 25 kilograms of grain per month. This will curb hunger no doubt, but will it maintain health, prevent malnutrition? At the United Nations Millennium Summit, 189 member States of United National General Assembly including our very own India committed to reduce poverty, improve health, promote peace, and promote human rights and environmental stability. The Millennium Development Goals drawn from the Millennium Declaration thereof thus singed and set out eight goals and quantifiable time − bound targets to reduce poverty, hunger, ill health, gender inequality, improve access to education, clean water and environment for all by the year 2015. I think we should introduce the concept of nutrition security alongwith food security. Our short-term objective should be food security and medium and long term objective should be food and nutrition security.

Sir, I represent the city of Mumbai and, therefore, I feel it my duty to highlight the problems being faced by the people of Mumbai, Madam Mumbai is a vibrant metropolis, it is also the Financial Capital of the country. People from all over the country come to Mumbai for livelihood. This is putting a heavy pressure on the existing infrastructure of the city. I would like to thank the Finance Minister for allocating Rs. 3,973 crore in this year's budget for urban infrastructure including provision for urban housing under the Rajiv Awas Yojana. Our Finance Minister has also stated that he intends to make the country slum free within a period of five years. I think Madam, this is a huge task considering the fact the lakhs of people are living in slums in Mumbai. I would, therefore, request Hon'ble Finance Minister to allocate a special fund for rehabilitation of the slums of Mumbai. The biggest problem we face is that many of these slums are situated on central Government land and are declared as encroachments but many have been in existence there for more than 50 years. Madam a national policy involving state government and central government on a cost sharing basis for the rehabilitation of the people is needed if we want to accomplish the task of a slum free India.

Sir, if an agreement is reached between the Urban Development Minister, the Railway Ministry, Defence Ministry and the State Government for cost sharing, as was done by the airport authorities for the development for the airport land in Mumbai this problem can be solved. Lakhs of persons will get roof over their heads. Their children can live with dignity.

I would like to thank the Finance Minister for allocating Rs. 500 crore for the Brihan Mumbai Storm Water Drainage Project (BRIMSTOWA). I would request that this project should be completed at the earliest and within a stipulated time period.

Sir, I would like to thank the Finance Minister ushering the movement of women's self help group in rural areas, I would like to request for a similar project for the urban areas. Madam, this budget has a focus on the weaker section of the society, but I see no mention of the disabled, I feel that the disabled are the weakest of the weak in our society and need special attention, may it be in education, employment, health and infrastructure.

I want to draw the attention of Hon'ble Minister that The Persons with disability Act is not fully implemented. Many posts reserved for disabled persons under this Act in various Government institution are not filled. This Act also provides that public places to be made disabled friendly. But, I feel there is hardly any work done in this direction. The maintenance and Welfare of Senior Citizen Act provides for having one old age home in every district. However, I do not find that there much progress in this account either.

Sir, Health for All by 2020 is a target, which we have given to ourselves. But as of now I feel that we are quiet far from achieving the target. Still in rural areas there is hardly any medical facility available. I thank the Finance Minister for allocating additional Rs. 2075 crore over Rs. 12,070 crores for this mission.

Sir, in rural areas the biggest problem is non-availability of qualified doctors. I think if a system of compulsory internship in rural areas for all graduate doctors is introduced, we can to some extent take care of the problem. This problem has to be urgently attended to. Due to non-availability of a reliable medical system in the rural areas the poor people of rural areas have no option but to go urban areas for treatment. This is putting huge pressure on the urban hospitals. Government hospitals in urban areas are also ill equipped. I, therefore, request you that a National Urban Health Mission should also be started.

Sir, cancer is becoming one of the biggest killer in India. The problem in India is that cancer is never detected in early stages. Breast cancer and cervical cancer amongst women is increasing day by day. Breast cancer cases are rising alarming high, especially in urban India, where 1 in 30 women is at risk of getting breast cancer in her lifetime. In rural areas the breast cancer ratio is 1 in 70. 75% of all breast cancers diagnosed in India are already so advanced due to late detection making survival rates low. Estimated 1,00,000 new cases of Breast cancer expected in India each year.

There is hardly any knowledge about breast cancer and cervical cancer amongst women. Moreover, even when the cancer is detected, the treatment is very expensive. Most of the people cannot afford the treatment. I, therefore, request that cancer treatment should be made free in Government hospitals. Moreover, there should be a massive awareness campaign for breast and cervical cancer.

Sir, while our country has progressed no doubt on many development makers, chronic hunger related malnutrition and compromised chronic health related situations persist even today. Every one out of two children and every one out of three adult women suffer from malnutrition. To reach the target of reducing maternal mortality, infant and child mortality, the supply of grain, as suggested at Rs. 3 may not be enough. The quality of food provided in Mid-day Meal Program should be improved. I suggest that at least 200 ml. of milk per child should be provided in addition to the food presently being provided. The other nutritional requirements like vitamins, minerals and regulated amounts of proteins and fats will have to be ensured through the PDS and awareness towards this end initiated. I thus request the hon. Finance Minister to consider fortifying grains and supply such elements to effectively reach the said targets.

Sir, the Central Government have given many welfare schemes but unfortunately most of the schemes are not properly implemented. The key for the Government to reach its desired target is to ensure systems in place to monitor the implementation of the various schemes and funds allocated for various projects, specially infrastructure projects if delayed due to red tapism increases costs tremendously thus making the said project unviable, we have seen that happen with many projects in the past. Madam, very strict action must be taken against those involved in corruption, which causes loss of crores of rupees of the public money and takes away from the development plans of the Nation. This should be considered as crimes against the Nation.

श्री अधलराव पाटील शिवाजी (शिरूर): माननीय सभापति महोदय, माननीय वित्त मंत्री जी ने देश के सामने 15वीं लोकसभा का पहला बजट पेश किया है। इस देश की जनता खास तौर से गरीब किसान, कर्मचारी चाहते थे कि इस बजट में गरीबों के लिए कुछ राहत मिले। पहली बार यूपीए सरकार को इस देश की जनता ने काफी वोटों से जिताया क्योंकि सबको काफी उम्मीदें थी कि यह सरकार गरीबों के लिए खास योजना लाएगी। मैं जनता की तरफ से बोल रहा हूं और मुझे काफी निराशा हुई है कि जनता का धन्यवाद व्यक्त करने का सरकार ने सुनहरा मौका गंवा दिया है। किसानों के लिए ऋण की जो योजनाएं बनाई गई हैं, मैं नहीं समझता कि इसका फायदा किसानों को हुआ है।

Sir, in my constituency, a lot of industrialization has taken place. Now, because of liberalization in industry, a lot of industries are shifting towards tax holiday area; and because of that most of the companies which are settled in Pune and in Maharashtra are closing their companies and are shifting to tax holiday area.

19.00 hrs.

The result is that a lot of employees are becoming jobless even after working for ten years and so on. If a company is closed, the employees have problems. So, I would like the Government to look into this problem seriously.

